आज का मौसम
$23.0^0$ अधिकतम तापमान
$11.0^0$ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 07.00
सूर्यास्त 05.52

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार
# अमृत विचार
| बरेली |

www.amritvichar.com
2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

माघ शुक्ल पक्ष पूर्णिमा 03:39 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2082
रविवार, 1 फरवरी 2026, वर्ष 7, अंक 68, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बोले- टीएमसी से ज्यादा भ्रष्ट कोई सरकार नहीं
- 12




एसबीआई चेयरमैन सीएस शेट्टी ने कहा- बैंक जमा निवेश पर समान कर हो लागू
- 12



अमेरिकी जंगी बेड़े के करीब ईरान करेगा युद्धाभ्यास एलान से तनाव
- 13



दिल्ली को एलिमिनेटर में जगह बनाने से रोकने उतरेगी यूपी
- 14

# उद्योग जगत उत्तर प्रदेश की खुशहाली का सबसे बड़ा साझेदार: मुख्यमंत्री

## सीएम योगी ने उद्योग बंधु को प्रभावी बनाने और समस्याओं के त्वरित समाधान के दिए सख्त निर्देश

- कहा- यूपी में निवेश राष्ट्रहित में किया गया निवेश है, सीएसआर से विकास में सहभागी बनें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में किया गया निवेश केवल किसी एक राज्य में निवेश नहीं, बल्कि राष्ट्रहित में किया गया निवेश है। रोजगार सृजन, आत्मनिर्भर भारत के संकल्प और प्रदेश की समग्र खुशहाली में उद्योग जगत सरकार का सबसे बड़ा साझेदार है। उन्होंने अधिकारियों को उद्योग बंधु को और प्रभावी बनाने समेत हर समस्या का समयबद्ध समाधान करने के सख्त निर्देश दिए।

उद्योग बंधु की एनेक्सी में शनिवार को राज्यस्तरीय उद्योग संगठनों और प्रमुख उद्यमियों के साथ हुई विशेष बैठक में योगी ने कहा कि प्रदेश सरकार उद्योगों को केवल निवेशक नहीं, बल्कि विकास की साझेदारी का अभिन्न हिस्सा मानती है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि उत्तर प्रदेश में निवेश करने वाला हर उद्यमी सरकार को नीति, इंफ्रास्ट्रक्चर और प्रशासन तीनों स्तरों पर अपने साथ खड़ा पाएगा। मुख्यमंत्री ने उद्योग समूहों से सीएसआर के माध्यम से प्रदेश के सामाजिक व आर्थिक विकास में सहभागी बनने का आह्वान किया। कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय अधोसंरचना जैसे क्षेत्रों में उद्योगों का योगदान प्रदेश के समावेशी विकास को नई गति दे सकता है। एमएसएमई सेक्टर पर विशेष जोर देते हुए कहा कि नवाचार, पैकेजिंग, डिजाइनिंग और एक्सपोर्ट प्रमोशन को मजबूत किए बिना वैश्विक प्रतिस्पर्धा संभव नहीं है। उन्होंने उद्योग समूहों से इन क्षेत्रों में व्यावहारिक सुझाव देने और सरकार के साथ मिलकर काम करने का आग्रह किया। टेक्सटाइल और रेडीमेड गारमेंट्स सेक्टर में महिलाओं की बड़ी भागीदारी का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि इस क्षेत्र में महिलाओं के लिए और अधिक रोजगार अवसर सृजित किए जाने चाहिए।



उद्योग बंधु की राज्यस्तरीय उद्योग संगठनों और प्रमुख उद्यमियों के साथ आयोजित विशेष बैठक में मुख्यमंत्री योगी।

### यूपी की औद्योगिक उड़ान

- देश के एक्सप्रेस-वे नेटवर्क का लगभग 55% यूपी में, कुल लंबाई करीब 1225 किमी।
- प्रदेश में चार अंतर्राष्ट्रीय सहित 16 हवाई अड्डे संचालित, जेवर एयरपोर्ट निर्माणाधीन।
- वर्ष 2023-24 में निर्यात बढ़कर 1.86 लाख करोड़, 100% से अधिक वृद्धि।
- पंजीकृत फैक्ट्रियां : 2003 में 8,980 अब लगभग 27,000।
- 4 ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के जरिए 15 लाख करोड़ से अधिक निवेश का क्रियान्वयन।
- अगले दो वर्षों में 5,000 करोड़ से 185 औद्योगिक क्लस्टरों का उन्नयन।

### मंडल व राज्य स्तर पर नियमित बैठकें अनिवार्य

योगी ने निर्देश दिए कि उद्योग बंधु की हर माह जिलों की बैठक में डीएम-एसपी रहेंगे, जबकि उद्योग बंधु की राज्यस्तरीय बैठक केवल लखनऊ तक सीमित न रहे। अन्य मंडल मुख्यालयों पर भी आयोजित की जाए। कमिश्नरी स्तर पर मंडलायुक्त एवं एडीजी/आईजी की उपस्थिति में प्रत्येक दो माह में उद्योग बंधु की बैठक अनिवार्य रूप से आयोजित होगी। इन बैठकों में संबंधित मंत्री गणों के साथ इन्वेस्ट यूपी के सीईओ व अवस्थापना और औद्योगिक विकास से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। वहीं राज्यस्तर पर प्रत्येक तिमाही बैठक मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक की उपस्थिति में आयोजित की जाएगी।

### इंसेंटिव का वितरण पारदर्शी और समयबद्ध होगा

योगी ने उद्यमियों को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार की औद्योगिक नीतियों के अनुरूप इंसेंटिव का वितरण पारदर्शी और समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि घोषित प्रोत्साहनों का लाभ उद्योगों तक बिना देरी पहुंचे, यह सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने खिलौना उद्योग की व्यापक संभावनाओं की ओर ध्यान दिलाते हुए प्रदेश में टॉय पार्क के विकास की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने प्रमुख सचिव आवास को निर्देश दिए कि आवासीय पार्किंग के लिए उपयोग की जा रही भूमि पर अनावश्यक कर न लिया जाए, ताकि नागरिकों और उद्योग से जुड़े लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ न पड़े।

# घने कोहरे और बर्फीली हवा के साथ फिर लौटी कड़ाके की ठंड

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- तीन दिन बारिश के आसार, कई जिलों में घना कोहरा, दृश्यता 10 मीटर तक घटी, पारे में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की गिरावट

**अमृत विचार :** प्रदेश में शनिवार को एक बार फिर ठंड ने जोर पकड़ लिया। कोहरे और बर्फीली हवा के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। लखनऊ समेत कई जिलों में सुबह घना कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता बेहद कम हो गई। मौसम विभाग ने रविवार से अगले तीन दिनों तक पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश की संभावना भी जताई है।

बारिश और ओलावृष्टि के बाद ठंड का असर और तेज हो गया है। लखनऊ, कानपुर, आगरा, बरेली, गाजियाबाद सहित कई जिलों में शनिवार सुबह से घना कोहरा छाया रहा। अनेक स्थानों पर दृश्यता घटकर मात्र 10 मीटर तक रह गई। बर्फीली हवा के कारण न्यूनतम तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। सुबह और शाम गलन बढ़ गई है, जिससे सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। लोग गर्म कपड़ों और अलाव का सहारा लेते नजर आए। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि 31 जनवरी तक कोहरे में और बढ़ोतरी हो सकती है तथा कुछ क्षेत्रों में घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। उन्होंने बताया कि फरवरी के पहले सप्ताह में एक नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से एक से तीन फरवरी के बीच प्रदेश के दोनों संभागों में बारिश हो सकती है। वैज्ञानिकों के अनुसार इस दौरान दिन के तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी संभव है, जिससे कोहरे से आंशिक राहत मिलेगी। हालांकि चार फरवरी से तापमान में फिर हल्की गिरावट के आसार हैं। शुक्रवार को न्यूनतम आठ डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ बुलंदशहर प्रदेश का सबसे ठंडा जिला रहा, जबकि अधिकतम 21.9 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ आगरा सबसे गर्म दर्ज किया गया।

### मौसम विभाग का इन जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट

मौसम विभाग ने कई जिलों कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल और बदायूं में घने कोहरे को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है और वाहन चालकों को सतर्कता बरतने की सलाह दी है।

### उत्तर भारत में आज से बारिश के आसार

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत में रविवार से बारिश होने के संभावना है। एक के बाद एक, दो पश्चिमी विक्षोभ के असर से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में 31 जनवरी से 3 फरवरी के दौरान मध्यम से तेज बारिश के साथ बर्फबारी देखने को मिल सकता है। वहीं, उत्तर-पश्चिम भारत और मध्य भारत के आस-पास के मैदानी इलाकों में हल्की से मध्यम अलग-अलग जगहों छिटपुट बहारिश होने की संभावना है।




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, युवाओं का नया गणित बचत पीछे, खर्चे आगे व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

## ब्रीफ न्यूज

### रैगिंग में एमबीबीएस के आठ छात्र निलंबित

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के जबलपुर स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज के प्रथम वर्ष के एक छात्र की रैगिंग करने के मामले में एमबीबीएस के आठ छात्रों को छह महीने के लिए निलंबित कर दिया गया है। पीड़ित द्वारा शिकायत दर्ज कराने के बाद कॉलेज की रैगिंग रोधी समिति ने जांच की और आरोपों को सही पाया। एमबीबीएस के तीसरे वर्ष के छात्रों नवदीप चौधरी, प्रकाश बावरिया, विक्रम सिंह मीणा, धर्मेंद्र कुशवाह, केशव गौतम, सुदीप जायसवाल, नवनीत कुशवाह और रवि मीणा को छात्रावास से निष्कासित कर दिया गया है और प्रत्येक पर 10,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

# सीतारमण आज पेश करेंगी आम बजट, बहुप्रतीक्षित सीमा शुल्क सुधारों पर होंगीं निगाहें

नई दिल्ली, एजेंसी

- वित्त मंत्री लगातार 9वां बजट पेश कर बनाएंगी एक नया रिकॉर्ड



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अपना लगातार नौवां बजट पेश कर एक नया रिकॉर्ड बनाएंगी। इस बार सभी की निगाहें बहुप्रतीक्षित सीमा शुल्क सुधारों पर टिकी होंगी। सीतारमण ने 2019 में अपने पहले बजट में दशकों से चले आ रहे चमड़े के ब्रीफकेस की जगह लाल कपड़े में लिपटे पारंपरिक 'बही-खाता' का अनुकरण किया था। पिछले चार वर्षों की तरह इस साल का बजट भी डिजिटल रूप से पेश करेंगी।

आम बजट 26 में वे प्रमुख रूप से जिन आंकड़ों पर नजर होगी उनमें मुख्य रूप से राजकोषीय घाटा शामिल है। सरकार के कुल खर्च और आय के बीच का अंतर राजकोषीय घाटा कहलाता है। चालू वित्त वर्ष (2025-26) के लिए इसके जीडीपी के 4.4 प्रतिशत पर रहने का अनुमान लगाया गया है। बजट में 4.5 प्रतिशत से नीचे का लक्ष्य हासिल करने के बाद, बाजार अब कर्ज-जीडीपी अनुपात में कमी की दिशा में आगे बढ़ने के लिए सटीक आंकड़ों का इंतजार कर रहा है। उम्मीद है कि सरकार वित्त वर्ष 2026-27 के लिए चार प्रतिशत के राजकोषीय घाटे की घोषणा कर सकती है। पूंजीगत व्ययः चालू वित्त वर्ष के लिए सरकार का नियोजित पूंजीगत व्यय 11.2 लाख करोड़ रुपये तय किया गया है। निजी क्षेत्र के निवेशकों की सावधानी को देखते हुए, सरकार आगामी बजट में बुनियादी ढांचे पर खर्च को बनाए रख सकती है और इसमें 10-15 प्रतिशत की वृद्धि कर सकती है। यह राशि 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक होने की संभावना है। कर्ज की रूपरेखा के तहत वित्त मंत्री ने 2024-25 के बजट भाषण में कहा था कि वित्त वर्ष 2026-27 से राजकोषीय नीति का प्रयास केंद्र सरकार के कर्ज को जीडीपी के प्रतिशत के रूप में कम करने का होगा। बाजार यह देखना चाहेगा कि सरकार कर्ज-जीडीपी अनुपात को कब तक 60% के लक्ष्य तक लाने की बात कहती है। 2024 में यह अनुपात 85 प्रतिशत था, जिसमें केंद्र का हिस्सा 57% था।

# महाराष्ट्र की पहली महिला डिप्टी सीएम बनीं सुनेत्रा पवार

- अजित पवार के निधन के चौथे दिन ली शपथ, नहीं पहुंचे शरद पवार

मुंबई, एजेंसी



राकांपा के दिवंगत अध्यक्ष अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार (62) ने शनिवार को मुंबई में एक समारोह में महाराष्ट्र की पहली महिला उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।

राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे चुकीं सुनेत्रा को यहां लोकभवन में एक संक्षिप्त समारोह में राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इससे पहले दिन में, उन्हें औपचारिक रूप से राकांपा विधायक दल का नेता चुना गया। भाजपा, एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना और अजित पवार नीत राकांपा के घटक वाली 'महायुति' सरकार में अजित पवार उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री थे। उनकी 28 जनवरी को बारामती में एक विमान दुर्घटना में मृत्यु हो गई। सुनेत्रा पवार जब शपथ लेने के लिए उठीं तो 'अजित दादा अमर रहें' जैसे नारे लगाए गए। सुनेत्रा पवार के छोटे बेटे जय पवार और उनकी पत्नी भी शपथग्रहण समारोह में मौजूद थीं। सुनेत्रा राज्य विधानमंडल के किसी भी सदन की सदस्य नहीं हैं। उनके बारामती विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने की संभावना है जो अजित के निधन से खाली हुई है। चर्चाओं से दूर रहने वाली सुनेत्रा ने 2024 के लोकसभा चुनाव में अपने चुनावी करियर की शुरुआत की थी।

### प्रधानमंत्री मोदी व सीएम योगी ने दी बधाई

**नई दिल्ली/लखनऊ।** प्रधानमंत्री मोदी ने महाराष्ट्र की पहली महिला उपमुख्यमंत्री के रूप में पदभार ग्रहण करने पर सुनेत्रा पवार को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि वह राज्य के लोगों की भलाई के के साथ दिवंगत अजितदादा पवार के विजन को पूरा करेंगी। वहीं, मुख्यमंत्री योगी ने भी सुनेत्रा अजित पवार को हार्दिक बधाई।

# कोडीन कफ सिरप : भोला की 5.77 करोड़ की संपत्ति जब्त

**वाराणसी/सोनभद्र।** सोनभद्र जिले की पुलिस ने अवैध नशीले कफ सिरप मामले में शनिवार को वाराणसी में भोला जायसवाल और उसके परिजनों की कुल पांच करोड़ 77 लाख से अधिक की संपत्ति कुर्क की। सोनभद्र के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अभिषेक वर्मा ने बताया कि राबर्ट्सगंज पुलिस थाने में पंजीकृत अभियोग के तहत अभियुक्त भोला प्रसाद जायसवाल के वाराणसी के मडौली, भरलाई और जगदीशपुर क्षेत्रों में 4.55 करोड़ रुपये की कुल सात अचल संपत्तियां और 51.16 लाख रुपये मूल्य के चार वाहन कुर्क किये गए हैं। इसके अलावा बैंक खातों में जमा 70,99,228 रुपये को भी कुर्क किया गया है। कुर्क की गई चल-अचल संपत्तियों की कुल कीमत 5,77,17,990 रुपये बताई गई है।

# तंबाकू-पान मसाला का सेवन आज से होगा महंगा

- तंबाकू पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क, पान मसाला पर स्वास्थ्य उपकर आज से प्रभावी

**नई दिल्ली।** सिगरेट व तंबाकू उत्पादों पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क तथा पान मसाला पर स्वास्थ्य उपकर एक फरवरी से लागू हो जाएगा। यह जीएसटी की उच्चतम 40 प्रतिशत की दर के ऊपर लगाया जाएगा।

ये उपकर और उत्पाद शुल्क इन हानिकारक वस्तुओं पर एक जुलाई 2017 से लागू 28 प्रतिशत जीएसटी और क्षतिपूर्ति उपकर का स्थान लेंगे। इसके अलावा, एक फरवरी से तंबाकू उत्पादों (चबाने वाला तंबाकू, फिल्टर खैनी, जर्दा युक्त सुगंधित तंबाकू और गुटखा) के लिए अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) आधारित मूल्यांकन की नई व्यवस्था शुरू होगी। इसके तहत जीएसटी का निर्धारण पैकेट पर घोषित खुदरा बिक्री मूल्य के आधार पर किया जाएगा। पान मसाला निर्माताओं को एक फरवरी से स्वास्थ्य और राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर कानून के तहत नया पंजीकरण कराना होगा।

ऐसे उत्पादों के निर्माताओं को सभी पैकिंग मशीनों को कवर करने वाली एक कार्यशील सीसीटीवी प्रणाली लगानी होगी और इसकी फुटेज को कम से कम 24 महीनों तक सुरक्षित रखना होगा। उन्हें उत्पाद शुल्क अधिकारियों को मशीनों की संख्या और उनकी क्षमता की जानकारी भी देनी होगी।

### सिगरेट की लंबाई के आधार पर उत्पाद शुल्क

एक फरवरी से प्रभावी केंद्रीय उत्पाद शुल्क अधिनियम में संशोधन कर सिगरेट की लंबाई के आधार पर 2.05 रुपये से 8.50 रुपये प्रति स्टिक तक उत्पाद शुल्क लगाया गया है। इसके अलावा, स्वास्थ्य और राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर कानून पान मसाला इकाइयों की उत्पादन क्षमता पर उपकर लगाता है।

# रिबाकिना ने सबालेंका को हराकर आस्ट्रेलियाई ओपन खिताब जीता

मेलबर्न, एजेंसी



एलेना रिबाकिना ने दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका को हराकर शनिवार को आस्ट्रेलियाई ओपन महिला एकल खिताब जीत लिया जो उनके कैरियर का दूसरा ग्रैंडस्लैम है। रिबाकिना ने 6-4, 4-6, 6-4 से जीत दर्ज करके 2023 फाइनल में सबालेंका के हाथों यहां मिली हार का बदला भी चुकता कर दिया।

जीत के बाद 26 वर्ष की रिबाकिना ने कहा मेरा दिल बहुत तेज धड़क रहा है । चेहरे से भले ही पता नहीं चले लेकिन भीतर काफी जज्बात उमड़ रहे हैं। मॉस्को में जन्मी लेकिन कजाखस्तान के लिये खेले वाली इस खिलाड़ी ने कहा मेरे पास यह अच्छा मौका था और मैंने इसे भुनाया। दो दिन पहले सेमीफाइनल में जेसिका पेगुला को हराने वाली रिबाकिना ने चार साल पहले आस्ट्रेलियाई ओपन फाइनल में पहला सेट जीता था लेकिन तीन सेट में हार गई थी।


इस बार पहला सेट जीतने के बाद वह दूसरा सेट हारी और तीसरे में 0-3 से पीछे थी, लेकिन लगातार पांच गेम जीतकर वापसी की। पांचवीं वरीयता प्राप्त रिबाकिना का यह दूसरा ग्रैंडस्लैम है जिन्होंने 2022 में विम्बलडन जीता था।

साक्षात्कार

केंद्रीय मंत्री ने कहा- भारत और ईयू एफटीए से यूरोप को भारतीय निर्यात पांच वर्षों में बढ़कर दोगुना होने की उम्मीद

# ईयू के बाद अब अमेरिका की बारी, जल्द होगी दमदार ट्रेड डील : गोयल

नई दिल्ली, एजेंसी



भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए बातचीत सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रही है और दोनों देश इसे जल्द पूरा करने के लिए काम कर रहे हैं। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने भरोसा जताया कि निकट भविष्य में इस मोर्चे पर अच्छी खबर दी जाएगी।

गोयल ने एक साक्षात्कार में कहा, हर मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) अपनी शर्तों और खूबियों पर टिका होता है। हमारी बातचीत बहुत अच्छी चल रही है। अमेरिका में मेरे समकक्ष और मेरे बीच बहुत ही शानदार कामकाजी संबंध और व्यक्तिगत मित्रता है। हम इस समझौते को जल्द से जल्द पूरा करने की दिशा में काम कर रहे हैं। जब उनसे पूछा गया कि मदर ऑफ ऑल डील्स (भारत-ईयू समझौता) के बाद अब भारत और अमेरिका के बीच फादर ऑफ ऑल डील्स कब तक हकीकत बनेगी, तो उन्होंने कहा कि व्यापार समझौतों के लिए कभी कोई समय सीमा तय नहीं की जाती। इन्हें दोनों देशों के हितों को ध्यान में रखते हुए सही समय पर अंतिम रूप दिया जाएगा। एफटीए से यूरोप को भारतीय निर्यात पांच वर्षों में बढ़कर दोगुना होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि अगले सप्ताह वाशिंगटन की अपनी निर्धारित यात्रा से पहले, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर के साथ व्यापार, महत्वपूर्ण खनिजों और रक्षा सहित द्विपक्षीय संबंधों के प्रमुख आयामों पर चर्चा की। उम्मीद है कि वह अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। क्या रूसी तेल की खरीद दोनों देशों के रिश्तों में कड़वाहट का कारण है, कहा, मुझे नहीं लगता कि यह कोई बाधा या अड़चन है। कुछ गलतफहमियां हो सकती थीं, जिन्हें काफी हद तक सुलझा लिया गया है।

### केंद्रीय वाणिज्य मंत्री बोले- मां 28 बच्चों का ख्याल रखेगी

**नई दिल्ली।** पीयूष गोयल ने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच हुआ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) अगले पांच वर्षों में यूरोप को होने वाले देश के निर्यात को दोगुना कर देगा। उन्होंने इस ऐतिहासिक समझौते को मदर ऑफ ऑल डील्स करार देते हुए कहा कि मां दयालु और प्रेममयी होगी और यह सुनिश्चित करेगी कि इसके सभी 28 बच्चों (भारत और यूरोपीय संघ के 27 देश) को इस समझौते से लाभ हो। भारत-यूरोपीय संघ एफटीए को व्यापक रूप से मदर ऑफ ऑल डील्स कहा जा रहा है। दोनों पक्षों ने घोषणा की है कि समझौते के लिए बातचीत पूरी हो चुकी है और इसके इसी साल लागू होने की संभावना है। गोयल ने कहा कि यूरोपीय संघ को होने वाले वस्तु और सेवा निर्यात में भारत पहले से ही व्यापार अधिशेष की स्थिति में है। अब, समझौते के लागू होने के पहले ही दिन से भारत के 99 प्रतिशत निर्यात को यूरोपीय संघ में शुल्क मुक्त पहुंच मिलेगी। इससे अगले पांच वर्षों में देश का निर्यात दोगुना होने की संभावना है। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत का वस्तु निर्यात 76 अरब डॉलर और सेवा निर्यात 46 अरब डॉलर था।

न्यूज ब्रीफ

### चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**तिलहर, अमृत विचार** : नगर के मोहल्ला इमली निवासी कल्लू ने कोतवाली मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह उसका पुत्र सोहेल मोहल्ले में ही अपनी बेटी मोनी के घर गया था। तभी धूमपाल, उमेश, हरिओम, अंकित निवासी इमली ने उसे गालियां देते हुए लाठी डंडों से बुरी तरह पीटा। इसके बाद सभी उसके दरवाजे पर आए और गंदी गालियां देते हुए उसके पोता आयन, गुड्डू सहित अन्य परिवार के लोगों को बुरी तरह मारापीटा, जिसमें सभी के चोटें आई हैं।

### परामर्श केंद्र पर दंपती का समझौता

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : पुलिस लाइन में महिला परामर्श केंद्र पर 18 पत्रावली की सुनवाई की गयी, जिसमें एक दंपती का समझौता हुआ। थाना बंडा क्षेत्र के एक दंपती जिनकी शादी लगभग 17 वर्ष पूर्व हुई थी। महिला ने बताया कि उसका तीन वर्ष का बेटा है। महिला दो माह से पति से अलग रह रही थी। दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया और दोनों पक्षों की आपस में वार्ता कराई गई। दोनों पक्षों ने समझौता कर लिया है। इस मौके पर महिला उप निरीक्षक मधु यादव, मुख्य आरक्षी चन्द्रकान्ता, सिपाही मोनिका, परामर्शदाता अंशु रजानी, शशिप्रभा आदि मौजूद रही

### प्राइवेट किताबें हों बंद

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : कस्बा तिलहर के समाजसेवी कौशल कुमार गुप्ता ने शिक्षा मंत्री भारत सरकार को पत्र भेजकर स्कूलों में प्राइवेट किताबें बंद कराने की मांग की है। प्राइवेट स्कूलों में किताबें काफी महंगी हो गई हैं और हर वर्ष कोर्स बदल दिया जाता है। इससे अभिभावकों पर असर पड़ता है।

# अंतिम चेतावनी के बाद नाले पर बनी दुकानों को खुद ही ढहाना किया शुरू

## नगर निगम की सख्ती के बाद मालगोदाम रोड पर हटाया गया अतिक्रमण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार**: नगर निगम की ओर से दिए गए तीन दिन के अल्टीमेटम के बाद मालगोदाम रोड स्थित सूर्यालाज वाली गली में नाले पर बनी अवैध दुकानों को दुकानदारों ने स्वयं ढहाना शुरू कर दिया। जेसीबी कार्रवाई से पहले दुकानदारों ने दुकानों से सामान निकालकर अतिक्रमण हटाना शुरू किया। नगर निगम की योजना के तहत मालगोदाम रोड से अंबेडकर पार्क होते हुए आवास विकास कॉलोनी तिराहे तक सड़क को चौड़ा किया जाना है।

बताया गया कि मालगोदाम रोड पर सूर्यालाज वाली गली के पास नाले पर दुकानों का निर्माण किया गया था। इससे नाले का पानी सड़क पर भर जाता था और लोगों का निकलना मुश्किल हो जाता था। गली में स्थित दूध डेयरी संचालकों की ओर से गोबर नाले में बहाने के कारण नाले और नालियां चोक हो गई थीं, जिससे बदबू फैलने लगी थी।

क्षेत्रीय लोगों ने इसकी शिकायत नगर निगम से की थी। शिकायत के बाद नगर निगम ने दुकानदारों को चेतावनी दी थी कि वे स्वयं अतिक्रमण हटा लें, अन्यथा जेसीबी से दुकानों को ढहा दिया जाएगा। साथ ही सूर्यालाज वाली गली से बाल्मीकि कॉलोनी तक नाले के ऊपर बने चबूतरे हटाकर सड़क चौड़ी करने की योजना बनाई गई। शनिवार सुबह आठ बजे कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना और सहायक नगर आयुक्त एस.के. सिंह ने मालगोदाम रोड का निरीक्षण किया। सड़क पर पानी भरा देखकर नाराजगी जताई गई। सहायक नगर आयुक्त ने दुकानदारों को सोमवार तक अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी थी।



मालगोदाम रोड पर अतिक्रमण हटाते दुकानदार। ● अमृत विचार

### महानगर में नालों पर कब्जा, जलनिकासी ठप

महानगर में तमाम स्थानों पर नालों पर अवैध कब्जा कर लिया गया है। कहीं नालों के ऊपर दुकानें बना दी गई हैं तो कहीं पक्के मकान खड़े कर दिए गए हैं। इन अतिक्रमणों के चलते नालों की चौड़ाई और गहराई दोनों प्रभावित हुई है, जिससे जलनिकासी व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। शहर के कई घनी आबादी वाले इलाकों में नालों को ढककर उनके ऊपर निर्माण कर लिया गया है। नालों की नियमित सफाई नहीं हो पाने के कारण गंदगी जमा हो जाती है और हल्की बारिश में ही पानी सड़कों पर भरने लगता है। इससे राहगीरों और स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नालों पर कब्जे के कारण बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या हर साल गंभीर रूप ले लेती है। कई स्थानों पर गंदा पानी घरों और दुकानों में घुस जाता है, जिससे बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। इसके बावजूद अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हो सकी है।

- तीन दिन की चेतावनी के बाद जेसीबी से पहले कार्रवाई

### काम नहीं आ रहे अभियान

नगर निगम की ओर से समय-समय पर नालों की सफाई और अतिक्रमण हटाने की बात कही जाती है, लेकिन जमीनी स्तर पर नालों पर बने स्थायी निर्माण बने हुए हैं। लोगों की मांग है कि नालों को अतिक्रमण मुक्त कराकर उनकी मूल चौड़ाई में बहाल किया जाए, ताकि जलनिकासी सुचारु हो सके और शहर को जलभराव की समस्या से राहत मिल सके।

कैबिनेट मंत्री की ओर से मालगोदाम रोड से अंबेडकर पार्क होते हुए आवास विकास कॉलोनी तिराहे तक सड़क चौड़ीकरण के निर्देश दिए गए, क्योंकि यहां आए दिन जाम की समस्या बनी रहती है। नगर निगम की टीम के लौटने के बाद दुकानदारों ने स्वयं दुकानों को तोड़ना शुरू कर दिया। सहायक नगर आयुक्त एसके सिंह ने बताया कि मंगलवार को शेष दुकानों को ढहा दिया जाएगा। चेतावनी के बाद दुकानदारों ने स्वयं ही हटाना शुरू कर दिया। दुकानदारों का कहना है कि इससे उन्हें नुकसान हुआ है।

## शारदा नहर के जर्जर पुल को सही कराने की मांग

**पुवायां, अमृत विचार** : विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिंगापुर खास में शारदा नहर (हरदोई ब्रांच) पर बना पुल अब खतरे का सबब बनता जा रहा है। ब्रिटिश शासन काल में निर्मित इस पुल की जर्जर हालत को लेकर एडवोकेट सुबोध कनौजिया ने जिलाधिकारी के साथ-साथ मुख्यमंत्री को भी पत्र लिखकर गंभीर चिंता जताई है।

अधिवक्ता सुबोध कनौजिया के अनुसार, वर्षों पुराना यह पुल अब पूरी तरह से कमजोर हो चुका है। खासतौर पर पुल का पश्चिमी हिस्सा नीचे की ओर धंस गया है, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। इस पुल से प्रतिदिन सैकड़ों ग्रामीण, किसान, स्कूली बच्चे और आम नागरिक गुजरते हैं, जो लगातार खतरे के साये में सफर कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह पुल क्षेत्र का प्रमुख संपर्क मार्ग है, जिस पर दोपहिया, चार पहिया के साथ-साथ भारी कृषि वाहनों का भी नियमित आवागमन होता है। पुल की वर्तमान स्थिति को देखते हुए दुर्घटना की आशंका लगातार बनी हुई है। उन्होंने बताया कि यदि समय रहते इस ओर ध्यान न दिया गया तो भविष्य में बड़ी घटना हो सकती है।

## किसानों का हित ही हमारी प्राथमिकता : डीपीएस



हरी झंडी दिखाते चेयरमैन डीपीएस राठौर। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- नवगठित एम-पैक्स मुकरमपुर के लिए यूरिया की खेप रवाना

**अमृत विचार**: भावलखेड़ा ब्लॉक के गांव मुकरमपुर में शनिवार को नवगठित एम-पैक्स के लिए यूरिया खाद की पहली खेप रवाना कर दी गई है। इस दौरान पीसीएफ गोदाम पर आयोजित कार्यक्रम में चेयरमैन डीपीएस राठौर ने यूरिया से लदे ट्रक को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में डीपीएस राठौर ने कहा किसानों की खुशहाली और सुविधा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है, सहकारिता विभाग का संकल्प है कि अन्नदाता को खाद-बीज के लिए कतारों में न लगना पड़े और न ही दूर जाना पड़े। कार्यक्रम में सहायक आयुक्त सहकारिता अखिलेश प्रताप सिंह, डीसीबी उपाध्यक्ष अजय कुमार प्रजापति, जिला सहकारी अधिकारी हरिकेश परमार, जिला प्रबंधक पीसीएफ यशवीर चौधरी, क्षेत्रीय प्रबंधक इफको रामरतन सिंह, पैक्स सभापति हर्ष प्रजापति, सचिव सुधीर पाठक आदि लोग मौजूद रहे।

### भारतीय कृषक दल ने किया मौन चिंतन

**तिलहर, अमृत विचार** : भारतीय कृषक दल के प्रदर्शनकारियों ने शहीद कुटी में शहीदों के समक्ष बैठकर तीन घंटे तक अनोखे अंदाज में मौन चिंतन करते हुए अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। संगठन के राष्ट्रीय महासचिव प्रमोद यादव जनसेवक के नेतृत्व में शनिवार 41 वें दिन भी सत्याग्रह जारी रहा।

## यूजीसी बिल के विरोध में किया प्रदर्शन

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार**: हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) के पदाधिकारियों ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा लाए गए बिल को निरस्त कराने की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा, इस दौरान उन्होंने राजीव चौक पर हनुमान चालीसा का पाठ भी किया।

शनिवार को हिन्दू युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अवनीश मिश्रा के नेतृत्व में तमाम कार्यकर्ता राजीव चौक पहुंचे, जहां उन्होंने बिल के खिलाफ़ नारेबाजी करते हुए हनुमान चालीसा का पाठ किया। जिसके बाद सभी एकजुट होकर तहसील पहुंचे, जहां उपजिलाधिकारी पुवायां के माध्यम से राष्ट्रपति संबोधित ज्ञापन भेजा गया। ज्ञापन में कहा गया कि यूजीसी बिल से सामाजिक समरसता प्रभावित होगी। संगठन का आरोप है कि प्रस्तावित व्यवस्था से उच्च शिक्षा में समान अवसर की भावना कमजोर होगी, जिससे दलित-पिछड़े एवं सामान्य वर्ग के छात्रों के बीच असमानता बढ़ सकती है। हिंदू युवा संगठन का कहना है कि शिक्षा का उद्देश्य समाज को जोड़ना और समान अवसर उपलब्ध कराना होना चाहिए। संगठन ने मांग की कि देश में सामाजिक संतुलन और समान नागरिक अधिकारों की भावना बनाए रखने के लिए यूजीसी बिल को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए तथा सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखते हुए नई नीति बनाई जाए। इस दौरान साहिल गर्ग, प्रखर मिश्रा, शोभित जोशी, अजय द्विवेदी, वैभव यादव, प्रदीप कुमार, आनंद पांडे आदि मौजूद रहे।




प्रदर्शन करते हिंदू युवा संगठन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- राष्ट्रपति को संबोधित एसडीएम को दिया ज्ञापन

## बार एसोसिएशन की वार्षिक बैठक आयोजित

**पुवायां, अमृत विचार**: सिविल बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सिविल बार अध्यक्ष कृष्णानंद राठौर एवं महामंत्री मुकेश कुमार बीटू ने संयुक्त रूप से की। सर्वसम्मति से हरद्वारी लाल वर्मा को मुख्य चुनाव अधिकारी तथा शैलेन्द्र त्रिवेदी और सुखविंदर सिंह खिंडा को सहायक चुनाव अधिकारी मनोनीत किया गया। तय किया गया कि सिविल बार एसोसिएशन के चुनाव की औपचारिक घोषणा शीघ्र ही की जाएगी, जिसमें चुनाव कार्यक्रम की रूपरेखा निर्धारित की जाएगी।उक्त जानकारी मुकेश कुमार बीटू ने दी।

## मनरेगा बचाओ अभियान के तहत किया संपर्क




अभियान के तहत महिलाओं को जानकारी देतीं जिलाध्यक्ष अर्चना कटारिया।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार** : महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष अर्चना कटारिया के नेतृत्व में तिलहर विधानसभा के ग्राम देवरिया तालिबपुर में मनरेगा बचाव अभियान के तहत गांव की महिलाओं से संपर्क किया।

अर्चना ने आगे कहा कि आप सब भलीभांति जानती है कि इस डबल इंजन की भाजपा सरकार में महिलाएं कितनी सुरक्षित है। महिला उत्पीड़न की घटनाओं में सर्वाधिक भाजपा नेता शामिल है। इस मौके पर नन्ही देवी, राधा, अनीता देवी, नीरज, पूनम, सत्यवती, लौंगश्री, रीना, नंदनी, संगीता, शिवानी, ग्राम प्रधान वेदराम, राम सिंह, गीता देवी सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## गोमती उद्गम स्थल का होगा विकास

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार**: केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद के सतत प्रयासों से जन आस्था से जुड़े गोमती उद्गम स्थल के पुनर्जीवन, संरक्षण और सौंदर्यीकरण के लिए जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से 56.88 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। इसके तहत विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कराने के लिए वैप्कॉस लिमिटेड को दिशा निर्देश जारी किए गए हैं।


बताया गया कि गोमती नदी पीलीभीत जिले से निकलती है और इसके उद्गम स्थल माधोटांडा के संरक्षण और विकास को लेकर केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद लगातार प्रयासरत रहे। इसी के परिणामस्वरूप जल शक्ति मंत्रालय ने विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने की स्वीकृति प्रदान की है। वैप्कॉस लिमिटेड शीघ्र ही विस्तृत परियोजना रिपोर्ट बनाकर जल शक्ति मंत्रालय को प्रस्तुत करेगा। इसी रिपोर्ट के आधार पर गोमती उद्गम स्थल माधोटांडा में संरक्षण और सौंदर्यीकरण, घाटों और पाथ-वे का विकास, हरित क्षेत्र और वृक्षारोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, सांस्कृतिक और धार्मिक परिसर का विकास तथा पर्यटकों की सुविधा के लिए सुविधा केंद्र और आधारभूत ढांचे का निर्माण किया जाएगा।

केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि यह परियोजना गोमती नदी की पवित्रता और ऐतिहासिक महत्व को पुनर्स्थापित करेगी। साथ ही क्षेत्रीय विकास, पर्यटन संवर्धन और स्थानीय रोजगार सृजन के नए अवसर भी उपलब्ध कराएगी।



गोमती उद्गम स्थल। ● अमृत विचार

- केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद के प्रयासों से डीपीआर तैयार करने के निर्देश
- पर्यटन, पर्यावरण संरक्षण और रोजगार सृजन को मिलेगा बढ़ावा






## न्यूज ब्रीफ

### किशोरी से छेड़छाड़ का आरोप

**तिलहर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में 15 वर्षीय किशोरी से बुरी नीयत से पकड़ने और कपड़े फाड़ने का आरोप लगाया गया है। ग्रामीण की तहरीर के अनुसार किशोरी शनिवार सुबह बकरी चराने गांव के बाहर गई थी, जहां बकरी एक व्यक्ति के खेत में चली गई। खेत मालिक युवक ने किशोरी को दबोच लिया और दुराचार का प्रयास किया। शोर सुनकर लोग जुटने लगे तो आरोपी धमकी देते हुए भाग गया। कोतवाल जुगल किशोर पाल ने बताया कि मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है, सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

### शराब के नशे में युवक से दस हजार की लूट

**सिंधौली, अमृत विचार :** गांव बाजपुर निवासी अनूप ने कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि उसका छोटा भाई सीमेंट मौरंग मिक्सर मशीन किराए पर चलाने का काम करता है। शुक्रवार की शाम वह मिक्सर मशीन लेकर काम से घर लौट रहा था। इसी दौरान गांव के दो युवक शराब के नशे में उसके पास पहुंचे और बेवजह गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि दोनों युवकों ने उसके भाई की जेब में रखे दस हजार रुपये निकाल लिए। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और तथ्यों के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### युवक ने घर का सामान जलाया, दी तहरीर

**जैतीपुर, अमृत विचार :** कस्बा निवासी लाला उर्फ मोहन सक्सेना ने पत्नी के मायके से वापस न लौटने और कथित अभद्रता से आहत होकर शनिवार दोपहर घर का सामान जला दिया। बताया गया कि पत्नी चार-पांच महीने से दो बच्चों के साथ मायके में रह रही है। शुक्रवार को युवक घोड़ा-बुग्गी लेकर तिलहर के पास स्थित ससुराल पत्नी को विदा कराने पहुंचा, जहां गाली-गलौज होने और भेजने से इनकार का आरोप लगाया। इससे आहत होकर युवक ने बेड, गद्दा सहित घरेलू सामान बाहर निकालकर आग लगा दी, जिससे सामान राख हो गया। पु

### युवती से छेड़छाड़ रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सेहरामऊ दक्षिणी थाना क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि गुरुवार की सुबह एक कंपनी में डियूटी करने के लिए चला गया। उसके घर से फोन आया कि घर पर आ जाओ। वह घर पर गया। उसकी 18 वर्षीय बेटी ने बताया कि गांव में एक के घर पर जा रही थी। गांव के शहजाद व आशीन ने उसे पकड़ लिया और छेड़छाड़ की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के आधार पर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# किशोर का सिर कूचकर हत्या, पंचायत भवन परिसर में मिला शव

## सिर पर पीछे से वार करने की आशंका, एक से अधिक होंगे हत्यारे, मौके पर नहीं मिला कोई हथियार, पुलिस कॉल डिटेल से लगा रही पता

संवाददाता, अल्हागंज/शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** अल्हागंज थाना क्षेत्र के गांव रावतपुर में शनिवार सुबह किशोर का शव खून से लथपथ मिला। देखने पर लग रहा था कि किशोर की हत्या किसी भारी वस्तु से कूंचकर की गई हो। किशोर की हत्या की जानकारी होने पर घटना स्थल पर एसपी देहात भंवरे दीक्षा,



मृतक कमलेश

फॉरेंसिक टीम व पुलिस बल मौके पर पहुंचा और घटना स्थल की जांचकर साक्ष्य एकत्र किए।

रावतपुर गांव निवासिनी गीता देवी ने बताया कि उनका बेटा कमलेश (17) भट्टे पर मजदूरी करता था। शुक्रवार को शाम 7 बजे वह गांव के ही अनीस उर्फ कल्लू के साथ गया था। रात 10 बजे तक कमलेश वापस नहीं आया तो परिजनों ने उसे तलाश किया, लेकिन नहीं मिला। शनिवार सुबह गांव के लोग पंचायत भवन की ओर गए तो बरामदे में कमलेश का शव पड़ा मिला। उसका चेहरा और सिर बुरी तरह कूंचा गया था, एक पैर में चप्पल फंसी हुई थी और मौके पर काफी मात्रा में खून फैला था। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और थाना को जानकारी दी। जानकारी मिलने पर एसपी देहात भवरें दीक्षा, फॉरेंसिक टीम और थाना प्रभारी अल्हागंज मौके पर पहुंचे। घटना स्थल का निरीक्षण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हत्या की वजह और हत्यारा का पुलिस पता कर रही है। पुलिस ने अनीस को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने कहा कि तहरीर मिलते ही एफआईआर दर्ज की जाएगी। मामले की गहन जांच की जा रही है और शीघ्र खुलासा किया जाएगा।

### आखिर रात में किसने की कॉल

कमलेश अपना मोबाइल घर पर छोड़कर गया था। कमलेश के मोबाइल पर शुक्रवार रात नौ बजे से सुबह 4 बजे तक दो नंबरों से कॉल आई थी। पुलिस ने जब उन नंबरों पर संपर्क करने का प्रयास किया तो वह बंद मिले। आखिर कॉल करने वाले कौन लोग हैं और कहां के हैं। पुलिस दोनों नंबरों की कॉल डिटेल खंगाल रही है। जल्द ही दोनों नंबरों का पता चल जाएगा। पुलिस पता कर रही है कि आखिर कॉल करने वालों ने मोबाइल स्वीच ऑफ क्यों कर लिया।



घटना के बाद मौके पर लगी भीड़। ● अमृत विचार



गांव में जांच करतीं एएसपी भंवरे दीक्षा। ● अमृत विचार



शोकाकुल परिजन। ● अमृत विचार

### कमलेश की हत्या में शामिल हो सकता है कोई अपना

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** अल्हागंज थाना क्षेत्र में किशोर कमलेश की हत्या में एक से अधिक हत्यारे शामिल हो सकते हैं। पूछताछ में परिजन हत्या की वजह भी नहीं बता पा रहे हैं। हालांकि पुलिस हत्या की वजह तलाश कर रही है। एक युवक को हिरासत में लेकर पुलिस ने पूछताछ शुरू कर दी है। वहीं आशंका है कि कमलेश की हत्या में कोई अपना ही शामिल हो सकता है। अल्हागंज के रावतपुर निवासी जितेंद्र का बेटा कमलेश ईंट भट्टे पर काम करता था। परिजनों के अनुसार शुक्रवार शाम को उसे गांव का अनीस उर्फ कल्लू अपने साथ बुलाकर ले गया। शनिवार सुबह कमलेश का शव पंचायत भवन परिसर में मिला था। कमलेश के सिर किसी वजनदार वस्तु से बुरी तरह कुचला गया था। उसके दांत भी टूटे पड़े थे। गांव में जब शव मिलने की जानकारी मिली तो सनसनी फैल गई। बताया जाता है कि कमलेश कमजोर नहीं था। लेकिन शाम को पंचायत भवन में क्या करने पहुंचा और किसके साथ पहुंचा यह एक सवाल है। आशंका है कि कमलेश को पंचायत भवन तक बहाने से बुलाकर ले गया होगा। वहीं पर उसकी हत्या कर दी गई होगी। सिर पर धोखे से वार किया गया होगा। अनुमान लगाया जा रहा है कि कमलेश की हत्या में दो या इससे अधिक लोग शामिल हो सकते हैं। क्योंकि कमलेश के एक पैर में चप्पल फंसी हुई मिली है। इससे लग रहा है कि उसने बचने का प्रयास किया होगा, लेकिन कातिल अधिक होने के कारण और अचानक हमला होने के कारण वह अपना बचाव नहीं कर सका। हत्या की वजह प्रेम संबंध तो नहीं : कमलेश की हत्या की गुत्थी सुलझाने के लिए पुलिस प्रत्येक बिंदु पर जांच कर रही है। शुक्रवार रात से सुबह चार बजे तक जिन लोगों ने कॉल की आखिर वे लोग कौन है। कोई लड़की तो नहीं है। क्योंकि सुबह चार बजे कॉल करने वाला व्यक्ति या तो हत्यारा हो सकता है या फिर कोई लड़की हो सकती है। जिससे कमलेश का प्रेम संबंध रहा हो और उसकी हत्या इसकी वजह से की गई है। कई ऐसे सवाल हैं जिनकी गुत्थी पुलिस को सुलझानी है।

### घर में सबसे छोटा था मृतक

मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा था और उसकी एक बहन है। भाई कृष्णा ने बताया कि परिवार मूल रूप से बलिया का रहने वाला है। पिता के निधन के बाद मां ने रावतपुर निवासी जितेंद्र से दूसरी शादी की थी, जिसके बाद परिवार यहीं रहने लगा। परिवार प्रधानमंत्री आवास में रहता था। मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों की ओर से अभी तक किसी के खिलाफ तहरीर नहीं दी गई है।

### शातिर हैं हत्यारोपी, इसलिए नहीं छोड़ा कोई सबूत

कमलेश की हत्या में जुड़े लोग शातिर हैं। क्योंकि यदि हत्यारोपी शातिर नहीं होते तो घटना स्थल पर कुछ न कुछ सबूत जरूर छोड़कर जाते। कई सवाल हैं जिनसे लगता है कि आरोपियों ने हत्या की साजिश पहले ही रची होगी और बाद में कमलेश को पंचायत भवन परिसर में बुलाकर उसकी हत्या कर दी होगी। क्योंकि घटना स्थल से सिर कुचलने में प्रयुक्त न तो कोई वजनी वस्तु मिली है और न ही कोई ईंट ऐसी मिली है जिस पर खून लगा हो। इससे जाहिर होता है कि अपराधी शातिर किस्म के हैं। ये ही वजह है कि हत्या में प्रयुक्त हथियार को वह अपने साथ ले गए होंगे। कमलेश के भाई कृष्णा ने बताया कि कमलेश और अनीस करीब छह माह पहले दिल्ली में एक साथ काम कर चुके थे और दोनों की पहले से जान-पहचान थी। पुलिस इसी बिंदु पर भी जांच कर रही है।

# उम्मीद : पंजीकरण की अंतिम तिथि 12 फरवरी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- मुतवल्लियों से वक्फ संपत्तियों के शीघ्र इंद्राज की अपील
- निर्धारित समय पर पंजीकरण न होने पर हो सकती है परेशानी

**अमृत विचार :** वक्फ संपत्तियों को भारत सरकार द्वारा संचालित 'उम्मीद' पोर्टल पर दर्ज कराने के लिए मुतवल्लियों के लिए 12 फरवरी को अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। निर्धारित समय-सीमा के भीतर जिन वक्फ संपत्तियों का ऑनलाइन पंजीकरण नहीं हो पाएगा, उन्हें भविष्य में विभिन्न कानूनी व प्रशासनिक परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

प्रशासन और वक्फ बोर्ड ने सभी मुतवल्लियों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना शीघ्र ही अपनी-अपनी वक्फ संपत्तियों का पंजीकरण 'उम्मीद' पोर्टल पर पूर्ण कर लें। पोर्टल पर पंजीकरण से वक्फ संपत्तियों का डिजिटल रिकॉर्ड सुरक्षित होगा, जिससे अवैध कब्जों पर रोक लगाने, संपत्तियों के संरक्षण, विकास एवं पारदर्शी प्रबंधन में सहायता मिलेगी। साथ ही भविष्य में किसी भी प्रकार के विवाद या दस्तावेज़ी समस्या से बचा जा सकेगा। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रोहित सिंह ने मुतवल्लियों से कहा कि 12 फरवरी से पूर्व अपनी वक्फ संपत्तियों का इंद्राज सुनिश्चित कराएं, ताकि वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा और विधिसम्मत व्यवस्था कायम रह सके। उन्होंने ऐसा न करने पर भविष्य में समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

# अध्यापक ने कंप्यूटर ऑपरेटर पर रिश्वत मांगने का लगाया आरोप

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- कंप्यूटर ऑपरेटर पर निलंबन की धमकी देने का आरोप
- निरीक्षण में बीएसए के साथ गया था आपरेटर

**अमृत विचार :** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की ओर से प्राथमिक विद्यालय दादऊ में किए गए औचक निरीक्षण के दौरान नियम विरुद्ध कार्य और धन मांगने के गंभीर आरोप सामने आए हैं। सहायक अध्यापक विनीत कुमार गंगवार ने आरोप लगाया है कि निरीक्षण के समय बीएसए के साथ आए बंडा ब्लॉक के कंप्यूटर ऑपरेटर अखिल कुमार ने उन्हें निलंबन की धमकी देते हुए 20 हजार रुपये की मांग की।

शनिवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्राथमिक विद्यालय दादऊ का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ कंप्यूटर ऑपरेटर अखिल कुमार मौजूद थे, जिन्हें नियमों के विपरीत निरीक्षण में साथ ले जाया गया। सहायक अध्यापक विनीत कुमार गंगवार का आरोप है कि इसी दौरान कंप्यूटर ऑपरेटर ने कहा कि यदि 20 हजार रुपये नहीं दिए गए तो निलंबन की कार्रवाई करा दी जाएगी। साथ ही यह भी कहा गया कि पूर्व में कई नोटिस जारी हो चुके हैं। आरोप है कि कंप्यूटर ऑपरेटर अखिल कुमार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की ओर से आउटसोर्स के माध्यम से संविदा पर बंडा बीआरसी में नियुक्त हैं और निरीक्षण के दौरान उनके साथ जाकर शिक्षकों से धन उगाही की जाती है। सहायक अध्यापक ने इस पूरे प्रकरण को गंभीर बताते हुए निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है। मामला सामने आने के बाद शिक्षा विभाग में चर्चा का विषय बना हुआ है। आरोपों को लेकर विभागीय स्तर पर क्या कदम उठाए जाएंगे, इस पर सभी की नजर बनी हुई है।

### कार्यवाही से बचने के लिए मनगढ़ंत आरोप लगा रहा है : बीएसए

बीएसए दिव्या गुप्ता ने आरोपों के संबंध में बताया कि सहायक अध्यापक द्वारा लगाए गए आरोप झूठे व निराधार हैं। अगर संविदा कर्मी पैसे मांग रहा था, तो उसी समय बताना चाहिए था, बाद आरोप लगाने का मतलब है कि सहायक अध्यापक कार्यवाही से बचने के लिए अनर्गल और मनगढ़ंत आरोप लगा रहा है।

# उत्पीड़न: करंट लगाकर बहू की हत्या का प्रयास

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- दहेज में पांच लाख रुपये कार की मांग, पति समेत सात पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** महिला ने ससुरालियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोप है कि दहेज में पांच लाख रुपये न मिलने पर बिजली का करंट लगाकर हत्या का प्रयास किया। वहीं पति पर भी दूसरी महिला से अवैध संबंध होने के आरोप लगाए हैं। शिकायत पर पुलिस ने पति समेत सात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

अल्हागंज थाना क्षेत्र के गांव इस्लामगंज निवासी रीता देवी ने थाना पर दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी तीन साल पहले धीरेंद्र कुमार निवासी परौर के साथ हुई थी। ससुराल वाले दहेज से संतुष्ट नहीं थे। ससुराल पक्ष के लोग दहेज में पांच लाख रुपये और कार की मांग करते हुए प्रताड़ित करने लगे। तबियत खराब होने पर इलाज कराने से भी मना कर दिया। पीड़िता ने पति पर दूसरी महिला से संबंध होने का आरोप लगाया है। महिला ने बताया कि दहेज की मांग पूरी न होने पर बिजली का करंट लगाकर पति व ससुराल पक्ष के लोगों ने उसकी हत्या का प्रयास किया। एक माह पूर्व ससुराल वालों ने बेटी समेत घर से निकाल दिया। पीड़िता मायके में रह रही है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पति समेत सात लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की विवेचना कर रही है।

# बाल विवाह कानूनन दंडनीय अपराध है: एसपी

संवाददाता, शाहजहांपुर

- एसपी ने बाल विवाह पोस्टर पर किए हस्ताक्षर
- एसपी ने बाल विवाह की शिकायत करने की लोगों से अपील की

**अमृत विचार:** एसपी राजेश द्विवेदी ने कहा कि बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक कुरीति होने के साथ-साथ कानूनन दंडनीय अपराध है, जो बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं शैक्षिक विकास को प्रभावित करता है।

बाल विवाह से बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो जाता है तथा समाज की उन्नति भी बाधित होती है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के अंतर्गत बाल विवाह कराना, उसमें सहयोग करना अथवा उसे बढ़ावा देना अपराध की श्रेणी में आता है।

उन्होंने आमजन से अपील की कि बाल विवाह से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना मिलने पर उसे तत्काल पुलिस अथवा संबंधित विभाग को उपलब्ध कराएं, ताकि समय रहते प्रभावी वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। एसपी ने बाल विवाह मुक्ति हेतु बने पोस्टर पर हस्ताक्षर कर वहाँ मौजूद लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों, बाल अधिकारों तथा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के संबंध में जागरूकता संदेश दिया गया।

साथ ही समाज के सभी वर्गों से बाल विवाह उन्मूलन हेतु सक्रिय सहभागिता की अपील की गई। उन्होंने आह्वान किया गया कि वे बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा एवं अधिकारों की रक्षा हेतु सजग रहें तथा बाल विवाह मुक्त समाज के निर्माण में पुलिस प्रशासन एवं सामाजिक संस्थाओं का पूर्ण सहयोग करें। एसपी कार्यालय में बाल विवाह मुक्ति पहल के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

# वाटर सप्लाई लाइन टूटी उपभोक्ता परेशान

**तिलहर, अमृत विचार:** वाटर सप्लाई लाइन डाले जाने के दौरान कई जगह से टूट गई। जिससे जल भराव की स्थिति बन जाने से लोगों को खासी परेशानी हो रही है।

नगर क्षेत्र में जल निगम के द्वारा बीते कई माह से नगर वासियों को वाटर सप्लाई करने के लिए नई लाइन बिछाने का काम चल रहा। निर्माण कार्य के चलते आए दिन नगर क्षेत्र में कहीं ना कहीं पुरानी वाटर सप्लाई लाइन क्षतिग्रस्त हो जाती है। परिणाम स्वरूप जहां उपभोक्ताओं को जल आपूर्ति में बाधा का सामना करना पड़ता है तो वही सड़कों पर जलभराव की स्थिति बन जाती है। इससे सड़क पर निकालने के प्रयास में कई लोग गिर कर चुटैल हो गए। सपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनवर उल्ला खान वारसी ने कहा कि वाटर सप्लाई लाइन बिछाने का कार्य धीमी गति से चल रहा है, जिसके चलते नगरवासियों को बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# वित्त मंत्री ने किया प्रदर्शनी का अवलोकन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** शनिवार को नूरी मरकज तारीन में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में लगाई शहीदों की कहानी चित्रों की जुबानी चित्र प्रदर्शनी का वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने अवलोकन किया। उन्होंने चित्र प्रदर्शनी में रखे क्रांतिकारियों के दुर्लभ चित्रों तथा पुस्तकों और शहीदों की जानकारियों की प्रशंसा की।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि श्री खन्ना ने कहा कि नूरी मरकज में दुर्लभ चित्रों की प्रदर्शनी कई वर्षों से गणतंत्र दिवस के मौके पर लगाई जाती है। इनसे युवाओं को सीख लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि 1857-58 में स्वतंत्रता आंदोलन की आवाज शाहजहांपुर से मौलवी अहमद उल्ला शाह के शहीद होने से पहले उठी थी।

यहां के क्रांतिकारियों पं रामप्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह, अशफाक उल्ला खां के बलिदान के कारण अपने जनपद का नाम पूरे देश और विश्व में सम्मान से लिया जाता है। नूरी मरकज अध्यक्ष हाजी इम्तियाज अली खां ने कहा कि नूरी मरकज में सहजे गए काकोरी ट्रेन एक्शन से सम्बंधित 17 दुर्लभ चित्रों को शहीद संग्रहालय को भेंट करेंगे। इस अवसर पर श्री खन्ना ने शिक्षा, साहित्य, कला एवं पत्रकारिता के क्षेत्र के उल्लेखनीय योगदान के लिए राशिद हुसैन राही जुगनू व अजहर अली को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इससे पहले नूरी मरकज पहुंचने पर इम्तियाज अली खां, इजहारूल हक खान मियां, डा मसूद अख्तर खां, मौलाना शरीफ खां, शहर काजी सैयद सैफ हसन, मुनीश सिंह परिहार, पार्षद लालू पुजारी ने श्री खन्ना का माल्यार्पण, पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर मौलाना अब्दुल वकील, सरदार जसविंदर सिंह पाले, मनीष अग्रवाल, जावेद आलम, अनीस खां, जाहिद अली, फारूक अली, बिलाल खां, इकबाल खां, दानिश रजा, देवेश त्रिपाठी, रियाज खां, मुबारक हुसैन, सईद खां मंजू, हाशिम खां, अफवान खां समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



शहीदों की कहानी चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन करते वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना। ● अमृत विचार

- नूरी मरकज तारीन में शहीदों की कहानी चित्र प्रदर्शनी का समापन
- प्रदर्शनी के चित्रों से आजादी के संबंध में मिलेगी जानकारी

# किसी भी पात्र का नाम वोटर लिस्ट में छूटने न पाए: डीईओ

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** जिला निर्वाचन अधिकारी और जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत डॉ. सुदामा प्रसाद कन्या इंटर कॉलेज में बूथों का निरीक्षण किया और प्राप्त फार्म-6 का अवलोकन किया। उन्होंने बीएलओ को निर्देश दिए कि मतदाता के नाम हिंदी और अंग्रेजी में सही-सही भरें और जमा करने से पहले फार्म की अच्छी तरह जांच करें। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले सभी पात्र लोग फार्म-6 भरकर नाम दर्ज कराएं। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 31 जनवरी 2026 को जिले की सभी छह विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के सभी मतदेय स्थलों पर दावे और आपत्तियां प्राप्त की गईं। विशेष अभियान दिवस में उप जिला निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और बीएलओ सुपरवाइजरों ने मतदेय स्थलों का भ्रमण किया।

# अपने भाग्य के निर्माता स्वयं बनें छात्र-छात्राएं : सुरेश खन्ना

## राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना को बताया शिक्षा के क्षेत्र का क्रांतिकारी कदम

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



राज्य विवि में व्यवस्थाएं देखते वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि विद्यार्थी अपनी मेहनत और लगन से स्वयं अपने भाग्य का निर्माण करें। उन्होंने कहा कि मनुष्य के द्वारा किए गए कर्म कभी न कभी प्रतिफलित अवश्य होते हैं। वह स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज में आयोजित गोष्ठी को संबोधित कर रहे थे।

मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि दृढ़ संकल्प कभी व्यर्थ नहीं जाता। स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज का राज्य विश्वविद्यालय के रूप में उच्चीकरण इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। उन्होंने कहा कि जिले में राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना शिक्षा के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी कदम है, जिससे आने वाली पीढ़ियों को लाभ मिलेगा और शिक्षा का स्तर और सुदृढ़ होगा।

इस अवसर पर मुमुक्षु शिक्षा संकुल के मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती ने अपने उदगार व्यक्त करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय बनने के बाद अब धीरे-धीरे उनकी भूमिका समाप्त हो रही है। उन्होंने कहा कि अब यह जिले के नागरिकों, विद्यार्थियों और जनप्रतिनिधियों का दायित्व है कि शाहजहांपुर के शैक्षिक परिदृश्य को इस स्तर तक विकसित करें, जिससे यहां से निकलने वाले विद्यार्थी राष्ट्र की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम बन सकें। गोष्ठी के दौरान कॉलेज के समस्त संकाय प्रभारियों की ओर से मंत्री सुरेश खन्ना को पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। प्रबंध समिति के सचिव प्रो अवनीश मिश्र ने स्वागत उद्बोधन दिया और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। एस एस कॉलेज के प्राचार्य प्रो. आरके आजाद ने स्मृति चिन्ह भेंट किया, जबकि विधि महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो जयशंकर ओझा ने दोनों महाविद्यालयों की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन कॉलेज के उपप्राचार्य प्रो अनुराग अग्रवाल ने किया। धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य प्रो. आरके आजाद की ओर से किया गया। स्वागत गीत और राष्ट्रगीत डॉ. कविता भटनागर ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में अशोक अग्रवाल, सुरेश सिंघल, डॉ. अमीर सिंह यादव, प्रो. आलोक मिश्र, प्रो. प्रभात शुक्ला, प्रो. देवेंद्र सिंह, प्रो. मधुकर श्याम शुक्ला, प्रो. कमलेश गौतम, डॉ. आलोक कुमार सिंह, डॉ. आदर्श पांडेय, डॉ. विकास खुराना, डॉ. पवन गुप्ता, डॉ. अनिल सिंह, शिवओम शर्मा सहित मुमुक्षु शिक्षा संकुल की सभी शिक्षण संस्थाओं के शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### नवीन भवन का उद्घाटन, संसाधनों का किया निरीक्षण

गोष्ठी से पूर्व मंत्री सुरेश खन्ना ने मुमुक्षु शिक्षा संकुल की सभी शिक्षण संस्थाओं का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने पुस्तकालय, वाचनालय, क्रीड़ा स्थल और प्रयोगशालाओं सहित उपलब्ध शैक्षिक संसाधनों का गहन अवलोकन किया। भ्रमण के दौरान श्री शंकर मुमुक्षु विद्यापीठ के नवीन भवन का उद्घाटन भी किया गया। प्रत्येक संस्था के शिक्षकों की ओर से उनका स्वागत और अभिनंदन किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### बार काउंसिल चुनाव में 256 ने किया मतदान

**तिलहर, अमृत विचार :** बार काउंसिल सदस्य पद के चुनाव में शनिवार को अधिवक्ताओं ने उत्साहपूर्वक मतदान किया। सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक तहसील के छह मतदान बूथों पर 277 पंजीकृत अधिवक्ताओं में से 256 ने मतदान किया। चुनाव में कुल 333 प्रत्याशी भाग्य आजमा रहे हैं। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर मतदान केंद्रों के आसपास पुलिस बल तैनात रहा और मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

### हादसे में व्यक्ति की मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** पुवायां रोड पर मछली मार्केट के सामने अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार व्यक्ति घायल हो गया। घायल को अस्पताल भेजा गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सदर बाजार थाना क्षेत्र के गांव चिनौर निवासी 40 वर्षीय मारकाण्डे पाठक शुक्रवार की रात साढ़े नौ बजे बाइक से अपने घर जा रहे थे। रास्ते में पुवायां रोड पर अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार घायल हो गया। पुलिस ने घायल को मेडिकल कालेज भेज दिया। जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### अवैध पिस्टल के साथ युवक गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** पुलिस ने शहबाजनगर रोड पर एक कार की की तलाशी ली। पुलिस ने एक युवक को नाजायज पिस्टल के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कार को सीज कर दिया। सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश कुमार सिंह को शुक्रवार की रात 09 बजे शहबाजनगर रोड पर थी। पुलिस ने एक कार को रोका। पुलिस ने कार चालक की तलाशी ली तो उसके पास से नाजायज पिस्टल बरामद किया। चालक ने पास कार के कोई कागजात नहीं थे। पुलिस ने 5 कारतूस भी बरामद किए। पुलिस ने अभियुक्त का चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक कुलदीप कुमार, सूरज सिंह, सिपाही सोनू कुमार आदि थे। इसके अलावा बंडा पुलिस ने अरविंद निवासी भांभी थाना बंडा और पुवायां पुलिस ने बब्लू निवासी अनावा थाना पुवायां के कब्जे से तमंचा और कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों का चालान कर दिया।

## निगोही नाइट राइडर्स ने जीता एनपीएल का खिताब

**निगोही, अमृत विचार :** स्थानीय एनपीएल ग्राउंड पर खेले गए निगोही प्रीमियर लीग 10 के रोमांचक फाइनल मुकाबले में निगोही नाइट राइडर्स ने एकतरफा प्रदर्शन करते हुए निगोही टाइटन्स को 116 रनों के भारी अंतर से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया।

नाइट राइडर्स के बल्लेबाजों ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 5 विकेट खोकर 172 रनों का मजबूत लक्ष्य खड़ा किया। अरहम कुन्नू ने 43 रन, आमिर खान ने 38 रन और बाबू हरी ने 22 रन बनाकर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। जवाब में टाइटन्स की टीम 10.2 ओवरों में 56 रनों पर सिमट गई। नाइट राइडर्स के गेंदबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए टाइटन्स के बल्लेबाजों को टिकने नहीं दिया। हर्षित वर्मा ने 3 विकेट, रवि सिंह ने 3 विकेट और बाबू हरी ने 2 विकेट लिए। निगोही नाइट राइडर्स की इस शानदार जीत के साथ ही एनपीएल 10 का खिताब उनके नाम हो गया है। उन्होंने बताया कि जिले में क्रिकेट प्रतियोगिताओं से युवाओं का भविष्य बेहतर होगा। बताया कि शाहजहांपुर से भी बेहतरीन खिलाड़ी निकल सकते हैं। जिससे जिले का नाम रोशन होगा।

## पीएम श्री संविलियन स्कूल में भ्रमण कार्यक्रम सम्पन्न

संवाददाता, जलालाबाद

- कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को शैक्षिक, वैज्ञानिक और रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना रहा।

**अमृत विचार:** सिकंदरपुर अफगानान। पीएम श्री संविलियन विद्यालय सिकंदरपुर अफगानान में विद्यालय युग्मनन कार्यक्रम के अंतर्गत आचार्य राममोहन मिश्रा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के साथ द्विदिवसीय पारस्परिक विद्यालय भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को शैक्षिक, वैज्ञानिक और रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना रहा।

कार्यक्रम के प्रथम दिवस में पीएम श्री संविलियन विद्यालय के छात्र आचार्य राममोहन मिश्रा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज भ्रमण के लिए गए। वहां विद्यार्थियों ने साइंस लैब का अवलोकन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी शाहीन अंसारी की ओर से मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इसके बाद उन्होंने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और बच्चों द्वारा बनाए गए शैक्षिक मॉडलों का अवलोकन किया। इसके उपरांत दोनों विद्यालयों के विद्यार्थियों ने खेलकूद प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। प्रथम दिवस के समापन पर विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए। द्वितीय दिवस में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने पीएम श्री संविलियन विद्यालय सिकंदरपुर अफगानान का भ्रमण किया। कार्यक्रम का आरंभ सरस्वती वंदना से हुआ, जिसके बाद अतिथियों का रोली-टीका लगाकर स्वागत किया गया। इसके उपरांत विद्यार्थियों के मध्य निबंध, भाषण और क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। छात्रों को आईसीटी लैब, एस्ट्रोनॉमी लैब, लर्निंग बाय डूइंग लैब और विज्ञान लैब का भ्रमण कराया गया। विद्यार्थियों ने टेबल टेनिस और बैडमिंटन खेल का भी आनंद लिया। समापन अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए और विजयी छात्रों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य कृष्ण पाल सिंह और पीएम श्री संविलियन विद्यालय के प्रधानाचार्य जुबेर खान ने विद्यार्थियों को आशीर्वचन प्रदान किए। कार्यक्रम का संचालन माधव शुक्ल की ओर से किया गया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम प्रभारी प्रतिभा मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में ओंकार सिंह, विनीता सिंह, गुलाम ख्वाजा, सोनी देवी, अनूप कुमार, आदि रहे।

# बिना पंजीकरण के कस्बे में चल रहा सूदखोरी का अवैध धंधा

संवाददाता, खुदागंज

- सोना-चांदी महंगे हुए तो पुराने गिरवी आभूषण छुड़ाने पहुंचे लोग
- लिखापढ़ी न होने से बढ़ी अनिश्चितता, पुलिस ने की बैठक

**अमृत विचार:** कस्बे में सूदखोरी का कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है। आरोप है कि नगर स्थित कुछ सर्राफा व्यापारी बिना किसी पंजीकरण के मोटे ब्याज पर गिरवी का काम कर रहे हैं। गिरवी रखने वालों को न तो किसी प्रकार की रसीद दी जा रही है और न ही लिखित अभिलेख रखा जा रहा है, जिससे लोगों का सोना-चांदी डंप होने की आशंका बनी हुई है।

बताते हैं कि सर्राफा कारोबारियों की ओर से बिना रसीद के ही आभूषण गिरवी रख लिए जाते हैं। लंबे समय तक गिरवी रखे गए माल का कोई रिकॉर्ड न होने के कारण अब समस्या गंभीर रूप लेती जा रही है। सोना और चांदी की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी के चलते 10 से 15 साल पहले गिरवी रखे गए जेवर छुड़ाने के लिए लोग सर्राफा दुकानों पर पहुंच रहे हैं, लेकिन उनके पास किसी तरह की लिखापढ़ी या प्रमाण न होने से ऊहापोह की स्थिति बनी हुई है। कई मामलों में गिरवी रखने वालों को यह भी स्पष्ट नहीं है कि उनका माल किस शर्त पर और कितने ब्याज पर रखा गया था। इससे विवाद की आशंका बढ़ गई है और पीड़ित लोग असमंजस में हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिना पंजीकरण इस तरह का कारोबार कानूनन गलत है और इससे आम नागरिकों को नुकसान हो सकता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना अध्यक्ष ने सर्राफा व्यापारियों की बैठक बुलाकर उन्हें सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। बैठक में कहा गया कि गिरवी और ब्याज से संबंधित सभी कार्य नियमानुसार किए जाएं और ग्राहकों को उचित रसीद एवं अभिलेख उपलब्ध कराए जाएं, ताकि भविष्य में किसी तरह का विवाद न उत्पन्न हो।

## ऑटो रिक्शा से बैटरी चोरी, दी तहरीर

**खुटार, अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव रामपुर कला निवासी मोहम्मद जैश ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उसने अपने बेटे मोहम्मद शावेज को एक माह पूर्व ऑटो रिक्शा खरीद कर दिया था। उसी से घर का भरण पोषण चलता था। बीती रात मोहम्मद जैश ने ई रिक्शा की बैटरी चार्ज कर अपने परिवार के साथ सो गया। सुबह उठने पर ई रिक्शा देखा तो ई रिक्शा का बैटरी बॉक्स खुला हुआ था। जिस पर उसने बॉक्स में देखा तो बैटरी गायब थी। बैटरी में जीपीएस सिस्टम लगा होने पर जब लोकेशन ट्रेस हुई तो लगभग दो दर्जन ग्रामीण पूरे दिन क्षेत्र में बैटरी को ढूंढते रहे लेकिन बैटरी नहीं मिल सकी। मोहम्मद जैश ने पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज करने की गुहार लगाई है।

# खनन के विरोध में 15 वें दिन भी धरना

संवाददाता, खुदागंज



ग्राम मरैना में अवैध खनन और अतिक्रमण के विरोध में 15वें दिन भी धरना देते ग्रामीण।

- प्रशासनिक अधिकारियों के न पहुंचने से ग्रामीणों में बढ़ा रोष
- पुलिया तोड़ने और बिना अनुमति प्लाटिंग का आरोप

**अमृत विचार:** कटरा थाना क्षेत्र के ग्राम मरैना में अवैध खनन और अतिक्रमण के विरोध में ग्रामीणों का धरना प्रदर्शन 15वें दिन भी जारी रहा। लंबे समय से चल रहे धरने के बावजूद किसी भी प्रशासनिक अधिकारी के मौके पर न पहुंचने से ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

गांव मरैना के निकट कटरा निवासी एक व्यक्ति जमीनों की कारोबारी करता है। उसकी ओर से अवैध रूप से मिट्टी डालकर अतिक्रमण किया गया है। आरोप है कि इस दौरान पुलिया को भी तोड़ा गया और बिना धारा 80 पास कराए ही प्लाटिंग का काम शुरू कर दिया गया। इन सभी समस्याओं के विरोध में जिला पंचायत सदस्य नेत्रपाल गंगवार के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ग्रामीण धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अवैध खनन और अतिक्रमण से गांव के रास्तों और सार्वजनिक संसाधनों को नुकसान पहुंच रहा है। इसके बावजूद प्रशासनिक अधिकारियों का मौके पर न आना ग्रामीणों की नाराजगी का कारण बना हुआ है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की है कि जल्द से जल्द मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की जाए और अवैध गतिविधियों पर कार्रवाई की जाए।

# यातायात नियमों के प्रति जागरूक हों लोग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



प्रमाण पत्र देते डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह व एसपी सिटी। ● अमृत विचार

- अटल प्रेक्षा गृह में सड़क सुरक्षा और जागरूकता पर दिया गया जोर
- प्रशासन और पुलिस ने संयुक्त रूप से किया कार्यक्रम का शुभारंभ

**अमृत विचार:** यातायात माह अभियान–2026 के समापन अवसर पर अटल प्रेक्षा गृह में भव्य एवं गरिमामयी समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी शाहजहांपुर और पुलिस अधीक्षक नगर शाहजहांपुर की ओर से संयुक्त रूप से सहभागिता की गई। समारोह का शुभारंभ जिलाधिकारी और अपर पुलिस अधीक्षक नगर की ओर से दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

कार्यक्रम के दौरान यातायात माह अभियान–2026 के अंतर्गत जिले में आयोजित विभिन्न जागरूकता गतिविधियों, प्रवर्तन कार्यवाहियों और उनके सकारात्मक परिणामों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों के पालन और जनसहयोग से यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के प्रयासों की जानकारी दी गई। समारोह में यातायात माह अभियान के अंतर्गत उत्कृष्ट योगदान देने वाले पुलिस कर्मियों और जागरूक नागरिकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यातायात विभाग से उनि टीपी विनय पाण्डेय और अभियुक्त् कोमल को अभियान के दौरान उनके सराहनीय, अनुकरणीय और समर्पित कार्यों के लिए विशेष रूप से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही अन्य सहयोगी कर्मियों और नागरिकों के योगदान की भी सराहना की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक नगर ने कहा कि सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का पालन केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील की कि वे आगे भी यातायात नियमों का पालन करें और जिले में सुरक्षित, सुव्यवस्थित और सुचारु यातायात व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करते रहें। समारोह में क्षेत्राधिकारी लाइन, बेसिक शिक्षा अधिकारी शाहजहांपुर, टीआई शाहजहांपुर सहित अन्य अधिकारी, पुलिसकर्मी और सामान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य यातायात नियमों के प्रति जन-जागरूकता को और अधिक मजबूत करना और भविष्य में भी ऐसे अभियानों को निरंतर जारी रखने के लिए प्रेरित करना रहा।

## वित्तमंत्री ने किया सफाई व्यवस्था का निरीक्षण



सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना। ● अमृत विचार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने नगर क्षेत्र के मोहल्ला अज़ीजगंज, नवादा इंदेपुर मे सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नालियों की सफाई एवं क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को बेहतर करने तथा स्वच्छता से सम्बंधित कार्यो को अधिक से अधिक बेहतर रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही सड़क पर मलबा एवं गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध जुर्माना लगाने के सख्त निर्देश भी दिए गए, ताकि स्वच्छता व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जा सके। इस मौके पर नगर आयुक्त डॉ. बिपिन कुमार मिश्र, अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, क्षेत्रीय पार्षद मनीष गुप्ता व अन्य अधिकारी व कर्मचारी तथा जनप्रतिनिधि व क्षेत्र के संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे।

# विश्व कैंसर दिवस पर वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज में जागरुकता कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- आम जनता और मेडिकल छात्रों के लिए अलग-अलग आयोजन
- ओपीडी में कैंसर जागरूकता वार्ता डॉ. राखी वर्मा देंगी जानकारी

**अमृत विचार:** विश्व कैंसर दिवस 2026 के अवसर पर वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय के अंतर्गत वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल, बंथरा की ओर से आम जनता और मेडिकल छात्रों के लिए अलग-अलग जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य कैंसर की रोकथाम, शीघ्र पहचान और जन-जागरूकता को बढ़ावा देना है।

4 फरवरी 2026 को ओपीडी प्रतीक्षालय क्षेत्र में आम जनता के लिए सुबह 10 बजे कैंसर जागरूकता वार्ता आयोजित की जाएगी। यह सत्र कैंसर रेडियोथेरेपी विशेषज्ञ डॉ. राखी वर्मा की ओर से दिया जाएगा, जिसमें कैंसर के प्रारंभिक लक्षण, रोकथाम के उपाय और उपलब्ध उपचार विकल्पों की जानकारी सरल और संवादात्मक रूप से दी जाएगी। मेडिकल छात्रों के लिए 2 फरवरी से 7 फरवरी 2026 तक व्याख्यान श्रृंखला आयोजित की जाएगी।

इसमें सामान्य सर्जरी, कान-नाक-गला, प्रसूति एवं स्त्री रोग, श्वसन चिकित्सा, बालरोग और सामान्य चिकित्सा विभागों का सहयोग रहेगा। व्याख्यानों में सामान्य कैंसरों में रेडियोथेरेपी की भूमिका और नैदानिक दृष्टिकोण पर विशेष फोकस किया जाएगा। साथ ही छात्रों के लिए पोस्टर प्रस्तुतियां और प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी किया जाएगा। यह सभी गतिविधियां वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. केशव अग्रवाल, प्रो-कुलाधिपति डॉ. अशोक अग्रवाल, बीआईयू की उप-कुलाधिपति डॉ. लता अग्रवाल, वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय की उप-कुलाधिपति डॉ. किरण अग्रवाल और वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज के डीन एवं प्राचार्य डॉ. आर.एन. शुक्ला के मार्गदर्शन में तथा जनरल मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह के सहयोग से आयोजित की जा रही हैं।

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल की ओर से नागरिकों से अपील की गई है कि वे इन कार्यक्रमों में सहभागिता कर कैंसर के प्रति जागरूक बनें।

## एनईपी सारथी प्रगतिपथ पर मार्गदर्शन कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय में कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थी और शिक्षक।

- वरुण-अर्जुन रुहेखंड मेडिकल कॉलेज में हुआ कार्यक्रम
- अनुभव साझा कर नए सारथियों को दी गई दिशा

**अमृत विचार:** वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय परिषद सभागार में राष्ट्रीय शिक्षा नीति सेल के तत्वावधान में एनईपी सारथी पहल के अंतर्गत सारथी प्रगतिपथः अनुभव से सीख विषय पर मार्गदर्शन एवं अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन में छात्र सहभागिता को मजबूत करना रहा।

संवादात्मक सत्र में वर्ष 2025 के सारथी कृष्णा गुप्ता, हिमांशु और शीतल ने वर्ष 2026 के नव-नामित सारथी गिरिराज कीर्ति किशोर, संध्यारानी गोपे और अभय प्रताप सिंह सहित अन्य विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव साझा किए। वरिष्ठ सारथियों ने एनईपी 2020 की दृष्टि, उद्देश्य और शिक्षार्थी-केंद्रित, समावेशी व बहुविषयक स्वरूप पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही संस्थागत स्तर पर एनईपी से जुड़ी गतिविधियों के संचालन के दौरान मिले अनुभव, अवसर और चुनौतियों पर चर्चा की गई। एनईपी सारथी समन्वयक डॉ. पूर्णिमा एस. भट्ट ने वर्ष 2025 के सारथियों को बधाई दी और नव-नामित सारथियों को अकादमिक मार्गदर्शन, सहपाठी संवाद और नवाचार आधारित गतिविधियों में भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि 26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान सारथियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया था।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
कैशलेस ईलाज
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नम्बर
लेजर द्वारा आंख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध
बी स्कैन द्वारा पर्दे की जांच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
8077344353
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 बजे से 5 बजे तक
निःशुल्क परामर्श
डॉ. दीपक माहेश्वरी
M.B.B.S., M.D.
Consultant Physician & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग, श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल
CARE FOR SURE
नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली 9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

न्यूज ब्रीफ

### सेवानिवृत्ति पर होमगार्ड को दी समारोह में विदाई



ओरछी, अमृत विचार : थाना फैजगंज बेहटा परिसर में शनिवार को एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसमें सेवानिवृत्त होमगार्ड नूर नगर कौड़िया निवासी जफरुद्दीन को विदाई दी गई। इस दौरान पुलिस स्टाफ ने उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। समारोह के दौरान थाना परिसर में मिठाई बांटी गई। विदाई की घड़ी में जफरुद्दीन भावुक नजर आए, उनके साथियों ने उनके साथ बिताए समय को याद किया। सहायक कंपनी कमांडर अवनीश कुमार शर्मा ने भी उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विदाई समारोह में मुख्य रूप से एसआई नरेंद्र सिंह, विकास चौधरी, मुकेश कुमार, सचिन कुमार, विक्की समेत समस्त होमगार्ड स्टाफ और पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### दिवंगत पेंशनरों के लिए दो मिनट रखा मौन

बदायूं, अमृत विचार : वरिष्ठ कोषाधिकारी विकास चौधरी की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें ऐसे पेंशनर जिनकी मृत्यु माह जनवरी के दौरान हुई उनकी आत्मा की शान्ति दो मिनट का मौन रखा गया। साथ ही श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर बेसिक शिक्षा पेंशन यूनियन के अध्यक्ष अनीस अहमद, रामकुमार शर्मा, रामबहादुर, मोहित रस्तोगी, भूपसिंह, दिव्या शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

### कार चालक पर रिपोर्ट दर्ज कराने की गुहार

बदायूं, अमृत विचार : थाना हजरतपुर के ग्राम जमालपुर निवासी महिला अनीता देवी ने शनिवार को एसएसपी को पत्र देते हुए बताया कि उसका पुत्र विवेक पिछले दिनों म्याऊ स्कूल से परीक्षा देकर बाइक से लौट रहा था ग्राम कोड़ा जयकरण के निकट 4 पहिया गाड़ी ने बाइक को टक्कर मार दी जिससे विवेक सहित दो युवक घायल हो गये। दोनों को पुलिस ने एंबुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया। एसएसपी को पत्र देकर वाहन चालक पर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है।

## हत्या के 3 दोषियों को आजीवन कारावास, जुर्माना भी लगाया

- खेत पर वरसीन लेने गई महिला की कर दी थी हत्या

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** खेत पर वरसीन लेने गई महिला की हत्या करने वाले तीन आरोपियों को दोषी पाते हुए सत्र न्यायाधीश विवेक सगल ने उम्र कैद की सजा सुनाई है। साथ ही आरोपियों पर छह छह हजार रुपए जुर्माना डाला है। जुर्माने की आधी धनराशि वादी को देने का आदेश दिया।

अभियोजन पक्ष के अनुसार वादी लटूरी पुत्र मुनव्वर निवासी गुधनी ने थाना बिल्सी में 17 फरवरी 2017 को इस आशय की शिकायत की थी कि उसकी पत्नी शजीरन घर से दरांती लेकर जंगल में वरसीन लेने गई थी। शाम तक वापस नहीं आने पर उसने अपनी पत्नी को इधर-उधर काफी तलाशा। लेकिन उसका कहीं अता पता नहीं लग सका। पीड़ित ने उसकी पत्नी की हत्या करने का का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी। इस मामले में न्यायालय में शहजादी पुत्र लियाकत अली निवासी ग्राम गुधनी थाना बिल्सी, शराफत और अली जान निवासी गण ग्राम भगता नगला थाना सहसवान पर शजीरन की हत्या करने के आरोप का मुकदमा चला। न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य का अवलोकन किया। अभियोजन पक्ष के जिला शासकीय अधिवक्ता अनिल कुमार सिंह राठौड़ व बचाव पक्ष के अधिवक्ता की दलीलों को सुनने के पश्चात उक्त आरोप में दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही सभी आरोपियों पर 6-6 हजार रुपए का जुर्माना भरने को कहा है। जिसमें से आधी रकम वादी को दिए जाने के आदेश दिए हैं।

# नई सराय मोहल्ले की सड़क गड्ढों में तब्दील

## शिकायत के बाद भी नगर पालिका प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान

- नालियों का पानी सड़क भरा होने से लोगों को हो रही दिक्कत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



टूटी रोड से गुजरता ई रिक्शा। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** विकास का दावा करने वालों को शहर के हालात दिखाई नहीं देते। टूटी सड़कें और नालियां इस बात की गवाही दे रही हैं कि शहर में किस स्तर पर विकास हुआ है। शहर के नई सराय स्थित मुख्य सड़क टूट कर गड्ढा में तब्दील हो चुकी हैं।

नालियों का पानी सड़क भरा होने से लोगों को आवागमन में दिक्कत उठानी पड़ रही है। सबसे अधिक दिक्कत सुबह के समय स्कूली बच्चों को होती है। सड़क सही कराने के लिए मोहल्ले के लोगों ने कई बार नगर पालिका प्रशासन से मांग की, लेकिन उनकी शिकायत पर जिम्मेदार गौर करने के स्थान पर आंख बंद किए बैठे हैं। जिससे लोगों पालिका प्रशासन के खिलाफ रोष है।

नई सराय पुलिस चौकी के नजदीक मुख्य मार्ग पर पिछले छह माह से टूटा पड़ा है। अब रोड की हालत ऐसी हो गई है। सड़क में गहरा गड्ढा बन गया है। जिसमें नालियों का गंदा पानी जमा होने लगा है। यह रोड शहर में सबसे व्यस्त रोड है। हर समय लोगों का आना जाना बना रहता है। रोड टूटा होने पर लोगों को आवागमन में परेशानी होती हैं। अभी कुछ दिन पूर्व हुई बारिश के दौरान रोड तालाब नजर आ रही थी। यह पता ही नहीं चल पा रहा था रोड़ कहा है। रोड पर पानी भरा होने की वजह से स्कूली बच्चों को सबसे अधिक दिक्कत होती है। उनकी ड्रेस और जूते मौजे गंदे हो जाते हैं। वहीं तीन पहिया वाहन चालकों को हादसे का डर बना रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने रोड सही कराने के लिए कई बार नगर पालिका प्रशासन को शिकायती पत्र दिया। लेकिन नगर पालिका प्रशासन ने उनकी शिकायतों पर गौर नहीं किया।

### लोगों ने बयां किया दर्द



टूटी नालियां और क्षतिग्रस्त सड़क पर जलभराव की वजह से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आवागमन में समस्या बनी हुई है। गंदगी और जलभराव के कारण बीमारियों के भी पनपने की आशंका बन गई है। **– राहुल**, किराना दुकानदार



मोहल्ला नई सराय और मुख्य मार्ग की सड़कें क्षतिग्रस्त हैं। नियमित साफ-सफाई भी नहीं हो पाती। रोड टूटा होने की वजह दिक्कत हो रही है। इस रोड से गुजरने वाले लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। **– राहुल**, रेडीमेड संचालक

सड़क का सर्वे हो चुका है। टेंडर प्रक्रिया भी लगभग पूरी हो गई है। मौसम खराब होने की वजह से काम शुरू नहीं हो पा रहे हैं। मौसम साफ होने के बाद जल्द ही निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। **– विनय कुमार**, ईओ, नगर पालिका

## डीएम ने कछला गंगा घाट का किया निरीक्षण

- तैयारियों का लिया जायजा अधिकारियों को दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



पुलिस से गंगा घाट का निरीक्षण करते डीएम अवनीश कुमार राय।

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी अवनीश राय ने माघ मेला-2026 की तैयारियों के दृष्टिगत कछला घाट स्थित गंगा पुल के ऊपर से दोनों छोरों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था का गहनता से जायजा लिया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि माघ मेले के दौरान माघ पूर्णिमा पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान हेतु कछला घाट पहुंचते हैं, ऐसे में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। पुल के दोनों ओर यातायात के सुचारु संचालन, भीड़ नियंत्रण, पार्किंग व्यवस्था, बैरिकेडिंग एवं संकेतक (साइन बोर्ड) लगाए जाने के निर्देश दिए। नामित मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रांतर्गत गंगा घाटों पर निरंतर भ्रमणशील रहकर कानून-व्यवस्था, यातायात, स्वच्छता, भीड़ नियंत्रण एवं आपात स्थितियों पर विशेष सतर्कता बनाए रखें। जिलाधिकारी ने पुलिस, प्रशासन एवं मेला आयोजन से जुड़े अधिकारियों को निर्देशित किया कि घाट क्षेत्र में प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई, अस्थायी शौचालय, पेयजल, चिकित्सा सुविधा एवं अग्निशमन व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश भी दिए।

## तीन भाइयों सहित चार को उम्रकैद

- दो पर 40-40 और दो पर 30-30 हजार रुपये जुर्माना डाला
- घर ले जाकर आरोपियों ने व्यक्ति की गोली मारकर की थी हत्या

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** उधार के रुपये के विवाद में तीन भाईयों ने साथियों के साथ एक व्यक्ति की घर ले जाकर गोली मार कर हत्या कर दी। इस प्रकरण में सुनवाई करते हुए न्यायालय ने तीनों भाइयों सहित चार आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही दो पर 40-40 और दो पर तीस तीस हजार रुपए का जुर्माना डाला है।

मामला थाना रजपुरा क्षेत्र के गांव मेंहुआ हसनगंज का है। गांव निवासी ओमवती ने अपने पति धर्मवीर की हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को बताया कि पति धर्मवीर को गांव के ही निवासी रामनिवास उर्फ पप्पू, राजेश, पप्पू, सुरेश और ईश्वर लाल मेरे घर पर आए और पति को यह कह कर ले गए कि तुमसे जो पैसा उधार लिया है वह घर आकर ले लो। उसके पति उन लोगों के साथ घर चले गए। सुबह तक जब उसके पति घर नहीं लौटे तो उसने अपने परिजनों के साथ आरोपियों के घर पहुंचकर पति के संबंध में पूछा।

जिस पर उन लोगों ने उसके पति की हत्या की बात कहते हुए कहा था कि तुम्हारा पति हमसे उधर के रुपये मांगने के लिए बार बार तगादा करता था। जिसका रात्रि में हमने काम तमाम कर दिया। उसकी लाश तिपेडा में भट्टे के पास पड़ी है। घटना स्थल पर जाकर देखा तो उसके पति की लाश पड़ी हुई थी। उनकी गोलियां मारकर हत्या की गई थी। इस प्रकरण में न्यायालय में रामनिवास उर्फ पप्पू, राजेंद्र पप्पू सुरेश, ईश्वर पाल निवासी गण ग्राम मेहुआ हसनगंज थाना रजपुरा धर्मवीर सिंह की हत्या करने मुकदमा चला। इस प्रकरण में सुनवाई करते हुए न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य का अवलोकन किया।

अभियोजन पक्ष के अपर शासकीय अधिवक्ता संजीव कुमार गुप्ता व बचाव पक्ष के अधिवक्ता की दलीलों को सुनने के पश्चात उक्त आरोप में दोषी पाते हुए आरोपियों को उम्र कैद की सजा सुनाई है। इनमें से रामनिवास और पप्पू पर 40-40 हजार रुपए और अन्य दो पर 30-30 हजार रुपये जुर्माना डाला है।

### छेड़छाड़ के आरोपी को पांच साल की सजा

बदायूं, अमृत विचार : नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ करने के आरोपी को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट दिनेश तिवारी ने पांच वर्ष के कठोर कारावास सजा सुनाई है। साथ आठ हजार रुपए जुर्माना डाला है। न्यायालय में राकेश पुत्र हंसराज निवासी ग्राम बादशाहपुर थाना बिल्सी पर नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ करने के आरोप का मुकदमा चलाया गया। न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन किया। विशेष लोक अभियोजक अमोल जौहरी व बचाव पक्ष के अधिवक्ता की दलीलों को सुनने के पश्चात उक्त आरोप में राकेश को दोषी पाते हुए सजा सुनाई है।

## विराट हिंदू सम्मेलन में दिया एकता का संदेश



हिंदू सम्मेलन में मंच पर बैठे अतिथिगण। • अमृत विचार

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** नगर के कछला रोड स्थित रंजना प्रयाग कुंज परिसर में शनिवार को सकल हिंदू समाज समिति की ओर से विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया।

सम्मेलन के मुख्य अतिथि बलदेव धाम गुधनी के पीठाधीश्वर ललितेश्वरानंद महाराज रहे, जबकि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक सुधांशु विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बिल्सी शाखा की संचालिका बीके ऊषा ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा.राजाबाबू वार्ष्णेय ने की। मुख्य अतिथि ललितेश्वरानंद ने अपने कहा कि हिंदू समाज को संगठित रहकर सनातन संस्कृति की रक्षा करनी होगी। विशिष्ट अतिथि सुधांशु ने समाज में समरसता और राष्ट्रहित में कार्य करने का आह्वान किया। कवि नरेंद्र गरल और सुबीन माहेश्वरी ने काव्य के माध्यम से लोगों को एकता के साथ रहने का संदेश दिया। इससे पहले नगर के सम्राट अशोक चौक अंबियापुर से कार्यक्रम स्थल तक लोगों ने रैली निकाल एकता संदेश देकर जागरुक किया।

यहां विधायक हरीश शाक्य, डॉ. उमेंद्र गुप्ता, चेयरपर्सन ज्ञानदेवी, पूर्व चैयरमेन अनुज वार्ष्णेय, ओमप्रकाश सागर, लोकेश बाबू वार्ष्णेय, राहुल शर्मा, रजनीश शर्मा, अर्जुन सिंह, लव शर्मा, अखिल मालपानी, आदित्य माहेश्वरी, प्रवीन श्रीवास्तव, महेश शर्मा, बीके कुमुम, अशोक मिश्रा, राहुल शाक्य आदि मौजूद रहे।

## बांदीकुई-बरेली पैसेंजर शुरू, ग्रामीण खुश



ट्रेन शुरू होने पर मिष्ठान खिलाते लोग। • अमृत विचार



बांदीकुई बरेली पैसेंजर के संचालन से समय व किराया दोनों की बचत होगी। क्षेत्र की सम्मानित जनता को आने जाने में सुगमता होगी। **– सुनील सिंह**, एडवोकेट



5 वर्षों से लगातार मांग कर रहे थे। जनता का बांदीकुई बरेली पैसेंजर ट्रेन के संचालन से राजस्थान का सफर आसान हो गया है। रेलवे प्रशासन को बधाई। **– पूजा देवी**, अधिवक्ता



बंद बांदीकुई बरेली पैसेंजर ट्रेन को चलवाने हेतु दबतोरी क्षेत्र के साथियों का धन्यवाद जिन्होंने जनता की परेशानी को देख मांग उठाई। ट्रेन शुरू हुई। **– सत्येंद्र मिश्रा**, एडवोकेट



ट्रेन के संचालन के लिए आवाज उठाने में अमृत विचार समाचार पत्र की महत्वपूर्ण भूमिका है। अमृत विचार ने क्षेत्र की जनता की आवाज को बुलंद किया जिससे ट्रेन का संचालन शुरू हुआ।

संवाददाता, बिसौली

**अमृत विचार :** बिसौली विधानसभा क्षेत्र के दबतरा रेलवे स्टेशन पर बरेली से बांदीकुई को ट्रेन सेवा एक बार फिर शुरू हो गई। बिसौली विधायक के माध्यम से दवतोरी क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले संजीव मिश्रा एडवोकेट व पवन को समर्थकों सहित पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजाराम भारती, मुकेश माहेश्वरी आदि ने फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित किया।

क्षेत्रवासी कोरोना काल से ही इस ट्रेन को चलाने की मांग कर रहे थे, दवतोरी क्षेत्र के संजीव मिश्रा एडवोकेट व पवन सिंह को क्षेत्रीय संभ्रांत जनों ने ट्रेन चलने की खुशी में पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजा राम भारती व, मुकेश माहेश्वरी, ग्राम आदपुर आदि ने समर्थकों के साथ,फूल माला पहना कर सम्मानित किया। इस मौके पर ट्रेन चालक परिचालक, दबतरा रेलवे स्टेशन मास्टर व सभी स्टाफ को मिठाई खिला गिफ्ट देकर सम्मानित किया। अनमोल चौहान, संजू चौहान, अनुज चौहान, विवेक चौहान, जगवीर सिंह राठौड़, किशोर सिंह, मनोज कुमार शर्मा एडवोकेट, क्षेत्र के पैसेंजरों ने भी उत्साह वर्धन करते हुए मुकेश महेश्वरी व पूर्व जिला पंचायत सदस्य, राजाराम भारती को, पैसेंजर द्वारा फूलमालाओं से स्वागत किया गया।

गांव करखेड़ी, निवासी मनोज शर्मा एडवोकेट, के नेतृत्व में, दवतरा रेलवे स्टेशन से मथुरा के लिए, नत्थू मीणा, संजू मीणा, चरन सिंह मीना, रघुवर दयाल, सूरजपाल मीणा, नाथू मीणा, देवेंद्र शर्मा, सौदान मीना, प्रकाश मीणा, नरेश यादव कृष्णपाल मीना, वीरपाल मीणा, आदि ने उत्साह पूर्वक ट्रेन चलने की खुशी में, मथुरा भगवान श्री कृष्ण के दर्शन हेतु ट्रेन में सफर किया। स्टेशन मास्टर सुरजीत सिंह ने पॉइंट्स मेट्स, सोमेश कुमार सहित अनेक लोगों का स्वागत किया।

मौसम | पिछले तीन दिन से कोहरा और पाला पड़ने जनजीवन हो चुका है व्यस्त

## घने कोहरे ने रोकी वाहनों की रफ्तार, रेंगते रहे वाहन

- मौसम विभाग आने वाले दिनों में जता रहा बारिश होने की संभावना

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



घने कोहरे के बीच लाइट जलाकर जाते वाहन चालक। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** जनवरी का अंतिम दिन बेहद ठंडा रहा। सुबह घना कोहरा छाया रहा। इसका प्रभाव दिन भर बना रहा। घना कोहरा छाया होने पर सुबह के समय विजिबिलिटी 10 मीटर तक रहीं। दिन भर सूरज के दर्शन नहीं हुए। ठंडी हवाएं चलती रहीं। जिसकी वजह से तापमान में तीन डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। ठंड की वजह से लोग गर्म कपडे. पहनकर और अलाव सेंकर ठंड से बचते नजर आए। कृषि विभाग ठंड से जल्दी राहत न मिलने की संभावना जता रहा है। अगले दो दिनों में बारिश होने की आशंका भी व्यक्त की है।

27 जनवरी को हुई बारिश के बाद से मौसम बदला हुआ है। सुबह शाम घना कोहरा छाया रहा है। शुक्रवार के बाद शनिवार को भी सुबह के समय घना कोहरा छाया रहा। जिसका प्रभाव दिन भर रहा। आसमान में काले बादल छाए हुए हैं। बादलों की वजह से धूप नहीं निकली। सुबह के समय घना कोहरा होने की वजह से दृश्यता 10 मीटर रही। सड़कों पर वाहन धीमी गति से चलते रहे।

ज्यादातर चालकों को लाइट जलाकर वाहन चलाना पड़ा। धूप नहीं निकलने की वजह से पूरा जिला ठंड की चपेट में रहा। शीतलहर के कारण लोग कांपते रहे। ठंड से लोगों के हाथ व पांव की उंगलियां सिकुड़ गई थीं। राहत पाने के लिए लोग अलाव का सहारा लेते रहे। बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा।

### न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज

अधिकतम 18 और न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। एक शुक्रवार को अधिकतम तापमान 23 व न्यूनतम 08 डिग्री सेल्सियस था। कृषि अधिकारी मनोज रावत ने बताया कि अगले 24 से 48 घंटों में मौसम करवट ले सकता है। हल्की बारिश होने से कोहरा कुछ हद तक साफ होने की संभावना है। वहीं प्रशासन ने वाहन चालकों से फॉग लाइट के इस्तेमाल, कम गति में वाहन चलाने और सुरक्षित दूरी बनाए रखने की अपील की है।



# अम्बा हैल्थ क्लीनिक



ISO:9001:2008 एवं Trademark Certified Clinic

डॉ.आर.एस.सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)

स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ

30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त

ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic

★पतले-दुबले ★गाल पिचके ★कमजोर स्त्री-पुरुष ★मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।

**चिकित्सा जानकारी**
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

**किसी भी प्रकार का नशा जैसे**
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

**स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं**
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना

वैवाहिक जीवन को सफल बनायें अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें

Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें

गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें

डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :-
11 जनवरी 2026, रविवार
25 जनवरी 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076


# दूषित पानी कर रहा बीमार, लोग हो रहे हेपेटाइटिस के मरीज

## हेपेटाइटिस के हैं छह हजार मरीज, चार महीने में दो हजार से अधिक मरीज बढ़े

- जांच में पुष्टि होने के बाद शुरू की जाती है दवा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



पीलिया की दवा लेने को लाइन में खड़े मरीज। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जनपद में छह हजार मरीज हेपेटाइटिस से पीड़ित हैं। इनमें से 300 मरीज हेपेटाइटिस बी के हैं जो अब जीवन भर दवा खाएंगे। पीलिया के बढ़ते मरीजों की संख्या चिंताजनक स्थिति में है जिससे चिकित्सक भी हैरान हैं।

दूषित पानी और अनियमित खान पान से हेपेटाइटिस के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। पिछले चार महीने में पीलिया के दो हजार से अधिक मरीज बढ़े हैं जिसके बाद अब जनपद में पीलिया के करीब 6 हजार से अधिक मरीज हैं जो नियमित दवा ले रहे हैं। इनमे से 300 मरीज हेपेटाइटिस बी के हैं जिन्हें जीवन भर दवा लेनी है। हेपेटाइटिस के मरीजों का उपचार करने वाले फिजीशियन डॉ. शिव मोहन कमल ने शनिवार को बताया कि अब हेपेटाइटिस के मरीजों की संख्या चिंताजनक स्थिति में है हर बार जांच को सैंपल भेजे जाते हैं जिसमें 90 प्रतिशत हेपेटाइटिस के मरीजों की पुष्टि होती है। जांच में पुष्टि होने के बाद उनकी दवा शुरू की जाती है। इनमें से हर बार 2 से पांच प्रतिशत मरीज हेपेटाइटिस के सामने आते हैं बी के मरीजों को बेहद सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। जबकि अन्य मरीजों को एक महीने तक दवा दी जाती है। उसके बाद फिर से उनका ब्लड चेक किया जाता है उसकी जांच रिपोर्ट देखने के बाद ही उनका इलाज बंद किया जाता है।

हेपेटाइटिस के बारे में चिकित्सकों ने कहा कि आज कई क्षेत्रों में लोगों को शुद्ध पानी का पानी नहीं मिल रहा है गंदा और दूषित पानी लगातार पीने से पीलिया होने का खतरा अधिक रहता है। यह लोग बीमार होते हैं तब इनकी जांच की जाती है जिसके बाद 90 प्रतिशत लोगों को हेपेटाइटिस की पुष्टि होती है। बताया कि अनियमित खान पान भी इसमें बड़ा कारण है। अधिक दिनों तक शरीर में बुखार रहता है तो हेपेटाइटिस की शिकायत देखने को मिलती है। डॉक्टरों ने बताया कि हेपेटाइटिस कई तरह की होती है। इसमे हेपेटाइटिस बी को खतरनाक श्रेणी में माना गया है। इसलिए दवा के साथ सावधानी बरतने की हिदायत दी जाती है।

### पीलिया के मरीजों को सप्ताह में तीन दिन दी जाती है दवा

जिला अस्पताल में अब तक मंगलवार और शुक्रवार को हेपेटाइटिस के मरीजों को दवा दी जाती थी, लेकिन अब मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए अब सोमवार को भी पीलिया के मरीजों को दवा दी जाती है। अब सप्ताह में तीन दिन हेपेटाइटिस के मरीजों को दवा दी जाती है जिससे मरीज दवा के अभाव में लौटकर न जाएं। डॉक्टरों का कहना है कि सोमवार मंगलवार और शुक्रवार को सुबह नौ बजे से दो बजे तक मरीजों को देख कर दवा दी जाती है।

## पांच दिवसीय समावेशी प्रशिक्षण का किया समापन

**वजीरगंज, अमत विचार :** ब्लॉक स्थित बीआरसी केंद्र पर चल रहे पांच दिवसीय समावेशी प्रशिक्षण का समापन हो गया। समापन के दौरान मास्टर ट्रेनर के द्वा दिव्यांग बच्चों को शिक्षण कार्य कराने की जानकारी दी।

मास्टर ट्रेनर तेजप्रताप ने कहा कि दिव्यांग बच्चों में अनोखी प्रतिभाएं छुपी होती हैं उन्हें केवल आपको निखारने की ज़रूरत है। मास्टर ट्रेनर प्रदन्या मिश्रा ने ब्रेल लिपि के बारे में विस्तृत जानकारी दी । सांकेतिक भाषा में श्रवण बाधित बच्चों को पढ़ने लिखने की गतितविधि के बारे में शिक्षकों को बताया।

मास्टर ट्रेनर मनीषा देवी ने बैद्धिक अक्षम बच्चों को टीएलएम के बारे में बताया। प्रशिक्षण में समावेशी शिक्षा की संकल्पना, विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का परिचय, शारीरिक बाधाओं की स्क्रीनिंग, बौद्धिक दिव्यांगता, अधिगम दिव्यांगता आदि पर समुचित प्रकाश डाला गया । इस मौके पर अतुल कुमार गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, मोहित मिश्रा, मोनिका, डॉ हिलाल अहमद, सरिता तोमर सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

# कछला गंगा घाट पर किया स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम



गंगा की स्वच्छता की शपथ लेते छात्र। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- वन विभाग ने चलाया अभियान डीएफओ ने दिलाई शपथ


**अमृत विचार :** सोत नदी के किनारे सतेती वजीरगंज मार्ग स्थित एसकेएलएम पब्लिक स्कूल में जिला गंगा समिति एवं सामाजिक वानिकी प्रभाग के तत्वावधान में गंगा की स्वच्छता के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में रंगोली प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता व क्विज का आयोजन किया गया।

विद्यालय के डायरेक्टर पीडी सिंह ने गंगा स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए सभी शिक्षक व विद्यार्थियों को गंगा को स्वच्छ रखने का आव्हान किया। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्य रजनी शर्मा ने सभी छात्र-छात्राओं को बताया कि गंगा हमारी मां है। इनको स्वच्छ रखना हम सभी का कर्तव्य है। हम सभी को चाहिए कि हमें गंगा को साफ स्वच्छ रखने के लिए एक दूसरे को प्रेरित करें जिससे की गंगा को और ज्यादा स्वच्छ बना सकें। जिला परियोजना अधिकारी अनुज प्रताप सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में सफल रहे सभी बच्चों को 1 फरवरी को जिलाधिकारी द्वारा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा। गंगा महा आरती का आयोजन भी किया जाएगा। डीएफओ निधि चौहान कोऑर्डिनेटर उपदेश कुमार, वीना सिंह, रंजीत सिंह, कमलेश कुमारी, अनम सैफी, शिवि चौहान, अजय प्रताप, सपना माहौर, शानू सिंह, शालू शंखधार, वीना कुमारी, कंचन तोमर, शिल्पी आदि मौजूद रहे।

# रुक्मिणी विवाह और कंस वध के प्रसंग सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

संवाददाता, ओरछी

- थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के ग्राम सिसरका में चल रही श्रीमद् भागवत कथा



रुक्मणी विवाह प्रसंग सुनाते आचार्य महेंद्र पाठक।

**अमृत विचार :** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के ग्राम सिसरका में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन शनिवार को भक्ति की अविरल धारा बही। कथा व्यास आचार्य महेंद्र पाठक ने भगवान श्री कृष्ण के मथुरा गमन से लेकर रुक्मिणी विवाह तक के प्रसंगों का सजीव वर्णन किया। इसे सुनकर पंडाल में मौजूद भक्त भावविभोर हो उठे।

कथा के दौरान भगवान शिव के नारी रूप धरकर रासलीला में सम्मिलित होने के प्रसंग ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। आचार्य ने बताया कि किस प्रकार महादेव, गोपेश्वर रूप में नृत्य करने पहुंचे थे। इसके पश्चात कंस वध, जरासंध का मथुरा पर आक्रमण और कालयवन वध की कथा सुनाई गई छठे दिन का मुख्य आकर्षण रुक्मणी विवाह का प्रसंग रहा। जैसे ही भगवान कृष्ण और माता रुक्मणी के विवाह की झांकी सजाई गई, पूरा पंडाल जयकारों से गूंज उठा। राधा-कृष्ण और रुक्मणी-कृष्ण की झांकियों पर भक्तों ने पुष्प वर्षा की और भजनों पर जमकर नृत्य किया। कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक आरती और मधुर भजनों के साथ की गई। दिनेश चंद शर्मा, सुनील शर्मा, जसवीर सिंह, लोकेश सिंह, मनोज सिंह, संतोष सिंह, नीतू सिंह, टिंकू सिंह, राजवीर सिंह, वीरपाल सिंह, चंद्र प्रकाश उर्फ चीकू मिश्रा सहित भारी संख्या में महिलाएं और क्षेत्रीय श्रद्धालु मौजूद रहे।

## घर में घुसकर मारपीट पुलिस में की शिकायत

**विजय नगला, अमृत विचार :** एक व्यक्ति गाड़ी खरीदने की जिद कर रहे बेटे को डांट रहा था। इस दौरान पड़ोस में रहने वाले लोग उसके घर में घुस गए और उस पर उन्हें गालियां देने का आरोप लगाकर मारपीट करने लगे।

थाना बिनावर क्षेत्र के गांव कान्हा नगला निवासी रियासत पुत्र मोहम्मद सुल्तान ने पुलिस को बताया कि हाल ही उसने अपनी जमीन बेची है। उसका बेटा गाड़ी खरीदने की जिद कर रहा है। वह अपने घर में ही अपने बच्चे को डांट रहे थे। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले अन्य लोग घर में घुस गए। कहने लगे कि तुम हम लोगों को गालियां दे रहे हैं। वह उनके सामने सफाई पेश करता उससे पूर्व ही वह लोग उसके साथ मारपीट करने लगे। चीख पुकार सुनकर आस पड़ोस के लोग एकत्रित हो गए। इसके बाद वह जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

# हैंडबुक ऑफ ग्रामर को राजकीय स्कूलों के पाठ्यक्रम में मिला स्थान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- हैंडबुक ऑफ ग्रामर के माध्यम से विद्यार्थियों में अंग्रेजी व्याकरण होगी मजबूत

**अमृत विचार :** माध्यमिक स्कूलों के विद्यार्थियों की अंग्रेजी व्याकरण को मजबूत करने का प्रयास किया जाएगा। इसके लिए प्रयागराज के आंग्ल भाषा शिक्षण संस्थान की विशेष हैंडबुक को पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। इस पुस्तक को जिले में संचालित सभी राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में उपलब्ध कराया जाएगा। प्रत्येक विद्यालय में डाक के माध्यम से विद्यालय में पहुंचेगी।

जिले में 41 राजकीय विद्यालय संचालित हैं। इनमें 20 राजकीय हाई और शेष इंटर कॉलेज संचालित हैं। इन स्कूलों में अधिकांश बच्चे ग्रामीण परिवेश से आते हैं। ग्रामीण परिवेश से आने की वजह से इनकी अंग्रेजी भाषा में पकड़ अच्छी नहीं है। यह स्थिति जिले में ही नहीं प्रदेश के अन्य जनपदों में संचालित राजकीय विद्यालयों की है। इन स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की अंग्रेजी व्याकरण में पकड़ मजबूत हो सके इसके लिए प्रयागराज स्थित आंग्ल भाषा शिक्षण संस्थान की विशेष हैंडबुक को पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। विज्ञान क्लब के जिला समन्वयक विवेक जौहरी ने बताया कि महानिदेशक स्कूल शिक्षा व राज्य परियोजना निदेशक के निर्देश पर आंग्ल भाषा शिक्षण संस्थान ने हैंडबुक ऑफ ग्रामर एंड कंपोजिशन राइटिंग फ़ॉर सेकेंडरी क्लासेज तैयार की गई है। यह हैंडबुक राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों में अंग्रेजी के व्याकरण को अतिरिक्त मजबूती देगी। बताया कि पहले चरण में इस पुस्तक को राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में अंग्रेजी शिक्षकों को उपलब्ध कराया जाएगा।

### वेबसाइट पर भी उपलब्ध है पुस्तक

विज्ञान क्लब के जिला समन्वयक विवेक जौहरी ने बताया कि बच्चों को सुलभता के साथ पुस्तक प्राप्त हो सके इसके लिए आंग्ल भाषा शिक्षण संस्थान के द्वारा अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर भी अपलोड की गई है। जिसे स्कूल संचालक और विद्यार्थी निशुल्क डाउनलोड कर सकते हैं।

## निरीक्षक समेत तीन पुलिसकर्मी हुए सेवानिवृत्त

**बदायूं, अमृत विचार:** निरीक्षक मनोहर सिंह, उपनिरीक्षक दुष्यन्वीर सिंह, उपनिरीक्षक सुभाष चंद्र सेवानिवृत्त हो गए हैं। शनिवार को पुलिस लाइन स्थित सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने पुलिसकर्मियों को शॉल उड़ाकर और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सेवानिवृत्त कर्मचारियों के बारे में बताते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। एसपी सिटी विजयेंद्र द्विवेदी, एसपी देहात डॉ. हृदेश कठेरिया, सीओ सिटी रजनीश उपाध्याय, प्रतिसार निरीक्षक इंद्रजीत सिंह के अलावा सेवानिवृत्त कर्मचारियों के परिजन मौजूद रहे।

# रेफर नहीं किए जाएंगे हार्ट अटैक के मरीज

केपी शर्मा, बदायूं



मरीज को देखते डॉ. एसएम कमल।

**अमृत विचार :** अब हार्ट अटैक के मरीजों को रेफर नहीं किया जाएगा। जिला अस्पताल में उनका इलाज किया जाएगा। स्टमी कार्यक्रम के अंतर्गत मरीजों के इलाज की व्यवस्था की गई है। जिसके अंतर्गत सर्दी के मौसम में दो महीने में सात लोगों की जान बचाई जा चुकी है।

आधुनिक युग की भागदौड़ भरी जिंदगी में जहां आदमी को तमाम बीमारी जकड़ रही हैं। हार्ट अटैक की समस्या विकराल रूप धारण कर चुकी है। जिससे आए दिन मौत हो रही हैं। अब तक जिला अस्पताल में हार्ट अटैक के मरीजों के इलाज की व्यवस्था नहीं थी। मरीजों को बरेली, दिल्ली, आगरा, अलीगढ़ या फिर सैफई रेफर किया जाता था। जिससे मरीजों की जान बचाना मुश्किल हो जाता था। चिकित्सकों के अनुसार अगर हार्ट अटैक के मरीज को त्वरित उपचार न मिले तो उसको बचा पाना मुश्किल हो जाता है। समय पर उपचार नहीं मिलने पर असमय ही लोगों की जान चली जाती है। अब केंद्र और राज्य सरकार के सहयोग से स्टमी कार्यक्रम शुरू किया है। अब हार्ट अटैक के मरीजों को जिले से बाहर ले जाने की जरूरत नहीं है। जिला अस्पताल में स्टमी के तहत हार्ट अटैक के मरीजों का उपचार होगा। इसके लिए वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. एसएम कमल के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई है। टीम हार्ट अटैक के मरीज को अटेंड करेगी। फौरी तौर पर राहत देने को टैक्टिक्स इंजेक्शन देगी। जिससे मरीज की बंद नस खुल जाएगी और उसके बाद उसे बाहर ले जाया जा सकेगा। डॉ. एसएम कमल ने बताया कि नसें बंद होने की वजह से हार्ट अटैक होता है। अगर नस समय पर खुल जाए तो मरीज की डेथ नहीं होगी। उसका उपचार किया जाएगा और मरीज ठीक हो जाएगा। यह सुविधा हालांकि महंगी है फिर भी सरकार की ओर से जिला अस्पताल में दिसंबर महीने से शुरू कर दी गई है। अब मरीज को इंजेक्शन नसें खोली जाएंगी और फिर अलीगढ़ के लिए रेफर किया जाएगा।

जिला असपताल | लगातार कम हो रहे डॉक्टर, अस्पताल प्रशासन की बढ़ गईं मुश्किलें

# दो डॉक्टरों ने छोड़ी नौकरी, मरीजों को होगी परेशानी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं




ओपीडी के बाहर मरीजों की भीड़।

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में दो डाक्टरों ने नौकरी से स्तीफा दे दिया जिसके बाद डाक्टरो की संख्या में और कमी हो गई है। इस बार ईएनटी और टेलमेडिशन डॉक्टर ने इस्तीफा दिया है। इसके बाद डाक्टरों की संख्या घट कर 28 रह गई है।

जिला अस्पताल में कुल डाक्टरों की संख्या 30 थी। इनमें रेगुलर डॉक्टर 18 थे, जबकि 22 डॉक्टर संविदा वाले थे। डॉक्टरों की कमी से पहले जूझ रहे जिला असपताल में अब ईएनटी डाक्टर चक्रेश गुप्ता ने शनिवार को नौकरी से इस्तीफा दे दिया। ईएनटी के दो डॉक्टर थे। चक्रेश के इस्तीफे के बाद अब मात्र एक डॉक्टर बचा है जो जिले भर के मरीजों का उपचार करेगा।

दूसरी डॉक्टर टेलमेडिसिन प्रियंका हैं। प्रियंका ने भी शनिवार को नौकरी से इस्तीफा दिया है। प्रियंका मरीजों को दवा समझाती थीं। कौन सी दवा किस समय देनी है। मरीज को कब खाना है आदि की जानकारी देती थी। प्रियंका अकेली इस पद पर थीं। उनके जाने के बाद अब दूसरा डॉक्टर मरीजों को जानकारी देने वाला नहीं है। एक साथ दो डाक्टरों के जाने से अस्पताल प्रशासन को फिर दिक्कत शुरू हो गई है। इससे पहले दिसम्बर में आरोग्य मंदिरों पर तैनात दो चिकित्सकों ने अपने पद से इस्तीफा दिया था। इसके बाद आरोग्य मंदिरो पर भी डाक्टरों की कमी हो गई जो आज तक पूरी नहीं हुई है। सीएमएस डॉ. अमित वार्ष्णेय ने बताया कि शनिवार को दो डाक्टरों ने नौकरी से इस्तीफा दिया है जिससे डाक्टरों की कमी और बढ़ गई है। बताया कि 76 डॉक्टरों के पद थे जिसमें से केवल 30 डॉक्टर ही कार्यरत थे उनमें से अब दो और डाक्टरों ने नौकरी छोड़ दी है। इसलिए अब एक बार फिर डाक्टरों की कमी से परेशानी होगी। कहा कि काम चलाया जाएगा। दूसरे डाक्टर ईएनटी के हैं जो मरीजों को देखेंगे लेकिन प्रियंका की जगह दूसरा विकल्प तैयार किया जाएगा।

### अस्पताल में बाल रोग चिकित्सक भी नहीं

जिला अस्पताल में कई तरह की समस्याएं हैं। पहले से ही डाक्टरों की कमी से मरीजों को बाहर को रेफर किया जाता था, लेकिन अब कान नाक के डाक्टर की कमी हो गई। हृदय रोग विशेषज्ञ का पद रिक्त है, जबकि बाल रोग चिकित्सक भी नहीं हैं। जिला असपताल आने वाले छोटे बच्चों को दूसरी जगह भेजा जाता है। बाल रोग चिकित्सक डॉ. कप्तान सिंह हैं, लेकिन उनकी नियमित सेवाएं नहीं मिलने से बच्चों का उपचार नहीं हो पा रहा है।

## न्यूज डायरी



### ब्यौर कासिमाबाद गांव में प्रभात फेरी श्रद्धा और उल्लास के साथ निकाली

**इस्लामनगर, अमृत विचार :** माघ पूर्णिमा से एक दिन पूर्व क्षेत्र के गांव ब्यौर कासिमाबाद में परंपरागत प्रभात फेरी श्रद्धा और उल्लास के साथ धूमधाम से निकाली गई। प्रभात फेरी में देवी-देवताओं झांकियां, भगवान शंकर-पार्वती एवं राधा-कृष्ण के मनमोहक स्वरूप आकर्षण का केंद्र रहे। भक्तिमय माहौल के बीच सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए थे। शनिवार को करीब दोपहर 12 बजे प्रभात फेरी का आरंभ किया गया। सबसे आगे ट्रैक्टर-ट्रॉली पर भगवान गणेश की झांकी निकाली गई। इसके पश्चात भगवान भोलेनाथ, पालकी में विराजमान राधा-कृष्ण की झांकियों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। झांकियों के पीछे शिव-पार्वती और राधा-कृष्ण के रूप में सजे कलाकार भक्ति गीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर रहे थे। थाना प्रभारी उदयवीर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे। इसके अलावा उधैती थाना पुलिस, पीएसी तथा महिला पुलिस कांस्टेबलों की भी तैनाती की गई थी। कुछ दिन पूर्व प्रभात फेरी को लेकर गांव में हुए विवाद और बवाल के बाद पुलिस प्रशासन अतिरिक्त सतर्कता बरत रहा था।



### प्रभात फेरी में ढोल-नगाड़ों के साथ भजनों की सुनाई दी धुन

**ओरछी , अमृत विचार :** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव सिसरका में शनिवार को माघ पूर्णिमा से एक दिन पहले भक्ति और आस्था का अनूठा संगम देखने को मिला। गांव में प्रभातफेरी निकाली गई, जिसमें नन्हे-मुन्ने बच्चे देवी-देवताओं के रूप में सजे नजर आए। प्रभात फेरी में ट्रैक्टर-ट्रालियों पर सजाई गई देवी-देवताओं की झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। गांव के छोटे-छोटे बच्चों ने भगवान गणेश, हनुमान जी और राम-सीता का स्वरूप धारण किया। इन नन्हे स्वरूपों के दर्शन के लिए ग्रामीणों भीड़ उमड़ पड़ी। जैसे ही ढोल-नगाड़ों के साथ भजनों की धुन सुनाई दी तो श्रद्धालु खुद को थिरकने से नहीं रोक पाए और पूरा गांव जय श्रीराम के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा। क्षेत्र के बुजुर्गों ने बताया कि माघ में प्रभात फेरी निकालने की परंपरा सदियों पुरानी है। गांव में दो अलग-अलग स्थानों से निकली प्रभात फेरियों में भारी संख्या में ग्रामीण और बच्चे मौजूद रहे। वहीं पूरे क्षेत्र में गांव-गांव प्रभात फेरी का आरंभ हुआ।



### पांच दिवसीय समेकित शिक्षण कार्यक्रम का किया समापन

**बिसौली, अमृत विचार :** पांच दिवसीय बीआरसी बिसौली में चल रहा समेकित शिक्षण कार्यक्रम शनिवार को संपन्न हो गया। इस कार्यक्रम में बिसौली शिक्षा खंड के 60 शिक्षक शिक्षकाओं ने प्रतिभाग किया, जिनको मास्टर ट्रेनर (टीओटी) रजनेश कुमार सिंह, मुकेश कुमार सुनीता यादव ने योजना के तहत प्रशिक्षण दिया। इस प्रशिक्षण में दिव्यांग बच्चो को पढ़ाने की तकनीकि और उनकी गतिविधियों से सम्बंधित प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के पांचवे दिन खंड शिक्षाधिकारी के दिशा निर्देशन में प्रशिक्षण संपन्न हुआ, इस दौरान सभी प्रतिभागी उपस्थित रहे।



### शरह बरौलिया में गमादेवत मंदिर पर कराया भंडारा

**बिसौली, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम शरह बरौलिया में शनिवार को ग्राम देवी गमादेवत मंदिर परिसर में अखंड रामायण के बाद भंडारे का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। यह आयोजन माघ माह के अवसर पर प्रभात फेरी निकालने वाली कीर्तन मंडली एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से संपन्न हुआ। टिंकू कटिया, कुलदीप कटिया, विनीत कटिया, रवींद्र कटिया, विवेक, ठाकुर देवपाल, राकेश शंखधार, पापु दुबे, हरीश रावत, कन्हैया मौर्य, राजवीर कश्यप, धर्मवीर कश्यप, पवन गुप्ता, सोनू उपाध्याय रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### शोभायात्रा में गूंजे मां काली और भैरव बाबा के जयकारे

**कुंवरगांव, अमृत विचार :** सालारपुर ब्लाक क्षेत्र के गांव हसनपुर स्थित ग्राम देवी मंदिर परिसर में मां काली व भैरव बाबा की मूर्ति स्थापना की जा रही है। धार्मिक अनुष्ठान के चलते गांव के लोग भक्ति रस में डूबे हुए हैं। शनिवार को ढोल-नगाड़ों और बैंड-बाजों के साथ लोगों ने शोभायात्रा निकाली। जिससे गांव का माहौल भक्तिमय बन गया। शोभायात्रा पर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। महिलाएं मंगल गीत गाती रहीं, वहीं युवाओं और बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। हर ओर जयकारों की गूंज रही। आयोजन समिति के अनुसार एक फरवरी को विधि-विधान के साथ मां काली व भैरव बाबा की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न कराई जाएगी। धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में ग्रामवासियों का सहयोग सराहनीय रहा। इस अवसर पर ज्ञानेंद्र सिंह, खेमपाल सिंह, गोविंद सिंह, रामरतन, अंकित सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### पंचायत चेयरमैन ने सेवानिवृत्ति पर सफाई कर्मी को दी विदाई

**उसहैत, अमृत विचार :** नगर पंचायत में कार्यरत सफाई कर्मचारी रामदास वाल्मीकि के सेवानिवृत्त होने पर पंचायत ईओ और चेयरमैन नवाब हसन ने शॉल ओढ़ाकर और फूल माला पहना का विदाई दी। साथ ही सेवाकाल के दौरान उनके द्वारा किए गए कार्य की सराहना की। इस मौके पर रजा हसन, राजीव भारद्वाज, अशोक शाक्य, सुखराम, अलीजान, मुजीब हसरत सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### बॉलीवुड एक्टर अरुण बख्शी आज आएंगे तैयारियां पूरी

**बदायूं, अमृत विचार :** सिने आर्टिस्ट एंड वर्कर्स वेलफेयर फेडरेशन के तत्वावधान में रविवार 1 फरवरी की शाम 6 बजे से रुहेलखंड टैलेंट अवार्ड 2025-26 एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन ऑडिटोरियम, डीएम चौराहा में होगा। आयोजन में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के साथ बॉलीवुड के मशहूर फिल्म अभिनेता व गायक अरुण बख्शी मनोरंजक प्रस्तुति देंगे। इसके उपरांत रुहेलखंड मंडल के जनपद शाहजहांपुर, बरेली, पीलीभीत, रामपुर और बदायूं के प्रतिभाशाली कलाकारों को अरुण बख्शी द्वारा सम्मानित व पुरस्कृत किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम की समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। कार्यक्रम के लिए कोई एंट्री फीस नहीं रखी गई है। आयोजकों ने बताया की कार्यक्रम को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

### भारतीय बौद्ध महासभा आज मनाएगी रविदास जयंती

**बदायूं, अमृत विचार :** भारतीय बौद्ध महासभा के तत्वावधान में रविवार एक फरवरी को रविदास जयंती मनाई जाएगी। कार्यक्रम का आयोजन अंबेडकर पार्क में होगा। जिसमें इंजीनियर एसडी भास्कर मुख्य अतिथि रहेंगे। कार्यक्रम में प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों के लिए सम्मानित किया जाएगा।

# 4 फरवरी से शुरू हो रहे सहालग बाजार में सक्रिय हुए मिलावटखोर

## मिलावटी दूध, पनीर और खोया बाजार में खपाने की कर रहे तैयारी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● **धंधेबाज सिंथेटिक पाउडर के दूध से छेना और खोया आदि कर रहे तैयार**

"सहालग और त्योहार के दौरान अभियान चलाया जाता है। दूध, पनीर और खोया सहित अन्य खाद्य पदार्थ के सैंपल लिए जाते हैं। अब फिर से अभियान चलाया जाएगा। - सीएल यादव, सहायक खाद्य आयुक्त द्वितीय

**अमृत विचार :** मांगलिक कार्य 4 फरवरी से शुरू हो रहे हैं। शादी समारोह की शुरुआत होने की आहट के बाद खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वाले भी सक्रिय हो गए हैं। धंधेबाज मिलावटी दूध, पनीर और खोया खपाने की तैयारी में लगे हैं। यह लोग सिंथेटिक पाउडर के दूध से छेना और खोया आदि तैयार कर रहे हैं। इसे चमकाने के लिए सोडा आदि केमिकल का इस्तेमाल किया जा रहा है, जो कि सेहत के लिए हानिकारक साबित हो सकते हैं। ऐसे में सहालग के सीजन में मिठाइयों की खरीदारी करने में सतर्कता जरूरी है।

मकर संक्रांति से खरमास तो समाप्त हो गया था, लेकिन शुक्र के अस्त होने की वजह से मांगलिक कार्य शुरू नहीं हो सके। वसंत पंचमी के बाद सहालग की शुरुआत हो चुकी है। इसमें 4 फरवरी से शादी विवाह कार्यक्रम का आयोजन शुरू हो जाएंगे। जिन घरों में शादी समारोह का आयोजन हो रहा है, उन घरों में तैयारियां चल रही हैं। बाजारों में खाद्य पदार्थ की खरीदारी की जा रही है। वहीं सहालग नजदीक देख धंधेबाज भी सक्रिय हो गए हैं। इनमें सबसे अधिक सक्रियता मिठाईयों में मिलावट करने वालों की है। सहालग मे मिठाईयों और पनीर की मांग पूरी करने के लिए यह लोग दूसरे जनपदों से डिब्बाबंद मिठाई और पनीर मंगा रहे हैं। ऐसे में बाजार से मिठाइयों की खरीदारी करते समय मिलावट से सावधान रहने की जरूरत है। डॉक्टरों का कहना है कि मिलावटी मिठाई, दूध और पनीर सहित अन्य खाद्य पदार्थ बाजार से जांच परख के बाद ही बाजार से खरीदें। यह मिलावटी मिठाई और पनीर लोगों को बीमार कर सकते हैं। जानकार बताते हैं कि मिलावटखोर मुनाफा कमाने के लिए लोगों की सेहत की परवाह तक नहीं करते। दूध एवं उससे बनने वाले खोया, पनीर आदि में मिलावट की सबसे ज्यादा आशंका रहती है। इसे खाने के बाद पेट संबंधी बीमारी हो जाती है। जो बेहद नुकसानदायक है। दो दिन बाद सहालग शुरू हो रहे हैं। ऐसे में मिलावटखोर बाजार में मिलावटी मिठाई को खपाने की तैयारी में लग गए हैं।

### दूसरे जनपदों से आती है डिब्बाबंद मिठाई

जानकारों का कहना है कि शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र के दुकानदार मिठाई की डिमांड को देखते हुए दूसरे जनपदों से डिब्बाबंद मिठाई मंगाते हैं। यह मिठाई कासगंज, एटा, चंदौसी, मेरठ, मुरादाबाद, रामपुर, शाहजहांपुर सहित स्थानीय लोकल बाजार से मंगाई जाती है। ऐसे में मिठाई खरीदने के दौरान सावधानी जरूरी है। इसमें केमिकल युक्त पाउडर, सस्ता वनस्पति घी और रिफाइंड ऑयल का इस्तेमाल होता है। यह शहर के तमाम जगहों पर बिकती हुई दिख जाएगी। जोकि सेहत के लिए बेहद खतरनाक है।

# क्षतिग्रस्त बिजली का पोल दे रहा है हादसे को दावत

**कुंवरगांव, अमृत विचार :** नगर के बिजली घर से चंद कदमों की दूरी पर, बाइक एजेंसी के निकट बिजली का एक खंभा काफी समय से क्षतिग्रस्त अवस्था में है। स्थानीय लोगों के अनुसार इस खंभे में अक्सर ही करंट रहता है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

लोगों ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित विभाग को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई सुध लेने नहीं पहुंचा है। सड़क किनारे खड़े जर्जर खंभे के कारण कभी भी हादसा हो सकता है। यहां से राहगीर, ग्राहक और दोपहिया वाहन चालक बच्चों के साथ साथ अन्य लोग भी गुजरते रहते हैं, जिससे खतरा और बढ़ गया है। स्थानीय लोगों में बिजली विभाग की इस लापरवाही को लेकर भारी नाराजगी है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस टूटे खंभे को ठीक नहीं किया गया, तो किसी दिन जानमाल का नुकसान हो सकता है। नगरवासियों ने बिजली विभाग के अधिकारियों से जल्द से जल्द समस्या का समाधान कराने की मांग की है।

# गन्ना विभाग ने टीम गठित कर शुरू किया सर्वे

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● **बिचौलियों पर होगी कार्रवाई बैठक कर बनाई रणनीति**

**अमृत विचार :** बिसौली चीनी मिल बंद हो जाने के बाद अब गन्ना विभाग ने बिचौलियों पर लगाम कसनी शुरू कर दी है। विभाग ने क्षेत्र में अपनी टीमें लगा कर अवैध रूप से गन्ना खरीद पर पड़ताल शुरू कर दी है। साथ ही गन्ना किसानों से आग्रह किया है कि औने पौने दामों पर गन्ना न बेचे उनका गन्ना दूसरी चीनी मिल को दिया जाएगा।

बिसौली चीनी मिल को गन्ना नहीं मिलने के बाद मिल प्रबंधन ने बंद कर दिया। जिससे अब गन्ने की अवैध बिक्री की आशंका बढ़ गयी है। इ गन्ने की अवैध खरीद रोकने को गन्ना विभाग ने अपनी बीस सदस्यी टीम गठित कर जिले भर में उतार दी है। यह टीम पड़ताल करेगी कि किस क्षेत्र में किस चीनी मिल का अभी कितना गन्ना खेतों में खड़ा है। कहीं उक्त किसान औने पौने दामों पर बिचौलियों के हाथों तो नहीं बेच रहे हैं।

गन्ना विभाग ने किसानों को आग्रह किया है कि विभाग ने एक प्रस्ताव शासन को भेजा है जिसमें दूसरी चीनी मिल को गन्ना देने की बात कही गयी है। उक्त प्रस्ताव स्वीकृत होते ही किसानों का शेष गन्ना उस चीनी मिल पर बेंचने की अनुमति दी जाएगी। जिससे गन्ना किसान को उसकी उपज का पूरा दाम मिलेगा। जिला गन्ना अधिकारी अशर्फी लाल ने बताया कि उनकी टीम क्षेत्र में भ्रमण कर रही है। यदि कहीं अवैध रूप से गन्ना खरीदा जा रहा है तो खरीदार के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। किसानों को सूचित किया गया है कि बिचौलियों से सतर्क रहें और अपना गन्ना चीनी मिल पर ही डालें इसके लिए गन्ना विभाग प्रयास कर रहा है। गन्ना किसानों को घाटा नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि गन्ना किसानों का भुगतान समय पर कराया जाएगा।

### शेखूपुर चीनी मिल ने किया 11 करोड़ का भुगतान

**बदायूं, अमृत विचार :** शेखूपुर सहकारी चीनी मिल ने शनिवार को गन्ना किसानों को 11 करोड़ का भुगतान कर दिया। चीनी मिल ने अब तक किसानों को कुल 19 करोड़ 15 लाख 48 हजार का भुगतान किया है। भुगतान करने के बाद अब चीनी मिल पर कुल नौ करोड़ 65 लाख का बकाया है। शनिवार को शेखूपुर चीनी मिल प्रबंधन को सरकार की ओर से 11 करोड़ की धनराशि प्राप्त हुई है। उक्त धनराशि मिलते ही चीनी मिल ने 11 करोड़ का भुगतान गन्ना किसानों को कर दिया। मिल प्रबंधन के अनुसार 13 दिसंबर 25 से 7 जनवरी 26 तक का पूरा भुगतान कर दिया गया है।

# सड़क हादसे में एक की मौत, दूसरा घायल

संवाददाता, इस्लामनगर

● **खड़े ट्रैक्टर से बाइक टकराने से हुई दुर्घटना**

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात सड़क हादसा हो गया। नूरपुर पिनौनी मोड़ पर खड़े ट्रैक्टर से बाइक टकरा जाने के कारण बाइक सवार की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया।

शुक्रवार रात एक व्यक्ति छोटे ट्रैक्टर से नूरपुर पिनौनी मोड़ स्थित पेट्रोल पंप पर तेल लेने आया था। ट्रैक्टर चालक ने मोड़ से नीचे उतरकर ट्रैक्टर सड़क किनारे खड़ा कर दिया और कैन में तेल लेने पेट्रोल पंप पर चला गया। इस दौरान सहसवान की ओर से बाइक पर सवार होकर दो लोग आ रहे थे। अंधेरा होने के कारण बाइक सवारों को सड़क पर खड़ा ट्रैक्टर दिखाई नहीं दिया और उनकी बाइक ट्रैक्टर से टकरा गई।

हादसे में बाइक सवार उघैती थाना क्षेत्र के गांव करनपुर निवासी तिलक सिंह (50) पुत्र कन्हाई लाल और उनका एक साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची, दोनों घायलों को सीएचसी रुदायन भेजा गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने दोनों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान तिलक सिंह ने दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया है और मामले की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# महिला का मिला शव, हत्या की आशंका

संवाददाता, सहसवान

**अमृत विचार:** कांशीराम कॉलोनी में वृद्ध महिला का शव मिला। महिला के शरीर पर चोट के निशान हैं। जिस पर हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने एक युवक को संदेह के आधार पर हिरासत में लिया है। फॉरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य जुटाए। एसपी देहात डॉ. हृदेश कठेरिया ने घटना स्थल का निरीक्षण किया।



घटना स्थल पर विलाप करती महिलाएं। ● अमृत विचार

मोहल्ला जहांगीराबाद निवासी विधवा जावित्री (65) पत्नी गोकरनी काफी समय से मोहल्ले के पास कांशीराम कालोनी में रह रही थीं। उनका बड़ा पुत्र हरिओम पत्नी बच्चों के साथ जहांगीराबाद मोहल्ले में रहता है। वह इस समय इटावा में नुमाइश में काम करने गया है। छोटा अविवाहित पुत्र सौदान मां के साथ रहता था। वह इस समय अलीगढ़ मेले में काम करने गया है। वह अपने आवास में अकेली रह रही थीं। शनिवार को जावित्री सुबह देर तक बाहर नहीं आईं तो पडोस की एक बच्ची उनके घर गई तो उसने उनका शव चारपाई पर पड़ा देखा। चीखते हुए वह बाहर आई तो लोगों को घटना के बारे में पता चला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई।

● **एसपी देहात ने किया घटना स्थल का निरीक्षण, जांच में जुटी पुलिस**

महिला के चेहरे और हाथ पर चोटों के निशान थे। इससे आशंका जताई जा रही है कि वृद्धा की हत्या की गई है। फॉरेंसिक टीम ने जांच शुरू कर दी। पुलिस ने संदेह के आधार पर कॉलोनी के एक युवक को हिरासत में लिया है। सीओ अशोक कुमार और एसपी देहात डॉ. हृदेश कठेरिया भी घटना स्थल पर पहुंच गए और निरीक्षण करने के साथ पुलिस को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कोतवाल धनंजय सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया है। रिपोर्ट के आधार पर और तहरीर मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी। कालोनी के लोगों ने बताया कि पुलिस ने जिस युवक को हिरासत में लिया है, वह वृद्धा के छोटे पुत्र का परिचित है और कुछ दिनों से वृद्धा के साथ रह रहा था।

# बच्चों को दी कुष्ठ रोग संबंधी जानकारी

**ककराला, अमृत विचार:** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत कस्बा स्थित मदरसा अल-बरकात में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें शिक्षकों ने बच्चों के को कुष्ठ रोग संबंधी जानकारी दी। शिक्षक मोहम्मद जीशान खान बच्चें को कुष्ठ रोग के लक्षण बताए। कहा कि इस रोग से रोगी के शरीर पर दाग धब्बों का हो जाते हैं। शरीर सुन्न हो जाता है। खुजली होना। बाल गिरना आदि लक्षण है। बताया गया कि कुष्ठ रोग के उपचार के लिए एमडीटी का उपयोग किया जाता है। जो कि सभी सरकारी अस्पतालों में निशुल्क उपलब्ध है।

# हाईवे पर टकराए वाहन, ट्रैक्टर के हुए टुकड़े

विजय नगला

**अमृत विचार :** शुक्रवार रात बरेली बदायूं हाईवे पर अलग-अलग स्थानों पर वाहन आपस में टकरा गए। गनीमत रही कि रोड हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। सूचना पहुंची पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को थाने में खड़ा कराया है।

बीती रात हाईवे स्थित गांव मलगांव के पास एक डस्टर कार किसी अज्ञात वाहन के पीछे से टकरा गई। कार के टकराने के दौरान उसके पीछे चल रहा एक ट्रक भी उस कार में पीछे से भिड गया। गनीमत रही कार में सवार दो लोग बदायूं जा रहे थे बाल बाल बच गए।

दूसरा हादसा गांव रसूलपुर के पास रोड पर हुआ। यहां ट्रैक्टर को बरेली से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। अज्ञात वाहन की टक्कर से ट्रैक्टर के दो टुकड़े हो गए। ट्रैक्टर पर सवार चालक बाल बाल बच गया।



थाने में खड़ी क्षतिग्रस्त गाड़ी। ● अमृत विचार

● **सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को थाने में खड़ा कराया**

सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त कार और ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया। उन्हें थाना परिसर में खड़ा करा लिया है। संबंध में थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह ने बताया अभी किसी की ओर से तहरीर नहीं मिली है तहरीर आने पर कार्रवाई की जाएगी। बरेली बदायूं हाईवे पर निर्माण कार्य चल रहा है।

जगह-जगह रोड को बंद कर रखा है। रोड वनवे होने की वजह से वाहन चालकों को दिक्कत हो रही है। जिसके चलते हादसों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। बीती रात हुए हादसे इसी का परिणाम हैं।

# रोजा सूफी उर्स कुल का हुआ समापन



सूफी सिब्ते अहमद के उर्स में कलाम पढ़ते मेहमान खतीब। ● अमृत विचार

संवाददाता, वजीरगंज

● **समापन पर महफिले मीलाद के साथ पेश की गईं तकरीरें**

**अमत विचार:** हजरत सूफी सिब्ते अहमद के तीन रोजा उर्स शरीफ में कुरआन ख्वानी महफिले मीलाद के बाद शुक्रवार की शाम कुल फातिहा के साथ समापन हो गया।

उर्स शरीफ में आयोजित जलसे में गजरौला से आये अल्लामा मौलाना इदरीस रज़ा बरकाती ने कहा की तालीम इंसान की तरक्की के लिए बेहद जरूरी है। तालीम से ही इंसान को इंसानियत का शऊर आता है । खानकाह आलिया कादरिया मुहम्मदिया बरेली से आए मियां हुजूर ने हुजूर ने अदब के मक़ाम के बारे में बताया। हाफिज जीशान ने कहा अगर कोई सिलसिला होता है तो उसे फैज हजरत अली के दर का मिलता है।

निजामत कर रहे शायर हिलाल बदायूंनी ने कहा-क्यूं कहीं पर सर झुकाएं आपके होते हुए। क्यूं किसी को दें सदाएं आपके होते हुए, मनकबत के लफ्ज सारे आप ही के नाम हैं। हाफिज जियाउल साबरी ने कहा-अब और न गुलाम को तड़पाइए हुजूर। महफिल सजी हुई है चले आइए हुजूर। हाफिज रिजवान रजा ने कहा-ये दिल भी हुसैनी है ये जान हुसैनी है। हम सुन्नी मुसलमाँ हैं ईमान हुसैनी है।

# जयंती पर बनवारी सिंह को किया याद

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** समाजवादी आंदोलन के स्तंभ, कर्मठ संगठनकर्ता एवं स्व. बनवारी सिंह यादव की 77वीं जयंती पर जनपद में गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सांसद आदित्य यादव ने स्व. बनवारी सिंह यादव के सामाजिक, राजनीतिक एवं संगठनात्मक योगदान को याद करते हुए उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की।

सांसद आदित्य यादव ने कहा कि स्व. बनवारी सिंह यादव का जीवन इस बात का सजीव उदाहरण है कि राजनीतिक सत्ता का साधन नहीं, बल्कि सेवा, संघर्ष और सिद्धांतों का संकलन है। वे अनुशासन, समय पालन और जिम्मेदारी की मिसाल थे। उन्होंने कहा कि बनवारी सिंह ने अपना संपूर्ण जीवन जनता की निस्वार्थ सेवा में समर्पित कर दिया। अंत में कहा कि आज उनकी 77 वीं जयंती पर उनकी याद में हम समाजवादी विचारधारा को और मजबूत करें, संगठन को सशक्त बनाएं और बदायूं सहित पूरे प्रदेश की जनता के हक, सम्मान और अधिकारों की लड़ाई पूरी ताकत से लड़ें।



स्व. बनवारी सिंह की जयंती पर बोलते सांसद आदित्य यादव व अन्य जनप्रतिनिधि।

● **सांसद बोले-अनुशासन, समय पालन और जिम्मेदारी की मिसाल थे बनवारी सिंह**

कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष आशीष यादव, सहसवान विधायक ब्रजेश यादव, शेखुपुर विधायक हिमांशु यादव, पूर्व विधायक आर.के. शर्मा, पूर्व विधायक हाजी बिट्टन, पूर्व विधायक भूपेंद्र सिंह, पूर्व विधायक राजेश यादव,सुरेश पाल चौहान, फखरे अहमद शोबी, खजाना देवी, सुनीता पाल, उदयवीर शाक्य, सुनील यादव, सुरेंद्र यादव, सुरेंद्र सागर, रजनीश गुप्ता, रचित गुप्ता, लड्डन मियां, अशोक यादव, सतीश यादव, पीयूष रंजन, सतीश प्रेमी, मोहर सिंह पाल, राजेंद्र गुरु, चंद्रकेश गुरु, शुभलेश यादव सहित समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

# स्कूल में विद्यार्थियों को दी गई विदाई

**बिल्सी, अमृत विचार :** नगर के बाबा इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए कक्षा 11वीं के छात्रों द्वारा भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ विद्यालय चेयरमैन नरेन्द्र बाबू वार्ष्णेय, कमलेश वार्ष्णेय, विद्यालय डायरेक्टर अनुज वार्ष्णेय, राज कुमार गुप्ता, साधना वार्ष्णेय, वीना गुप्ता, डॉ. मेघा वार्ष्णेय व प्रधानाचार्य रूपा माहेश्वरी ने किया। विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विदाई समारोह में तन्मय मौर्य को मिस्टर फेयरवेल एवं वंशिका माहेश्वरी को मिस फेयरवेल चुना गया, जिन्हें डायरेक्टर समेत कई लोगों ने क्राउन व सेस पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रशासक अमित माहेश्वरी सहित समस्त विद्यालय परिवार कार्यक्रम में उपस्थित रहा।

# हिंदू सम्मेलन की तैयारी को कमेटी गठित

**बदायूं, अमृत विचार :** संघ शताब्दी वर्ष पर होने वाले हिंदू सम्मेलन के संबंध में सलारपुर मंडल की आयोजन समिति की बैठक सलारपुर ब्लाक में हुई। बैठक में विभाग कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जगजीवन राम उपस्थित रहे। आयोजन समिति की प्रथम बैठक में समिति ने सर्वसम्मति से हिंदू सम्मेलन संयोजक महावीर समिति के अध्यक्ष ब्लॉक प्रमुख पति अनेक पाल, समिति सचिव जोगेंद्र पटेल, कोषाध्यक्ष सुनील राठौर की घोषणा की गई। सम्मेलन 10 फरवरी को बिसौली के ग्राम सिलहरी में होगा।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें

9756905552, 8445507002

**सूचना**

मैने अपना नाम श्याम बाबू से बदल कर श्याम बाबू सिंह (Shyam Babu Singh) पुत्र श्री राजेंद्रपाल सिंह रख लिया है भविष्य में हमें इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **श्याम बाबू सिंह निवासी मोहल्ला आजाद नगर जलालाबाद शाहजहांपुर।**

**बिकाऊ है**

225 गज मकान कॉर्नर का पूर्वमुखी आशीष रॉयलपार्क फेस-2, इच्छुक व्यक्ति ही संपर्क करें- बरेली

मो. 9897211014

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम (DARAKSHA KHAN) था जो गलत है। मेरा सही नाम (DARAKSHAN KHAN) दरखशां खान पति मो. आसिफ खां है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **दरखशां खान पत्नी मो. आसिफ खां नि. मो. 17, महमंद जंगला, शाहजहांपुर।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी D.El. Ed. (बैच 2019-21) अनुक्रमांक 21311110215 की तृतीय सैमेस्टर की अंकतालिका की मूल प्रति वास्तव में खो गई है जो तलाश करने के बाद भी नहीं मिली है। **मोहित कुमार पटेल पुत्र श्री राम नरेश नि. ग्राम अकोड़ा नौगामिंया पो. मधवापुर पर. व तहसील बीसलपुर जिला पीलीभीत।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी हाईस्कूल वर्ष 2013 अनुक्रमांक 1009545 एवं इण्टरमीडिएट वर्ष 2015 अनुक्रमांक 0727334 की अंकतालिका दिनांक 23.01.2026 को कनमन में कहीं खो गई है जो तलाश करने के बाद भी नहीं मिली है। **छत्रवती पुत्री बाबू राम निवासी ग्राम गौटिया रामनगर थाना देवररिया तह. बहेड़ी जिला बरेली।**

**परिचय सम्मेलन**

**श्री अग्रवाल सभा कल्याण सोसायटी (रजि.) बरेली द्वारा आयोजित अग्रवाल वैवाहिक परिचय सम्मेलन दिनांक 17-18 मार्च 2026 शीघ्र पंजीयन करायें। सम्पर्क :- 9897181723, 9412466473, 9927047430, 9412048528, 9927833351, 9927324855**

**आवश्यकता है**

अनुभवी व्यक्तियों की
- आयुष्मान मित्र
- पी.आर.ओ.(पब्लिक रिलेशन ऑफिसर)
- कंप्यूटर ऑपरेटर
- सिक्यूरिटी गार्ड
- कुक (रसोइया)/कुक हेल्पर

वेतन योग्यतानुसार

सम्पर्क करें

एच.आर. ऑफिस एडमिन ब्लाक वरूण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल एन.एच.-30 बन्थरा, शाहजहाँपुर

समय : प्रातः 10 बजे से सायं 04 बजे तक

मो. 7521001986

**बाबा जी एडवरटाईजिंग**

हल्द्वानी (नैनीताल)

**आवश्यकता है**

डिजाइनर, अकाउंटेंट, फ्लैक्स प्रिंटिंग मशीन ऑपरेटर, माउंटर (फ्लैक्स लगाने वाले लड़कों) की।

अनुभवी अभ्यर्थियों को वरीयता

आकर्षक वेतन

भोजन+आवास की व्यवस्था उपलब्ध

इच्छुक अभ्यर्थी सम्पर्क करें :

7500029158, 9720149769 9837650281, 9627226481

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पैन कार्ड में नाम रजवन्त कौर है जबकि अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम रजविन्दर कौर है। रजवन्त कौर और रजविन्दर कौर दोनों नाम मेरे ही है और मुझे इन दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता है। **रजविन्दर कौर उर्फ रजवन्त कौर पत्नी सलविन्दर सिंह नि. ग्राम डिमरई परगना व तहसील पुवायां जिला शाहजहांपुर।**

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र मो. शानू के गलत संगत में पड़ जाने की वजह से उससे सम्बन्ध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से वेदखल कर दिया है वह अपने कृत्य के लिए खुद जिम्मेदार होगा। **लियाकत पुत्र बेचे बक्श ईंध जागीर नवाबगंज बरेली।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# सेवानिवृत्त सैनिक को भी कन्हैया गुलाटी ने ठगा, हड़पे 22 लाख रुपये

## बारादरी पुलिस ने कन्हैया गुलाटी समेत 9 लोगों के खिलाफ दर्ज की एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- निवेश के नाम पर लिए रुपये वापस मांगने पर दी जान से मारने की धमकी

**अमृत विचार :** कन्हैया गुलाटी की कैनविज कंपनी ने भारतीय सेना से सेवानिवृत्त से भी लाखों रुपये की ठगी कर ली। पैसा वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दी गई। इसके बाद पीड़ित ने बारादरी पुलिस से मामले की शिकायत की। बारादरी पुलिस ने कन्हैया गुलाटी समेत 9 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

बारादरी थाना क्षेत्र के नवादा शेखान निवासी दीपक गंगवार ने बताया कि उसके पिता रामकुमार भारतीय सेना से सेवानिवृत्त वरिष्ठ नागरिक हैं। उनकी उम्र 66 साल है। कैनविज कंपनी में निवेश के नाम पर 22 लाख रुपये कंपनी में लगाए थे। कंपनी में पैसा लगाने के बाद आरोपियों ने 7 प्रतिशत मासिक रिर्टन समेत अन्य योजनाओं का झांसा दिया था, लेकिन 9 माह से एक भी रुपये का भुगतान नहीं किया है। पैसे मांगने पर आरोपी टालमटोल करने लगे। आरोपियों ने अपने मोबाइल नंबर भी बंद कर दिए। इसके बाद वह आदित्य सक्सेना के घर पर गया। वहां पर लोगों ने उसे घर में खींचकर मारपीट करने का प्रयास किया। उसके बाद पैसे दोबारा मांगने पर जान से मार देंगे। कन्हैया गुलाटी, प्रमोद सिंह परिहार, नुकता प्रसाद, अनुज कुमार, आदित्य सक्सेना, आचल सक्सेना, जितेन्द्र पटेल, अजीत गंगवार, रेशु गंगवार पर बारादरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

## बेटी पर आने वाला है संकट बोल कर टप्पेबाजों ने उतरवाए जेवर, पुलिस ने खंगाले सीसी कैमरे

**बरेली, अमृत विचार :** टप्पेबाजों ने बेटी को स्कूल लेने जा रही महिला को बातों में लेकर सभी जेवर उतरवा लिए। उसके बाद महिला को चार कदम आगे चलने को कहा। महिला ने बाद में पीछे मुड़कर देखा तो दोनों आरोपी गायब हो चुके थे। महिला की तहरीर पर इज्जतनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। इज्जत नगर थाना क्षेत्र के होला चौराहा गगन विहार वीर सावरकर नगर निवासी सीमा गंगवार ने बताया कि बुधवार की दोपहर को वह अपनी बेटी रितिशा को स्कूल लेने जा रही थी। जब वह वीर सावरकर नगर चौराहे पर पहुंची तभी दो युवक उससे किसी जगह का पता पूछने लगे। उसने दोनों को पता बताया। दोनों युवकों ने उसके पास पानी की बोतल देखकर पानी मांगा। उसने दुकान से पानी की बतोल खरीदकर दे दी। दोनों युवकों ने महिला को बातों में लेकर कहा कि उसकी बेटी के ऊपर संकट आने वाला है। महिला ने उस संकट का उपाय पूछा तो आरोपियों ने कहा कि बिना शुद्धीकरण किए हम कुछ नहीं कर सकते है। शुद्धीकरण के लिए अपने शरीर के सभी गहने उतारने होंगे। टप्पेबाजों के झांसे में आकर सीमा ने कान में पहने सोने के टाप्स, सोने की अंगूठी युवकों को दे दी। जेवरात लेने के बाद युवकों ने कहा कि कुछ पैदल चलना पड़ेगा। महिला ने चार कदम आगे चलकर पीछे मुड़कर देखा तो दोनों युवक गायब थे। महिला ने डायल 112 पर कॉल करके पुलिस को सूचना दी। महिला की तहरीर पर इज्जत नगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके आसपास के सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## न्यूज ब्रीफ

### सभी बूथों पर आज बीएलओ पढ़कर सुनाएंगे मतदाता सूची

**बरेली, अमृत विचार :** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को सभी बूथों पर निर्वाचक नामावलियों की अंतिम सूची बीएलओ पढ़कर सुनाएंगे। शनिवार को अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संतोष कुमार सिंह ने विभिन्न बूथों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को परखा। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने बरेली कालेज, साहू गोपीनाथ इंटर कॉलेज बूथों पर एसआईआर के संबंध में बीएलओ के कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने पाया कि विशेष अभियान के अंतर्गत बूथ लेवल अधिकारी अपने-अपने बूथों पर मौजूद हैं, उनके पास बूथ की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट और नाम कटे हुए वोटरों की सूची भी उपलब्ध है, मतदाताओं के लिए पर्याप्त संख्या में फॉर्म 6 और 8 उपलब्ध हैं। मतदाता अपने बूथ पर वोटर लिस्ट में नाम और विवरण की जांच करते मिले। एडीएम फाइनेंस ने उपस्थित लोगों को बताया कि 1 जनवरी 2026 के आधार पर 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे युवा या ऐसे अर्ह मतदाता, जिनका नाम निर्वाचक नामावली में शामिल नहीं है तो उनके नाम शामिल करने के लिए बीएलओ से निर्धारित प्रारूप-6 प्राप्त कर आवेदन कर सकते हैं। दरअसल, विधानसभा निर्वाचक नामावली की अंतिम सूची का प्रकाशन 6 जनवरी को हो गया था। मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को भी ड्राफ्ट की सूची दी गयी। सूची ऑनलाइन भी उपलब्ध है। जिसे कोई भी मतदाता डाउनलोड कर देख सकता है।

### पंचायत सहायकों को मिलेगी जिम्मेदारी

**बरेली, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत स्तर पर इस कार्य की जिम्मेदारी पंचायत सहायकों को सौंपी जाएगी, जिन्हें इसके लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। आधार सेवाओं से प्राप्त होने वाली शुल्क राशि पंचायत के ओएसआर खाते में जमा कराई जाएगी, जिससे पंचायत की आय में भी बढ़ोतरी होगी। बेहतर कार्य करने वाले कामन सर्विस सेंटरों को चिन्हित कर उन्हें भी इस व्यवस्था से जोड़ा जाएगा। डीपीआरओ के अनुसार प्रशिक्षित सहायकों की तैनाती के बाद ग्राम सचिवालयों में आधार केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इससे ग्रामीणों को समय और धन दोनों की बचत होगी, वहीं बच्चों के स्कूल प्रवेश से लेकर योजनाओं के लाभ तक की प्रक्रिया भी आसान हो जाएगी।

## कार और एक लाख रुपये न देने पर महिला को घर से निकाला

**विजय नगला, अमृत विचार :** थाना मूसाझाग क्षेत्र के एक गांव महिला ने ने तहरीर देकर बताया कि उनकी शादी दो साल पहले उघैती क्षेत्र के एक गांव निवासी संजीव के साथ हुई थी। जिसमें 20 लाख रुपये दान दहेज दिया था। आरोप है कि ससुरालीजन खुश नहीं थे। वह अतिरिक्त दहेज में कार और मकान बनवाने के लिए एक लाख रुपये की मांग करने लगे। आरोप है कि पति संजीव, वीरपाल, सरोज देवी, जितेंद्र, कमलेश, शोभा, अंशू, सुमित महिला का उत्पीड़न करने गे। महिला ने मायका पक्ष को इस बारे में बताया तो पंचायत हुई। 30 नवंबर 2025 दोपहर 2 बजे वह घर पर अकेली थी। आरोप है कि ननदोई और देवर ने उसके साथ अश्लील हरकत की। विरोध पर महिला के कपड़े फाड़ दिए। ससुरालीजनों ने शाम पांच बजे महिला को घर से निकाल दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## पुलिस लाइन सभागार में गोष्ठी का किया आयोजन




गोष्ठी में यक्ष एप के बारे में जानकारी देते एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- पुलिस के यक्ष एप के संबंध में एसएसपी ने की गोष्ठी

**अमृत विचार :** एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने एसपी सिटी विजयेंद्र द्विवेदी, एसपी देहात डॉ. हृदेश कठेरिया के साथ बीट पुलिसिंग को ज्यादा सुदृढ़, प्रभावी व जवाबदेह बनने के लिए बनाए गए यक्ष एप के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पुलिस लाइन सभागार में गोष्ठी की।

उन्होंने कहा कि यक्ष एप डेटा आधारित, तकनीक सक्षम पुलिसिंग को गति देगा। इसमें थानावार अपराधी डेटाबेस व नियमित सत्यापन, बीट-स्तर जवाबदेही, रियल टाइम अलर्ट, एआई फेस रिकग्निशन, वॉइस सर्च, क्राइम जीटीपी, गैंग एनालिसिस, जोखिम आधारित स्कोरिंग, फील्ड से डेटा अपलोड, जुआ-सट्टा व अवैध शराब तस्करी जैसी गतिविधियों की त्वरित रिपोर्टिंग इसी प्लेटफार्म पर उपलब्ध है। गोष्ठी में सीओ सिटी रजनीश उपाध्याय, अपराध निरीक्षक, उपनिरीक्षक व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# अनुपस्थित कर्मचारियों का वेतन रोकने के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



खंड विकास कार्यालय सदर पर कर्मचारियों से पूछताछ करते सीडीओ अभिषेक कुमार। ● अमृत विचार

- सीडीओ ने बीडीओ कार्यालय में मारा छापा, अभिलेख दुरुस्त रखने के निर्देश

**अमृत विचार:** सीडीओ अभिषेक कुमार अचानक खंड विकास कार्यालय लखीमपुर पहुंच गए। इससे कर्मचारियों और अधिकारियों में हड़कंप मच गया। सीडीओ ने कुल 29 अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति की जांच की, जिसमें 6 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। इस पर सीडीओ ने तत्काल अनुपस्थित कर्मचारियों का वेतन व मानदेय रोकते हुए उनसे स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान पीएम एवं सीएम आवास योजना से संबंधित मास्टर रजिस्टर अद्यतन न मिलने और वित्तीय वर्षवार आवंटन की स्पष्ट जानकारी उपलब्ध न होने पर सीडीओ ने कड़ी नाराजगी जताई। मनरेगा कार्यों की समीक्षा के दौरान ग्राम पंचायतों में कराए जा रहे कार्यों की फोटोग्राफ उपलब्ध न होने पर एपीओ को कड़ी फटकार लगाई गई। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी मनरेगा कार्यों की जियो-टैग फोटो व्यवस्थित रूप से सुरक्षित रखी जाएं। इसके अलावा स्थापना एवं लेखा अनुभाग में सर्विस बुक, अवकाश प्रविष्टि, जीपीएफ, बिल भुगतान एवं ग्रांट रजिस्टर की समीक्षा करते हुए सभी अभिलेख समय से अद्यतन रखने के निर्देश दिए गए। स्वयं सहायता समूहों की सखियों द्वारा लोकोस ऐप पर प्रोफाइल एवं समूह फीडिंग की जानकारी भी ली गई और संबंधित अधिकारियों को इस कार्य में और अधिक सक्रियता बरतने को कहा गया। सीडीओ ने एडीओ पंचायत को निर्देशित किया कि सभी पंचायत सहायकों को क्रॉप सर्वे कार्य में सक्रिय रूप से लगाया जाए और शेष कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाए। वहीं बीडीओ को अधिकारियों व कर्मचारियों की समय से उपस्थिति सुनिश्चित करने, कार्यालय परिसर की साफ-सफाई रखने तथा भवन की दीवारों में व्याप्त सीलन दूर कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीडीओ के साथ पीडी शोभनाथ चौरसिया, बीडीओ ज्ञानेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# मनाल फातिमा और शुभ रहे प्रथम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



अतिथि और आयोजकों के साथ प्रमाण पत्र दिखाते छात्र छात्राएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिला विज्ञान क्लब की ओर से शहर के ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज में जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें जनपद के समस्त बोर्ड के कक्षा नौ से 12 तक के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न विषयों पर आधारित विज्ञान मॉडलों के साथ प्रतिभाग किया। ज्ञान इंटर नेशनल स्कूल के शुभ जौहरी और मनाल फातिमा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी की शुरुआत नगर पालिकाध्यक्ष डॉ.आस्था अग्रवाल व सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास ने फीता काटकर कराई। प्रभारी डीआईओएस संतोष कुमार ने दिसंबर के अंत में मंडल स्तरीय प्रतियोगिता के लिए मॉडलों को और अपडेट करने के लिए निर्देशित किया। सभासद साकेत सक्सेना ने पुरस्कार वितरण किया। तकनीकी निर्णायक समिति के रूप में ललित हरि आयुर्वेदिक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. हरिशंकर मिश्रा, राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्रधानाचार्य यज्ञ प्रकाश आर्य, राजकीय आईटीआई कॉलेज के इलेक्ट्रीशियन रवि प्रकाश श्रीवास्तव, डीएसटी मेंटर/इंस्पायर कैंप लक्ष्मीकांत शर्मा रहे। **102 प्रतिभागियों का मूल्यांकन कर चुने 15 मॉडल :** निर्णायक समिति ने मॉडलों का मूल्यांकन करते हुए करीब 102 प्रतिभागियों का मूल्यांकन कर सर्वश्रेष्ठ 15 मॉडलों को चयनित कर सूची तैयार की। यही 15 विज्ञान मॉडलों के प्रतिभागी मंडल स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में जनपद की ओर से प्रतिभाग करेगें। ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल के छात्र शुभ जौहरी, मनाल फातिमा ने प्रथम, लिटल एंगेल्स स्कूल के विशेष राठौर ने द्वितीय और अंगूरी देवी सरस्वती बालिका विद्या मन्दिर की छात्रा दीक्षा कुमारी तृतीय, ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल के छात्र दक्ष, वीरांगना अवंति बाई जिला पंचायत बालिका इन्टर कॉलेज पीलीभीत की छात्रा सोनिया ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

# कुष्ठ रोग के प्रति विद्यार्थियों को किया जागरूक



गांधी विद्यालय में कुष्ठ रोग के लक्षण और निदान के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक करते शिक्षक व स्वास्थ्य कर्मी। ● अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- राष्ट्रीय कुष्ठ रोग उन्मूलन के तहत गांधी स्मारक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हुआ कार्यक्रम

**अमृत विचार:** गांधी स्मारक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को राष्ट्रीय कुष्ठ रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को कुष्ठ रोग की पहचान, लक्षण और उसके निदान के बारे में जागरूक किया गया।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के स्वास्थ्य पर्यवेक्षक दीपक मिश्रा ने बच्चों को बताया कि कुष्ठ रोग कोई अभिशाप नहीं है, न ही छुआछूत की बीमारी है। इसके पता चलने पर सरकारी अस्पतालों में इसका निःशुल्क इलाज उपलब्ध है। बताया कि लाल-लाल चकत्ते, हाथ पैरों का सुन्न हो जाना, सफेद दाग होना, आंखों में भैंगापन होना इसके प्रमुख लक्षण हैं।

प्रधानाचार्य डॉ. सौरभ दीक्षित ने कहा कि किसी के घर, परिवार में या मोहल्ले में कोई व्यक्ति ऐसा हो तो उसे बेझिझक नजदीकी अस्पताल जाने का परामर्श दें। कुष्ठ रोगी से भेदभाव नहीं करना चाहिए, यह कोई छुआछूत की बीमारी नहीं है। शिक्षक डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि समय से इलाज होने पर कुष्ठ रोगी ठीक हो कर सामान्य जीवन व्यतीत कर सकते हैं।

रामसनेही, आमिर हुसैन सिद्दीकी, नागेश कुमार वर्मा, तेजराम गंगवार, श्रीश गुप्ता, उद्धव श्याम तिवारी, साबिर अली, नीलम कुमार, बराती लाल, राजकुमारी, विशाल आदि मौजूद रहे।

## अब गांव में ही बनेगा आधार, ग्रामीणों को मिलेगी राहत

**बरेली, अमृत विचार :** अब ग्रामीणों को आधार कार्ड बनवाने या उसमें संशोधन कराने के लिए जिला मुख्यालय के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। शासन ने ग्राम पंचायत सचिवालयों में ही आधार सेवाएं उपलब्ध कराने की पहल शुरू कर दी है।जनपद में 1188 ग्राम पंचायते हैं। डीपीआरओ कमल किशोर के अनुसार भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) से अनुमति मिलने के बाद गांव-गांव आधार केंद्र खोले जाएंगे, जहां नया आधार कार्ड बनवाने के साथ नाम, जन्मतिथि, पता, मोबाइल नंबर में सुधार, बायोमैट्रिक अपडेट और बाल आधार बनवाने की सुविधा मिलेगी। अभी तक ग्रामीणों को आधार से जुड़े किसी भी काम के लिए बैंक, डाकघर या शहर स्थित आधार केंद्रों पर जाना पड़ता था, जहां घंटों लाइन में लगकर इंतजार करना आम बात थी।

# डीएम ने मतदेय स्थलों का किया निरीक्षण, कार्यों को परखा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



एक बूथ पर विशेष अभियान के दौरान बीएलओ से जानकारी लेते डीएम ज्ञानेंद्र सिंह।

- एईआरओ द्वारा की जा रही नोटिस सुनवाई प्रक्रिया को भी देखा
- बूथों पर चलाया गया विशेष अभियान, मतदाताओं की रही भीड़

**अमृत विचार :** निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के तहत शनिवार को जनपद के सभी मतदेय स्थलों पर विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम समेत अफसरों ने मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया और बीएलओ द्वारा ऑनलाइन किए जा रहे फार्मों का कार्य परखने के साथ दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने महिला मतदाताओं के साथ 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले अधिक से अधिक नए मतदाताओं को जोड़ने के निर्देश दिए।

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बीते 6 जनवरी को जनपद के सभी चारों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन किया जा चुका है। आलेख्य प्रकाशित निर्वाचक नामावलियां सभी मतदान केंद्रों/मतदेय स्थलों पर संबंधित बीएलओ, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय तथा जिला निर्वाचन कार्यालय में निरीक्षण के लिए उपलब्ध कराई गई है। बीते 06 जनवरी से दावे और आपत्तियों की प्रक्रिया भी चल रही है।

अब आगामी विधानसभा चुनावों के लिए मतदाता सूचियों को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। इधर निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद की चारों विधानसभा क्षेत्रों के मतदेय स्थलों पर शनिवार को विशेष अभियान चलाया गया। अभियान को लेकर बीएलओ संबंधित मतदेय स्थलों पर आलेख्य प्रकाशित मतदाता सूची के साथ दावे और आपत्तियों संबंधी सभी फार्मों के साथ मौजूद रहे। मतदाताओं ने भी बढ़चढ़कर अपने-अपने बूथों पर पहुंचकर अपने नाम संबंधी जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने शहर स्थित राजकीय इंटर कालेज, वीरांगना अवंतीबाई इंटर कॉलेज समेत अन्य मतदेय स्थलों पर पहुंचकर चल रहे कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बीएलओ से सुबह से प्राप्त किए गए फॉर्म-6 समेत अन्य आवेदनों के संबंध में जानकारी लेने के साथ ऑनलाइन किए गए फार्मो की भी स्थिति देखी। उन्होंने बीएलओ को महिला मतदाताओं के साथ-साथ 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले अधिक से अधिक नए मतदाताओं को जोड़ने निर्देश दिए। कहा कि कोई भी युवा मतदाता बूथ पर मतदाता सूची में जोड़ने से न छूटे। इसके अलावा जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम ने नगर पालिका परिषद, मरौरी ब्लाक, सदर तहसील में विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत नोटिस प्राप्त मतदाताओं की एईआरओ द्वारा की जा रही सुनवाई प्रक्रिया का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान एईआरओ समेत बीएलओ एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## आधार सत्यापन के बाद ही आज से रजिस्ट्री संभव

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- फर्जी गवाह और बेनामी संपत्तियों पर बायोमेट्रिक सत्यापन से कसेगी नकेल

**अमृत विचार :** संपत्तियों के बैनामे में फर्जीवाड़ा रोकने के लिए अब रजिस्ट्री के दौरान आधार सत्यापन अनिवार्य कर दिया गया है। एक फरवरी से जिले के सभी रजिस्ट्री कार्यालयों में यह नई व्यवस्था लागू होगी। इसके तहत खरीदार, विक्रेता और गवाहों का आधार नंबर मौके पर बायोमेट्रिक मशीन से सत्यापित किया जाएगा।

अभी तक जो व्यवस्था है, उसमें केवल आधार की फोटोकॉपी पर रजिस्ट्री होती थी, जिससे फर्जीवाड़े और बेनामी संपत्तियों की रजिस्ट्री की आशंका बनी रहती थी। नई प्रक्रिया में ऑनलाइन पोर्टल को यूआईडीएआई के केंद्रीय सर्वर से जोड़ा गया है। इसके तहत अब बैनामे की ऑनलाइन कॉपी तभी उपलब्ध होगी जब मोबाइल नंबर पर भेजी गई ओटीपी दर्ज की जाएगी। इससे जहां फर्जी आधार और गवाहों के इस्तेमाल पर प्रभावी रोक लगेगी वहीं, रजिस्ट्री प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ेगी। अधिकारियों के मुताबिक रजिस्ट्री प्रक्रिया आरडी (रजिस्टर्ड डिवाइस) और सुरक्षित बायोमेट्रिक स्कैनर के माध्यम से पूरी की जाएगी, जो आधार मानकों के अनुसार पहचान को प्रमाणित करेगा। सही पहचान मिलने पर ही रजिस्ट्री की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी, जबकि असत्यापन होने पर तुरंत पुलिस को सूचित किया जाएगा।

# केसरीपुर गांव में मानसिक मंदित ने टिन शेड पर चढ़कर मचाया हुड़दंग

संवाददाता, बांकेगंज

- करीब 24 घंटे टिन शेड पर बैठा रहा युवक, ईंट फेंकने की दी धमकी
- पुलिस, दमकल कर्मियों ने रेस्क्यू कर नीचे उतारा, अस्पताल भेजा

**अमृत विचार:** अमृत विचार: मैलानी थाना क्षेत्र के ग्रंट नंबर 10 के केसरीपुर गांव में मानसिक मंदित युवक ने शुक्रवार से शनिवार तक ग्रामीणों, पुलिस और अग्निशमन कर्मियों को खासा परेशान कर दिया। वह करीब 24 घंटे एक टिन शेड पर चढ़कर बैठा रहा और नीचे उतरने से इनकार करता रहा। करीब आधे घंटे के संयुक्त प्रयास के बाद उसे सुरक्षित नीचे उतारकर पहले बांकेगंज सीएचसी भेजा गया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

टिन शेड मालिक दिलीप ने बताया कि केसरीपुर गांव निवासी रोहित शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे टिन शेड पर चढ़ गया। शुरू में लोगों को लगा कि वह कुछ देर बाद खुद ही उतर जाएगा, लेकिन वह शाम तक वहीं बैठा रहा। जब कोई उसे समझाने जाता तो वह ऊपर से ईंट फेंकने की कोशिश करता। डर के कारण दिनभर उनके घर का कोई सदस्य बाहर नहीं निकला। शाम होने पर यूपी 112 पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन युवक नीचे नहीं उतरा। शनिवार सुबह पुलिस के प्रयास असफल रहे, जिसके बाद एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। अग्निशमन प्रभारी सुरेंद्र सिंह जब युवक से बातचीत करने आगे बढ़े तो रोहित ईंट लेकर किनारे खड़ा हो गया और मारने की धमकी देने लगा। सुरेंद्र सिंह लगातार उसे समझाते रहे, इसी दौरान अन्य दमकल कर्मियों ने सीढ़ी लगाकर टिन शेड पर चढ़कर युवक को पकड़ लिया और सुरक्षित नीचे उतार लिया। नीचे उतरने के बाद युवक ठंड के कारण थरथर कांप रहा था। बताते हैं कि उसने शुक्रवार सुबह से न तो पानी पिया था और न ही भोजन किया था। उसकी छोटी बहन भोजन लेकर आई तो उसे खाना खिलाया गया और कपड़े पहनाए गए। इसके बाद एंबुलेंस से उसे बांकेगंज सीएचसी भेजा, जहां से जिला अस्पताल लखीमपुर रेफर कर दिया गया। आंखों में आंसू लिए युवक की वृद्ध मां माया ने बताया कि एक वर्ष पहले तक उनका बेटा स्वस्थ था और पास की धान मिल में काम करता था। अचानक उसकी मानसिक स्थिति बिगड़ गई। आर्थिक तंगी के चलते उसका समुचित इलाज नहीं हो सका। उन्होंने बताया कि उनके दो बेटे हैं, बड़ा बेटा भी ज्यादा सहयोग नहीं करता। रोहित के ठीक होने की आस में वह प्रशासन से मदद की गुहार लगा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि रोहित की मानसिक बीमारी के कारण गांव के लोग भी डरे हुए हैं। एक सप्ताह पहले उसने गांव के बबलू पर फावड़े से हमला कर दिया था, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था।



टीन शेड पर युवक को पकड़े दमकलकर्मी। ● अमृत विचार

### परिवार की गरीबी इलाज में बन रही बाधा

**बाकेगंज।** फटे पुराने कपड़े पहने माता-पिता माया और रामू अपनी गरीबी और अशिक्षा को लेकर रोते नजर आए। वे पुलिस और दमकल कर्मियों से बेटे के इलाज की व्यवस्था कराने की गुहार लगाते रहे। ग्रामीणों द्वारा मानसिक उपचार के लिए बरेली ले जाने की सलाह पर पिता ने असमर्थता जताते हुए कहा कि वह अकेले वहां से लौट भी नहीं पाएंगे। ग्रामीणों और परिजनों का कहना है कि यदि युवक का इलाज केवल परिवार के भरोसे छोड़ दिया गया तो उसकी हालत और बिगड़ सकती है। लेकिन यदि प्रशासन संज्ञान लेकर उचित मानसिक चिकित्सा की व्यवस्था करे तो युवक स्वस्थ होकर अपने माता-पिता के बुढ़ापे का सहारा बन सकता है।

## बलिया में छात्र-छात्रा और युवती के अपहरण के मामलों में रिपोर्ट दर्ज

**बलिया, एजेंसी:** जिले में एक छात्र और छात्रा तथा युवती के कथित रूप से अपहरण के अलग-अलग मामलों में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार उभांव थाना क्षेत्र के टंगुनिया गांव का 10वीं कक्षा का छात्र 15 वर्षीय आदित्य कुमार साहनी 27 जनवरी की सुबह घर से साइकिल से राम अवतार इंटर कॉलेज में पढ़ने के लिए निकला था लेकिन वह स्कूल नहीं पहुंचा। परिजनों ने खोजबीन की लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। उभांव थाना प्रभारी संजय शुक्ला ने शनिवार को बताया कि इस मामले में छात्र के पिता श्रवण कुमार साहनी की शिकायत पर अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। दूसरी घटना में बलिया शहर कोतवाली क्षेत्र के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की कक्षा नौ की छात्रा 30 जनवरी को तड़के घर से लापता हो गई। पुलिस के अनुसार छात्रा की मां की शिकायत पर शुक्रवार को सलमान अहमद के विरुद्ध जबरन विवाह के लिए अपहरण के तहत नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है।

# विवाह योग्य आयु का उल्लंघन होने मात्र से विवाह स्वतः अमान्य नहीं

## किसी व्यक्ति की जान, स्वतंत्रता को खतरे में नहीं डाला जा सकता : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार:** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रेम विवाह करने वाले एक युगल को जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की सुरक्षा प्रदान करते हुए कहा कि संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत प्रदत्त अधिकार विवाह की वैधता या अवैधता पर निर्भर नहीं करते। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि भले ही विवाह को लेकर कानूनी विवाद या आयु संबंधी प्रश्न हों, फिर भी किसी व्यक्ति की जान और स्वतंत्रता को खतरे में नहीं डाला जा सकता है। ऐसे मामलों में कोर्ट का प्राथमिक दायित्व याचियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है, न कि विवाह की वैधता का अंतिम निर्धारण करना। उक्त आदेश न्यायमूर्ति विवेक कुमार सिंह की एकल पीठ ने स्मृति वर्षा और उनके पति द्वारा दाखिल संरक्षण याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया।

दरअसल याचियों ने 28 अक्टूबर 2025 को आर्य समाज, बरेली में स्वेच्छा से विवाह किया, लेकिन युवती के पिता की ओर से उन्हें लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। युवक 20 वर्ष का है और हिंदू विवाह अधिनियम के तहत वह विवाह योग्य आयु पूरी नहीं करता है। सरकारी अधिवक्ता ने विवाह को शून्य या शून्यकरणीय बताकर याचिका खारिज करने की मांग करते हुए तर्क दिया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के तहत यह विवाह मान्य नहीं है। अब कोर्ट के समक्ष यह विचारणीय प्रश्न था कि क्या विवाह योग्य आयु पूरी न होने पर युगल को संरक्षण देने से वंचित किया जा सकता है? तथा क्या संरक्षण याचिका में विवाह की वैधता का अंतिम निर्धारण करना आवश्यक है? इन प्रश्नों के उत्तर में कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के विभिन्न फैसलों पर भरोसा करते हुए माना कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के तहत हर विवाह, जिसमें पक्षकार विवाह योग्य आयु से कम है, अपने आप शून्य नहीं हो जाता। अधिनियम की धारा 3 के अनुसार ऐसा विवाह

- **पति द्वारा दाखिल संरक्षण याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया आदेश**

शून्यकरणीय होता है, यानी विवाह तभी रद्द माना जाएगा, जब स्वयं वह पक्ष, जो विवाह के समय बालक/बालिका था, तय समय-सीमा में विवाह को निरस्त कराने की याचिका दाखिल करे। इसके अलावा धारा 12 के तहत विवाह तभी शून्य माना जा सकता है जब नाबालिग को बहला-फुसलाकर या जबरन अभिभावक की अभिरक्षा से ले जाकर विवाह किया गया हो या विवाह के उद्देश्यों का आधार धोखाधड़ी और अनैतिक हो।

वर्तमान मामले में ऐसी कोई परिस्थिति प्रमाणित नहीं हुई है, इसलिए विवाह को धारा 12 के तहत स्वतः शून्य नहीं माना जा सकता है। इसके अलावा विवाह को रद्द कराने का अधिकार तीसरे पक्ष यानी लड़की के पिता को नहीं है, क्योंकि लड़की बालिग है और नाबालिग लड़के के अभिभावक की ओर से कोई शिकायत नहीं है। कोर्ट ने विवाह की वैधता को लेकर स्पष्ट किया कि वैधता का प्रश्न उपयुक्त मंच पर तय होगा, लेकिन तब तक दंपति के जीवन और स्वतंत्रता की सुरक्षा से इनकार नहीं किया जा सकता है।

अंत में कोर्ट ने निष्कर्ष स्वरूप कहा कि यदि विवाह वैध न भी हो, तो भी दो बालिग व्यक्तियों को साथ रहने का संवैधानिक अधिकार है, इसलिए विवाह योग्य आयु का उल्लंघन किसी के जीवन और स्वतंत्रता छीनने का आधार नहीं बन सकता है। इन्हीं तथ्यों के आधार पर कोर्ट ने याचियों को साथ रहने की स्वतंत्रता दी और निर्देश दिया कि कोई भी व्यक्ति उनके शांतिपूर्ण दांपत्य जीवन में हस्तक्षेप नहीं करेगा। किसी भी खतरे की स्थिति में पुलिस को तत्काल सुरक्षा उपलब्ध कराने का आदेश दिया गया, साथ ही याचियों को दो माह के भीतर विवाह पंजीकरण कराने का निर्देश दिया गया, अन्यथा संरक्षण स्वतः समाप्त हो जाएगा।

## मेरठ में दुष्कर्म पीड़ित किशोरी की मौत

मेरठ, एजेंसी

जिले के बहसूमा थाना क्षेत्र में कथित दुष्कर्म पीड़िता एक नाबालिग किशोरी की उपचार के दौरान मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, घटना के बाद एहतियात के तौर पर गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर निगरानी बनाए हुए हैं। मेरठ के पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विपिन ताड़ा ने शनिवार को बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर थाना बहसूमा में नामजद आरोपी अनुज (25)

- **जिले के बहसूमा थाना क्षेत्र में का मामला**

के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। तहरीर के अनुसार, 25 और 26 जनवरी की मध्य रात आरोपी 16 वर्षीया नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने घर ले गया, जहां उससे कथित तौर पर दुष्कर्म किया गया। पुलिस के मुताबिक घटना के बाद आरोपी की मां किशोरी को उसके घर छोड़ने आई थी, जहां दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई। आरोप है कि इसके बाद किशोरी ने अपने घर पर कीटनाशक पी लिया। हालत बिगड़ने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां शुक्रवार शाम उसकी मौत हो गई। एसएसपी ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम चिकित्सकों के पैनल से कराया गया है और मामले में नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि अभियुक्त के माता-पिता के खिलाफ भी विधिक कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में युवक और किशोरी के पहले से ही परिचित होने की बात सामने आई है। फिलहाल गांव में शांति व्यवस्था बनी हुई है। पुलिस ने बताया कि मुख्य आरोपी अनुज के अलावा उसके पिता ओमवीर, मां मुन्द्री और भाई रवि के खिलाफ प्रासंगिक धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है।


**न्यायालय श्रीमान अपर उपजिलाधिकारी बरेली**
**अपील संख्या T202512130102816 सन् 2025**
**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि. बनाम इंडियन वॉविन कम्पनी आदि**

अन्तर्गत धारा-35(2) उ.प्र. राजस्व संहिता- 2006 ग्राम खलीलपुर पर. व तह. जिला बरेली।

नोटिस मिनजानिब (1) इंडियन वॉविन कम्पनी कलैक्टर बक गंज, परगना तहसील व जिला बरेली (2) इंडियन टरपेनटाईन एण्ड रोजिन कम्पनी लि. कलैक्टर बक गंज, अण्डर लिक्वीडेशन द्वारा आफिशियल लिक्वीडेटर आयुक्त बरेली मण्डल बरेली। मुत्तला हो कि अपील बनाराजी निर्णय दिनांक 28.12.2024 न्यायालय तहसीलदार सदर बरेली वाद संख्या-आर.एस.टी./1091/2012-2013 कम्प्यूटरीकृत वाद सं. T202112130108539 मध्यांचल विद्युत निगम लि. बनाम इंडियन वॉविन कम्पनी लि. आदि के खिलाफ दायर की गयी है, जिसमें 04.02.2026 की तिथि मुकर्रर की गयी है, अगर आप उक्त तारीख को हाजिर अदालत नहीं होंगे तो आपकी गैर हाजिरी में अपील में सुनवाई कर दी जायेगी।

आज व तारीख 30.01.2026 मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया है।

जज


## शामली में करंट लगने से मजदूर की जान गई

मुजफ्फरनगर, एजेंसी

- **बदायूं जिले का रहने वाला था मजदूर**

जिले के झिंझाना कस्बे में शनिवार को एक निर्माण कार्य के दौरान बिजली का करंट लगने से 25 साल के एक मजदूर की मौत हो गई। झिंझाना पुलिस थाने के प्रभारी वीरेंद्र कसाना ने बताया कि मजदूर की पहचान धर्मेंद्र (25) के रूप में हुई है, जो बदायूं जिले का रहने वाला था। पुलिस ने बताया कि यह घटना निर्माण कार्य के दौरान इस्तेमाल किये जा रहे लोहे के एक बीम के हाईटेंशन तार से छू जाने से हुई। पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते हैं। **क्र.सं. 1.; ई-प्रापण निविदा सं.:** उप मु०ई०-नि०-गोण्डा-02-2026 क्लोजिंग दिनांक 23.02.2026; **कार्य का नाम:** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के गोण्डा-बुढ़वल तीसरी लाइन परियोजना के अन्तर्गत गोण्डा कचहरी-करनैलगंज-घाघराघाट खण्ड के कमीशनिंग के पश्चात पैदल उपरिगामी पुल, लघु पुलों, प्लेटफॉर्म एवं अन्य विविध कार्यों के बकाया कार्यों का सम्पादन।; **अनुमानित निविदा मूल्य(₹):** ₹9,71,76,751.30; **बयाना राशि (₹):** ₹6,35,900/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** 00; **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 06 (छः) माह।
• बिड प्रारम्भ करने की तिथि-दिनांक 09.02.2026। • उपरोक्त ई-निविदा सबमिसन की अन्तिम तिथि- दिनांक 23.02.2026 को 15:00 बजे तक। • उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथि दिनांक 23.02.2026 को 15:30 बजे। • निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होंगे।
**श्री संजय कुमार श्रीवास्तव, सकापाई/नि०/गोण्डा-I, मो० 9794844286.**

उप मुख्य इंजी०/नि० गोण्डा

मुजाधि/डब्ल्यू-441

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें


# एलडीए के भवन को अपना बताकर बिल्डर ने बेचा, ठगे 57 लाख रुपये

संवाददाता, लखनऊ सरोजनीनगर

- **एलडीए अधिकारियों ने ताला तोड़कर लिया अपना कब्जा**
- **पीड़िता ने बिजनौर थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट**

**अमृत विचार:** एलडीए के मकान को अपना बताकर जालसाज बिल्डर ने बरेली की महिला को बेचकर 57 लाख ऐंठ लिए। आरोपी ने जाली रजिस्ट्री कर कब्जा दे दिया। फर्जीवाड़े की जानकारी पीड़िता को तब हुई जब एलडीए ने उसका ताला तोड़कर अपना ताला भवन में लगा दिया। पीड़िता ने एलडीए अधिकारियों और बिल्डर के खिलाफ बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। इंस्पेक्टर कपिल गौतम ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

बरेली के सैदपुर हाकिंस स्थित कर्मचारी नगर निवासी पूनम सिंह ने बताया कि वह लखनऊ में प्लॉट खरीदने की इच्छुक थी। मई 2025 में हरिहरपुर स्थित गायत्री नगर निवासी बिल्डर सत्यप्रकाश सिंह ने बिजनौर के अवध रेजीडेंसी औरंगाबाद जागीर स्थित 1085 वर्ग फीट का आवासीय मकान दिखाया था। पसंद आने पर सौदा 52 लाख में तय हुआ था। आरोपी ने 57 लाख रुपये खाते में लेकर फर्जी बैनामा कर दिया था। पूनम ने घर में अपना घरेलू सामान रखकर ताला लगा दिया था। बाद में लखनऊ विकास प्राधिकरण के अधिकारियों ने मकान में दूसरे का ताला देख उसे तोड़कर अपना लगा दिया था। पीड़िता ने बताया कि एलडीए अधिकारियों ने अंदर रखा उनका सामान चोरी कर लिया था। पीड़िता का कहना है कि एजेंट अजय मिश्र के माध्यम से उक्त मकान का पंजीकरण इण्डुष इंफ्रा एंड प्राइवेट बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड के मालिक आशीष त्रिपाठी ने एक लाख रुपये लेकर किया था। पीड़िता ने यह मकान आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड से लोन लेकर खरीदा था। आरोप है कि धोखाधड़ी के चलते उनके पति विपिन चौहान की तबीयत भी बिगड़ने लगी। 57 लाख की धोखाधड़ी का एहसास हुआ।

## दो बंदियों के फरार होने के मामले में तीन और जेलकर्मी निलंबित

**लखनऊ, एजेंसी:** अयोध्या जिला जेल से दो विचाराधीन कैदियों के फरार होने के मामले में तीन और जेलकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है और उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह कार्रवाई 29 जनवरी को जेल से दो कैदियों के फरार होने की घटना के संबंध में अयोध्या रेंज के उप महानिरीक्षक (जेल) द्वारा जांच रिपोर्ट सौंपे जाने के बाद की गई है। अधिकारियों के अनुसार उप कारापाल राजू उर्फ राजदीप, हेड जेल वार्डर प्रभुनाथ कुमार और जेल वार्डर दीपक कुमार पांडे को निलंबित कर दिया गया है और उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

## पत्नी से नाजायज संबंध की रंजिश में ऑडिटर की हत्या में उम्रकैद

विधि संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** पत्नी से नाजायज संबंध की रंजिश में 6 वर्ष पूर्व फाइनेंस कम्पनी के ऑडिटर की गमछे से गला दबाकर हत्या करने के आरोपी बदायूं जनपद के थाना बिनावर के भूरीपुर निवासी शंकर लाल को परीक्षण में दोषी पाते हुए अपर सत्र न्यायाधीश नरेन्द्र प्रकाश ने आजीवन कारावास व 23 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी।

डीजीसी क्राइम रीतराम राजपूत ने बताया कि वादी बदायूं के बिनावर के गांव भूरीपुर निवासी सुनील कुमार ने थाना बिथरी चैनपुर में तहरीर देकर बताया था कि बड़े भाई मुनीष पाल गोल्ड फाइनेंस कम्पनी में ऑडिटर के पद पर कार्यरत थे। उनके मेरे ही गांव के रहने वाले शंकर लाल की पत्नी नीरज से नाजायज संबंध थे। इसके चलते शंकर लाल भाई को कई बार जान से मारने की धमकी दे चुका था। 5 फरवरी 2020 को शाम 5 बजे शंकर लाल मेरे भाई मुनीष को दोस्ती के बहाने घर से बुलाकर लाया था, तब से कई बार फोन किया मगर फोन बंद जाता रहा। 7 फरवरी 2020 को मालूम हुआ कि भाई मुनीष की शंकर ने हत्या कर दी और लाश को बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र में हाईवे पुलिया ग्राम कचौली के पास छिपा दी है।

पुलिस ने हत्या, आपराधिक षड़यंत्र की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना उपरांत शंकर के विरुद्ध आरोप पत्र कोर्ट भेजा था।


खबरें www.amritvichar.com पर भी पढ़ें



**पब्लिक नोटिस**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी फरजाना पत्नी राशिद हुसैन अंसारी निवासी मोहल्ला बाग डैलीगेट नवाबगंज बरेली के है। प्रार्थी की एक किता सम्पत्ति रकबा 118.05 वर्गमी स्थित कस्बा नवाबगंज तहसील नवाबगंज जिला बरेली से सम्बन्धित एक किता बैनामा दिनांक 28.12.1994 बही नं. जिल्द 827 पेज 175 अतिरिक्त जिल्द सं. 841 पेज 43 से 46 दस्तावेज नं. 4202 फोटो कापी कराते जाते वक्त अन्य कागजों के साथ मूलरूप में एक थैले में रखा था कहीं गिर गया है काफी ढूंढने पर भी नहीं मिल पाया है। जिसकी प्रथम सूचना रिपोर्ट थाने में दी जा चुकी है। इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/संस्था/बैंक को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के अन्दर समस्त दस्तावेजों के साथ प्रार्थी को अवगत कराने की कृपा करें।

**प्रफुल्ल अग्रवाल एडवोकेट**
**पैनल एडवोकेट**
**223, बांस मण्डी, निकट शील नर्सिंग होम, बरेली।**
**मो. 701762341, 8899909663**


## संतकबीरनगर में नाबालिग से दुष्कर्म के दो आरोपी गिरफ्तार

**संतकबीरनगर, एजेंसी:** संतकबीर नगर जिले में नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने और दुष्कर्म करने के दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने शनिवार को बताया कि कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने पॉक्सो एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त प्रदीप कुमार उर्फ मशालू को छिरिया पोखरा के पास से गिरफ्तार किया। पीड़िता की मां ने 22 जनवरी को अपनी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने एवं दुष्कर्म करने के आरोप में उसके विरुद्ध मामला दर्ज कराया था। थाना धनघटा पुलिस ने पॉक्सो एक्ट तथा एससी/एसटी एक्ट से संबंधित मामले में वांछित अभियुक्त राकेश राजभर को गिरफ्तार किया।

# सामूहिक दुष्कर्म मामले में सपा नेता को बरी करने के फैसले को चुनौती देगी राज्य सरकार

अयोध्या, एजेंसी

सामूहिक दुष्कर्म मामले में अयोध्या की एक विशेष अदालत द्वारा समाजवादी पार्टी नेता मोईद खान को बरी किए जाने को फैसले को प्रदेश सरकार इलाहाबाद उच्च न्यायालय में चुनौती देने की तैयारी कर रही है। यह जानकारी शनिवार को एक विशेष लोक अभियोजक ने दी। पीड़िता की मां ने खान को बरी किए जाने के लिए पुलिस जांच में लापरवाही और डीएनए रिपोर्ट में हेरफेर का आरोप लगाया। विशेष लोक अभियोजक वीरेंद्र कुमार ने संवाददाताओं से कहा कि अभियोजन पक्ष मोईद खान को बरी करने के स्थानीय पॉक्सो (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण) अदालत के फैसले के खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील करेगा।

उन्होंने कहा कि हम इस मामले में अपनी लड़ाई जारी रखेंगे। विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो अधिनियम) निरुपमा विक्रम की अदालत ने यह कहते हुए मोईद खान को बरी कर दिया था कि डीएनए रिपोर्ट सहित सभी सबूतों से उनके खिलाफ आरोप साबित नहीं होते। हालांकि, अदालत ने मोईद के घरेलू सहायक राजू खान को दोषी ठहराया और भ्रूण के डीएनए से मिलान होने के बाद उसे 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। अदालत के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए पीड़िता की मां ने पुलिस जांच में लापरवाही का आरोप लगाया और कहा कि चूक के कारण सपा नेता को बरी कर दिया गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि डीएनए रिपोर्ट में हेरफेर किया गया। राजू की सजा पर उन्होंने कहा कि 20 साल का कठोर कारावास काफी नहीं है और उन्होंने उसके लिए मृत्युदंड की मांग की।

इस बीच, मोईद खान के बेटे जहीर खान ने कहा कि परिवार उच्च न्यायालय में जोरदार पैरवी करने की तैयारी कर रहा है। उन्होंने दावा किया कि लगभग 50 दुकानों वाला बहुमंजिला वह शॉपिंग कॉम्प्लेक्स उनके पिता का नहीं बल्कि ब्रिटेन में रहने वाले उनके चाचा असगर अली का था। मामला सामने आने के बाद जिला प्रशासन ने शॉपिंग कॉम्प्लेक्स ध्वस्त कर दिया था। उन्होंने कहा कि बुलडोजर कार्रवाई को अदालत में चुनौती दी जाएगी। सामूहिक दुष्कर्म मामले के आधार पर गैंगस्टर एक्ट के तहत की गई कार्रवाई को भी उच्च न्यायालय में चुनौती दी जाएगी।

## एक ही समुदाय के दो गुटों के बीच झड़प में छह लोग घायल

**मुजफ्फरनगर, एजेंसी:** जिले में एक पारिवारिक विवाद को सुलझाने के लिए शुक्रवार शाम को बुलाई गई सामुदायिक पंचायत के दौरान एक ही समुदाय के दो गुटों के बीच हुई झड़प में कम से कम छह लोग घायल हो गए। यह जानकारी पुलिस ने शनिवार को दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सदर) रवि शंकर ने पत्रकारों को बताया कि पुलिस ने इस मामले में 20 से अधिक लोगों के खिलाफ एक मामला दर्ज किया है और 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि हंगामा शुक्रवार को तब शुरू हुआ जब दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए और यह एक हिंसक झड़प में बदल गई।


**पब्लिक नोटिस**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती मंजू सिंह पत्नी सुमित सिंह उर्फ सन्तू सिंह निवासी ग्राम शाहदुल्लागंज, तहसील दातागंज, जिला बदायूं का एक प्लाट स्थित ग्राम सनईया धनसिंह तहसील व जिला बरेली, गाटा सं. 521 का अंश भाग जिसकी कुल आराजी 85.28 वर्गमीटर है। उक्त मकान को यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया शाखा कैण्ट, जिला जबलपुर मध्यप्रदेश से व्यापार हेतु लोन वास्ते बंधक रख रहे है। इस सम्पत्ति की बाबत पिछले दो मूल विक्रय पत्र प्रथम विक्रय पत्र जिसकी रजिस्ट्री कार्यालय सब रजिस्ट्रार बरेली में बुक नं. वाल्यूम 2884 पेज नं. 125-126 सीरियल नं. 9164 दिनांक 22.09.1988 बरेली में हुयी है एवं द्वितीय मूल विक्रय पत्र जिसकी रजिस्ट्री कार्यालय सब रजिस्ट्रार बरेली में हुयी है एवं द्वितीय मूल विक्रय पत्र जिसकी रजिस्ट्री कार्यालय सब रजिस्ट्रार में बुक नं. 1 वाल्यूम 3028 पेज नं. 211-230 सीरियल नं. 3943 दिनांक 20.05.2009 बरेली में हुयी है, कहीं खो गया है, जिसकी सूचना दिनांक 30.01.2026 को पुलिस को LAR20260000124627 के द्वारा दी जा चुकी है। इस विक्रय पत्र की अनुपलब्धता के विषय में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति व्यक्तिगत रूप से समस्त दस्तावेजों व साक्ष्यों सहित मेरे कार्यालय में समान्य कार्य दिवस की समान्य अवधि में प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि में आपत्ति प्राप्त न होने पर यह मानते हुये कि इस विषय में किसी को कोई आपत्ति नहीं है। उपरोक्त ऋण जारी कर दिया जायेगा।

**द्वारा-शरद चन्द्र मिश्रा-एडवोकेट**
**चै.नं. 39, ट्रेजरी रोड, कचहरी, बरेली।**



**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता**
**बदायूँ/पीलीभीत वृत्त, लो०नि०वि०, बरेली**

पत्रांक 444/7निविदा(पी0डी0)(ई-टेण्डर)-08/2025-26 दिनांक 19.01.2026

ई0-निविदा आमंत्रण सूचना

1- महामहिम राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बदायूँ/पीलीभीत वृत्त, लो0नि0वि0, बरेली के द्वारा प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बदायूँ के क्षेत्र के अन्तर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार ई-निविदा प्रतिशत दरों पर आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र बेवसाइट/पोर्टल पर दिनांक 03.02.2026 से दिनांक 19.02.2026 की मध्यान्ह 12:00 बजे तक उपलब्ध रहेगें एवं तकनीकी बिड दिनांक 19.02.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगी।

| कार्य का नाम | लागत (लाख रू0 में) अनुमानित निर्माण लागत | 05 वर्षीय अनुरक्षण की लागत | कुल अनुमानित लागत | विड सिक्यू रिटी (रू0 लाख में) | बिड डाक्यूमेन्ट का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने का समय | फर्म/ठेकेदारों की आवष्यक पंजीकरण श्रेणी (मार्ग कार्य) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| जनपद बदायूँ की विधान सभा दातागंज के अन्तर्गत पुवायां तिलहर दातागंज बदायूँ मार्ग (राज्य मार्ग संख्या-126) से गुलड़िया लिंक मार्ग (अ0जि0मा0) के किमी0 01 से 2(610) में मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य। | 210.00 | 5.25 | 215.25 | 12.80 | 2714.00 | 12 माह | A |

2.निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तो हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग इन किया जा सकता है।

(नरेश कुमार) अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,बदायूँ

(के0के0सिंह) अधीक्षण अभियन्ता बदायूँ/पीलीभीत वृत्त, लो0नि0वि0,बरेली

**UP-244940 दिनांक 30.01.2026**
**विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**


## गाजियाबाद में हुए विवाद में दो युवकों की चाकू से गोदकर हत्या

गाजियाबाद, एजेंसी

जिले में एक भोजनालय में मामूली विवाद के कारण दो युवकों की कथित तौर पर चाकू से हमलावर हत्या कर दी गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यह घटना शुक्रवार देर रात उस समय की है जब दोनों गुट नशे की हालत में थे और खाना परोसने में देरी को लेकर उनके बीच तीखी बहस हो गई। उसने बताया कि देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर हमला कर दिया।

होटल में मौजूद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने तीन लोगों को घायल अवस्था में पाया। पुलिस ने बताया कि तीनों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने दो युवकों को मृत घोषित कर दिया। ट्रांस हिंडन के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) निमिष पाटिल ने बताया कि मृतकों की पहचान श्रीपाल (25) और सत्यम (26) के रूप में हुई है। दोनों बहराइच जिले के निवासी थे और खोड़ा के नेहरू विहार कॉलोनी में किराए के मकान में रहते थे। उन्होंने बताया कि गंभीर रूप से घायल व्यक्ति बयान नहीं दे सका है। पाटिल ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस ने दो हमलावरों की पहचान सूरज और राजन के रूप में की है, जबकि इस मामले में कई अन्य भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि पूछताछ के लिए चार संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है और हत्या में शामिल सभी आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## अवैध वसूली के आरोप में लिपिक समेत तीन गिरफ्तार

**बलरामपुर, एजेंसी:** बलरामपुर नगर कोतवाली पुलिस ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की भर्ती कराने के नाम पर एक से डेढ़ लाख रुपये की अवैध वसूली करने के आरोप में लिपिक, सहायक और एक बिचौलिया समेत तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) विशाल पाण्डेय ने शनिवार को बताया कि जिलाधिकारी को आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के चयन में नियुक्ति कराने के नाम पर एक से डेढ़ लाख रुपये लिये जाने की शिकायत मिली थी। उन्होंने कहा कि शिकायत के आधार पर जिलाधिकारी द्वारा तीन सदस्यीय एक समिति बनाकर मामले की जांच कराई गई तो मामला सही पाया गया।


**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता**
**बरेली वृत लो0नि0वि0, बरेली**

पत्रांक : 684/413सी0(ई0टेण्डर)-3/2025-26 दिनांक 24.01.2026

अल्पकालीन ऑन-लाइन निविदा आमंत्रण सूचना (द्वितीय वार)

1- महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली के द्वारा प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बरेली के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार लो0नि0वि0 में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से प्रतिशत दरों पर ई-निविदा दिनांक 03.02.2026 से दिनांक 10.02.2026 की मध्यान्ह 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 10.02.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे ऑन-लाइन खोला जाना प्रस्तावित किया गया है:-

| क्र0 सं0. | कार्य व योजना का नाम | खण्ड का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य( (निविदा शुल्क+ स्टेशनरी+ जी0एस0टी0) | ठेकेदारो की पात्रता श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | वित्तीय वर्ष 2025-26 में विशेष मरम्मत के कार्य | | | | | | |
| 1 | फरीदपुर ब्रान्च कैनाल कुआं डांडा सम्पर्क मार्ग। | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बरेली | 91.90 | 6.60 | 02 माह | 2725.00 | ए, बी (मार्ग कार्य) |
| 2 | जनपद बरेली में बल्लिया शीशगढ़ मार्ग से रामपुर की सीमा तक (अ०जि०मा०) की मरम्मत का कार्य। | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बरेली | 41.40 | 4.07 | 02 माह | 2725.00 | ए, बी, सी (मार्ग कार्य) |

2- निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।

(भगत सिंह) अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0 बरेली

(प्रकाश चन्द्र) अधीक्षण अभियन्ता बरेली वृत, लो0नि0वि0 बरेली

**UP-244995 दिनांक 30.01.2026**
**विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**



**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता**
**बदायूँ/पीलीभीत वृत्त, लो0नि0वि0, बरेली**

पत्रांक 563/76सी0(ए0) (ई-टेण्डर)-08/2025-26 दिनांक 22.01.2026

अल्पकालीन ई0-निविदा आमंत्रण सूचना

1.महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बदायूँ/पीलीभीत वृत, लो0नि0वि0, बरेली के द्वारा प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, पीलीभीत के क्षेत्र में निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार आइटम दरों पर (Item Rate Bids) ई-निविदा दिनांक 03.02.2026 से दिनांक 11.02.2026 की मध्यान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदादाता बिड से संबंधित अभिलेख जैसे कि कान्ट्रेक्ट डाटा, प्रपत्र, शर्तें, विषिष्टियाँ, बिल ऑफ क्वांन्टिटी आदि एवं बिड की संषोधित/परिषिष्ट शर्तें इत्यादि का भली-भाँति परीक्षण कर लें। निविदा दिनांक 11.02.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे खोली जायेगी।

| कार्य का नाम | अनुमानित लागत | विड सिक्यू रिटी (रू0 लाख में) | बिड डाक्यूमेन्ट का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| वित्तीय वर्ष 2025-26 जनपद पीलीभीत में पीलीभीत बस्ती मार्ग के किमी0 6 से लिपुलेक भिण्ड मार्ग के किमी0 372 तक पीलीभीत बाईपास मार्ग का विशेष मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 720.41 | 14.50 | 2714.00 | 8 माह |

2.निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तो हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग इन किया जा सकता है।

(राजेष चौधरी) अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, पीलीभीत

(के0 के0 सिंह) अधीक्षण अभियन्ता बदायूँ-पीलीभीत वृत, लो0नि0वि0, बरेली

**UP-244950 दिनांक 30.01.2026**
**विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**



जो कुझ साडे अंदर वस्से
जात असाडी सोई
जिस दे नाल मैं न्योंह
लगाया ओही जैसी होई

बुल्ले शाह कहते हैं, जो हमारे अंदर बस रहा है, अब तो वही हमारी जात है। अब तो हालत यह है कि जिसके साथ हमने प्रेम किया है, हम उसी जैसे हो गए हैं।



# वर्तमान हमारे अतीत का ही विस्तार है

गांधी जी जीवित होते तो आज 156 साल के होते। दो दिन पहले उनकी पुण्यतिथि थी। वे बहुत गहराई से याद किए गए। उन्होंने विश्व इतिहास में हस्तक्षेप किया और काल की अखंड सत्ता को प्रभावित किया। काल है भी अखंड सत्ता। सारी घटनाएं समय के भीतर होती हैं। अथर्ववेद (19.53-54) में भृगु कहते हैं, 'काल-अश्व विश्व-रथ का संवाहक है। काल ही पिता है, वही आगे पुत्र होता है। काल में प्राण हैं, मन हैं, सारे नाम हैं, काल की अनुकूलता ही आनंद है। काल स्वयंभू है। काल के द्वारा ही भूत और भविष्य पैदा हुए हैं आदि आदि।' समय पकड़ में नहीं आता। घटनाएं घटती हैं, घटना अतीत है। अतीत की घटनाओं का यथातथ्य संकलन इतिहास है। प्राचीन राष्ट्र की घटनाएं करोड़ों की संख्या में होती हैं।

भारत ऐसा ही राष्ट्र है। मूलभूत प्रश्न है कि घटनाओं के संकलन में संकलनकर्ता की रुचि क्या है? रुचि क्यों है? कुछेक विद्वान युद्ध प्रिय होते हैं, वे युद्धों का इतिवृत्त संकलित करते हैं। कुछ विद्वान प्रकृति प्रेमी होते हैं, वे प्राकृतिक परिवर्तनों के संकलन को इतिवृत्त का विषय बनाते हैं। मार्क्सवाद सोच के विद्वान उत्पादन पद्धति की विवरणी का संकलन करते हैं। इतिहास अतीत का दर्पण होता है, लेकिन इतिहास लेखन या संकलन की कोई भी शैली प्राचीन समाज या राष्ट्र का संपूर्ण विवरण नहीं हो सकती। जैसे समुद्री लहरों की गणना असंभव होती है, वैसे ही इतिहास संकलन का काम भी बड़ा जटिल है, इसलिए इतिहास का रूप स्वरूप और इतिहास खोजना बहुत कठिन काम है।

> भारत में 'इतिहास के इतिहास' पर बहसें चलती हैं। यूरोपीय विद्वान भारत पर इतिहास की उपेक्षा का आरोप लगाते हैं। मैक्समूलर ने लिखा, 'हिंदू दार्शनिकों की एक जाति थी। उनका संघर्ष विचारों का संघर्ष था। उनका अतीत सृष्टि की समस्या थी, उनका भविष्य अस्तित्व का प्रश्न था। यह कहना सही है कि विश्व के राजनीतिक इतिहास में भारत का कोई स्थान नहीं है।' मैक्समूलर को वैदिक और पौराणिक सहित प्राचीन इतिहास में राज्यव्यवस्था नहीं दिखाई पड़ती।

भारत में 'इतिहास के इतिहास' पर बहसें चलती हैं। यूरोपीय विद्वान भारत पर इतिहास की उपेक्षा का आरोप लगाते हैं। मैक्समूलर ने लिखा, 'हिंदू दार्शनिकों की एक जाति थी। उनका संघर्ष विचारों का संघर्ष था। उनका अतीत सृष्टि की समस्या थी, उनका भविष्य अस्तित्व का प्रश्न था। यह कहना सही है कि विश्व के राजनीतिक इतिहास में भारत का कोई स्थान नहीं है।' मैक्समूलर को वैदिक और पौराणिक सहित प्राचीन इतिहास में राज्य व्यवस्था नहीं दिखाई पड़ती। एलफिंसटन को सिकंदर के हमले के पूर्व किसी भी घटना का निश्चित समय नहीं दिखाई पड़ता। उन्होंने 1839 में लिखा, 'भारतीय इतिहास में सिकंदर के आक्रमण के पूर्व किसी सार्वजनिक घटना की तिथि निश्चित नहीं की जा सकती है।' विटरनित्ज यहां काव्य, नायकत्व और इतिहास का घालमेल देखते हैं। अलबरूनी के आरोप ज्यादा सख्त हैं कि 'हिंदू चीजों (घटनाओं) के ऐतिहासिक क्रम पर अधिक ध्यान नहीं देते। वे अपने सम्राटों के काल क्रमानुसार उत्तराधिकार के वर्णन में लापरवाह हैं।'

गांधीजी को यह सब खासा बुरा लगता था। राष्ट्रबोध की वास्तविक शर्त सच्चा इतिहास बोध है। गणित, ज्योतिष, चिकित्सा आदि के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियां विश्वख्यात थीं। भारत ने इतिहास संकलन की अपनी विशेष परंपरा विकसित की थी, लेकिन यूरोपीय तर्ज के इतिहासविद् भारत को इतिहासविहीन बता रहे हैं। गांधी जी राजाओं के विवरण को सच्चा इतिहास नहीं मानते थे। उन्होंने हिंद स्वराज में लिखा, 'इतिहास जिस अंग्रेजी शब्द (हिस्ट्री) का तरजुमा है और जिस शब्द का अर्थ बादशाहों या राजाओं की तवारीख होता है। हिस्ट्री में दुनिया के कोलाहल की ही कहानी मिलेगी। राजा लोग कैसे खेलते थे? कैसे खून करते थे? कैसे बैर करते थे, यह सब हिस्ट्री में मिलता है।' गांधी जी ने यूरोपीय इतिहास की अंतर्वस्तु को ठीक ही सिर्फ खूनखराबे का संग्रह बताया है।

अतीत और वर्तमान दो नहीं हैं, वर्तमान अतीत का ही विस्तार है। अतीत निर्जीव सत्ता नहीं है, वर्तमान बीते प्राणवान समय का ही चेहरा है, इसलिए पुराने समय के पर्वत, वन उपवन, पशु, पक्षी और ग्रहदशा तथा गीत, नृत्य भी वर्तमान काल में किसी न किसी रूप में मौजूद रहते ही हैं। इतिहास और वर्तमान का संबंध अविच्छिन्न है। इतिहास में मनुष्य के कर्म अनुभव होते हैं। भूलें चूकें और जय पराजय होती हैं। मनुष्य उनसे सीखता है।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

वर्तमान की वस्तुनिष्ठ व्याख्या का उपकरण भी इतिहास ही है। इतिहास मनुष्य जीवन की प्रयोगशाला है। समाज इसी प्रयोगशाला के निष्कर्षों के अनुसार सही, गलत, करणीय या अकरणीय और अनुकरणीय कार्यों विचारों की सूची बनाता है, इसलिए इतिहास संकलन का काम वैज्ञानिक जैसा है, लेकिन दोनों के लक्ष्य में आधारभूत अंतर है। विज्ञान प्रकृति का विश्लेषण करता है, उसके निष्कर्ष अंतिम नहीं होते। प्रकृति विराट है, यहां अनंत रहस्य हैं। विज्ञान द्वारा जाना गया कोई भी तथ्य संपूर्ण या अंतिम सत्य नहीं होता। इतिहास 'हो चुके' का विवरण है। अतीत में अब कुछ भी नया होने की संभावना नहीं है, जो हो गया, उसी का तथ्यगत संकलन इतिहास है।

गांधी जी इतिहास निर्माता थे, लेकिन स्वयं एक अच्छे इतिहास लेखक भी थे। अनेक विद्वानों ने गांधी जी की लिखी 'दक्षिण अफ्रीका के सत्याग्रह का इतिहास' पुस्तक की प्रशंसा की है। गांधी जी की इस किताब का पहला अध्याय है 'भूगोल'। इतिहास की घटनाएं एक खास भूक्षेत्र पर घटित होती हैं। भूक्षेत्र का रूप-स्वरूप स्थायी नहीं रहता। उत्पादन के साधनों में भी परिवर्तन होते हैं, इसलिए इतिहास के सम्यक् अध्ययन में भूगोल की महत्ता है। वैदिक कवि भी अपने परिवेश, नदियों, पर्वतों का दिल खोल कर वर्णन करते थे। साथ में तत्कालीन अर्थव्यवस्था का काव्य बिम्ब भी खींचते थे।

गांधी जी ने भी दक्षिण अफ्रीका के तत्कालीन अर्थतंत्र का वर्णन किया- दक्षिण अफ्रीका के गाय और बैल हिंदुस्तान के गाय-बैलों से से अधिक बड़े और मजबूत होते हैं।' दक्षिण अफ्रीका में अंगूर हैं, अन्य मीठे फल हैं। आम भी है, लेकिन गांधी जी के अनुसार आमों की गुठलियां हिंदुस्तानी ही ले गए थे। गांधी जी ने इतिहास लेखन में भाषा को भी प्रमुख स्थान दिया है। मार्क्सवादी चिंतक डॉ. रामविलास शर्मा ने याद दिलाया है 'जो लोग नस्लवादी दृष्टि से इतिहास लिखते हैं, उनके लिए अफ्रीका का इतिहास काले आदमियों का इतिहास है। गांधी जी का दृष्टिकोण इससे भिन्न है। वह काले आदमियों में उनकी भाषाओं और जातियों की पहचान करते हैं।'

अध्ययन के सभी विषयानुशासन मनुष्य के गढ़े हैं, मनुष्य के लिए हैं। वृहत्तर मानवता का लोकमंगल ही सभी विषयों के ज्ञान का लक्ष्य है। इतिहास में लोकमंगल साधने का कर्मयोग और व्यवहार शास्त्र पसरा हुआ है। स्वाभाविक ही इतिहास लेखन, संकलन और अध्ययन का कार्य लोकमंगल के लक्ष्य से जुड़ा होना चाहिए। मूलभूत प्रश्न यह है कि भारतीय उपमहाद्वीप की इतिहास देखने की प्राचीन दृष्टि क्या थी? क्या मिथकीय ही थी? क्या तथ्यों को झुठलाने की लत थी? क्या महाकाव्यों पुराणों और उसके भी पहले रचे गए वैदिक साहित्य के नायक काल्पनिक ही हैं? पूर्वजों की ऐसी ही इतिहास दृष्टि क्यों थी?

आधुनिक इतिहासकारों का एक वर्ग इतिहास में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को सही और जरूरी मानता है। इस दृष्टिकोण से वैदिक साहित्य-इतिहास में क्या खामियां हैं? क्या मार्क्सवाद इतिहास लेखन ही वैज्ञानिक है? इस तरह तो कार्ल मार्क्स के पहले का समूचा इतिहास लेखन अवैज्ञानिक होगा? ऐसी प्रश्नावली बड़ी हो सकती है। मसलन क्या पुरातात्विक साक्ष्य ही प्रमाण है? शब्द अनुभूति श्रुति स्मृति क्यों बकवास हैं? उसी कालखंड का प्रेमपूर्ण समाज क्यों महत्वपूर्ण नहीं है?

# क्या टूटी सड़कें ही गांव से गुजरेंगी!

हर गांव की सांसें उसके रास्तों से जुड़ी होती हैं। यह रास्ते केवल मिट्टी और पत्थरों का बंधा हुआ मार्ग नहीं होते, बल्कि उससे गुजरने वाले हजारों लोगों के जीवन की धड़कन होते हैं। वे उनकी दिन-प्रतिदिन की मुश्किलों और भविष्य की उम्मीद का मिश्रण होते हैं। बात जब गांव की सड़कों विशेषकर उत्तराखंड जैसे पहाड़ी इलाकों के ग्रामीण क्षेत्रों की होती है, तो इसका महत्व और भी बढ़ जाता है।

गांव के लोग कहते हैं कि उनकी आवाज नीति निर्धारकों तक पहुंच नहीं पाती, जिसके कारण वह अपने क्षेत्र को बेहतर बनाने की दौड़ में पीछे छूट जाते हैं। उनके प्रयासों का परिणाम केवल टूटी राहों के रूप में मिलता है, न कि बेहतर जीवन की रूपरेखा के रूप में। रेत तथा पत्थरों से ढंकी इन ऊंची-नीची धूल भरी सड़कों ने गांव के लोगों के दैनिक जीवन को कठिन बना दिया है। घरों से बुजुर्ग, युवा और बच्चे प्रत्येक दिन उसी दर्द को झेलते हैं, जिसमें सड़कें अक्सर गड्ढों से भरी रहती हैं। हर साल बारिश के मौसम में यह दिक्कत और भी बढ़ जाती है। कई बार इन मार्गों पर से होकर गुजरना इतना खतरे भरा हो जाता है कि लोग अस्पताल पहुंचने में देरी का सामना करते हैं, ज़िंदगी से जूझते हुए घर लौटते हैं, या बुनियादी चीज़ों तक नहीं पहुंच पाते।



आंचल
एक्टिविस्ट

उत्तराखंड का भौगोलिक स्वरूप पहाड़ों, घाटियों और संकरी दरारों से बना है। ऐसे में सड़कें हर गांव को जोड़ने की एक जीवनदायिनी कड़ी होती हैं, लेकिन इन कड़ियों की मजबूती रोज़मर्रा की आवश्यकता बनती जा रही है, उसी तरह लोगों को अपने घर से शहर तक पहुंचने, इलाज कराने, बच्चों को स्कूल भेजने और रोजगार के साधन खोजने की अपेक्षा बढ़ती जा रही है। गांव की सड़कों पर अधूरे काम, गड्ढों और कमजोर निर्माण के कारण यह कड़ी अक्सर टूटती नजर आती है। जहां सरकार की योजनाओं के तहत कई परियोजनाएं उत्तराखंड में ग्रामीण मार्गों को जोड़ने और सुधारने के लिए चल रही हैं, वहां हकीकत और लोगों की दास्तान अक्सर विपरीत रहती है।

> उत्तराखंड का भौगोलिक स्वरूप पहाड़ों, घाटियों और संकरी दरारों से बना है। ऐसे में सड़कें हर गांव को जोड़ने की एक जीवनदायिनी कड़ी होती हैं। लोगों को अपने घर से शहर तक पहुंचने, इलाज कराने, बच्चों को स्कूल भेजने और रोजगार के साधन खोजने की अपेक्षा बढ़ती जा रही है।

वर्ष 2025 में भारी बारिश से 166 ग्रामीण सड़कें बंद हो गईं थीं और कई पुल क्षतिग्रस्त हो गए थे। इससे ग्रामीण जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। इस तरह की कठिन परिस्थितियों के चलते गर्भवती महिलाओं के लिए स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचना एक बड़ा सवाल बन जाता है। अस्पताल जाने के लिए कई किमी ऊबड़-खाबड़ रास्तों को पार करना पड़ता है, जिससे संभावित जीवन-संघर्ष और तनाव का सामना करना पड़ता है। उत्तराखंड में अनेक ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसी ही परिस्थितियां देखने को मिलती हैं, जहां कठिन रास्तों ने लोगों की उम्मीदों को पहाड़ों की तरह खड़ा कर दिया है। जो लोग रोज़मर्रा की इन राहों पर चलते हैं, उनकी आवाज़ की यही पुकार है कि इन मार्गों को स्थाई और मजबूत बनाया जाए, ताकि जीवन की कठिनाइयां कम हों और वे अपने सपनों की ओर बिना किसी अतिरिक्त बोझ के बढ़ सकें।

# संत रविदास के वचन और इतिहास

संतों महात्माओं का जीवन चरित्र अक्सर रहस्यमय बनकर रह जाता है। संत रविदास के बारे में भी यही बात लागू होती है। रविदास जी के जीवन के संबंध में जो भी थोड़ी सी जानकारी प्राप्त होती है, उसके अग्रसारित तीन प्रकार हैं। 1-रविदास जी की अपनी वाणी, जिसमें जगह-जगह प्रसंगवश उनके जीवन से संबंधित कुछ घटनाओं का संकेत है। 2- उनके समकालीन संतों व भक्तों की रचनाएं, जिनमें रविदास जी के बारे में थोड़ा बहुत उल्लेख पाया जाता है। 3- कुछ प्रमुख ऐतिहासिक व्यक्ति, जिनसे रविदास जी का संबंध माना जाता है।

रविदास जी की वाणी का प्राचीनतम संग्रह आदि ग्रंथ में मिलता है, जिसमें अनेक जाति व धर्म के संतों की बातें संकलित हैं। इसका संकलन गुरु अर्जुन देव महाराज ने किया था। यह ग्रंथ 1640 ईस्वी में संपूर्ण हुआ था। इसमें रविदास जी के 40 पद हैं। इनमें से 22 पद कुछ परिवर्तन के साथ रविदास वाणी की अन्य पांडुलिपियों में भी मिलते हैं। इन पांडुलिपियों के आधार पर संत गुरु रविदास वाणी नामक पुस्तक डॉ. बीडी प्रसाद शर्मा ने संवत 2035 में प्रकाशित की है, जिसमें 177 पद और 41 सखियां संग्रित हैं। आचार्य पृथ्वी सिंह आजाद द्वारा लिखित पुस्तक रविदास दर्शन 1973 ईस्वी में प्रकाशित है। इसी प्रकार रविदास जी के समकालीन संत कबीर और गुरु नानक को बोलियों का प्रमाण रविदास जी का जीवन काल निर्धारण करने में विशेष महत्व रखता है।



करन सिंह मौर्य
वरिष्ठ पत्रकार

जहां तक ऐतिहासिक प्रमाणों का संबंध है, संत रविदास और संत कबीर दोनों ही अपनी-अपनी वाणी में एक-दूसरे का वर्णन करते हैं। एक अन्य घटना जो रविदास जी के जन्म और मृत्यु काल को निश्चित करने में सहायक हो सकती है, वह मीरा बाई का उनसे दीक्षा लेना। आचार्य पृथ्वी सिंह आजाद के अनुसार, रविदास जी का जन्म विक्रमी संवत 1433 (1373 ईस्वी) में माघ शुक्ल पूर्णिमा दिन रविवार को हुआ। गुरु रविदास जी के जन्म के संबंध में संत करम सिंह लिखित एक दोहा प्रचलित है-चौदह सौ तैंतीस की माघ सुदी पंदरास। दुखियों के कल्याण हित प्रगति स्री रविदास।

रविदास जी की मृत्यु के बारे में एक अन्य दोहा प्रचलित है, जिससे यह सिद्ध होता है कि रविदास जी की मृत्यु 1527 ईस्वी में चित्तौड़ में हुई थी। पंद्रह सौ चउअसी भई चित्तौड़ मंह भीर। जर-जर देह कंचन भई, रवि-रवि मिल्यो शरीर। इस आधार पर रविदास जी की उम्र 151 वर्ष बनती है। इस पर आचार्य पृथ्वी सिंह आजाद का कहना है कि रविदास जैसे परम योगी आचार्य वन सात्विक वृत्ति वाले सद्गृहस्थ के लिए इतनी लंबी आयु भोगना कोई असंभव बात नहीं है।

बेणी प्रसाद शर्मा और धर्मपाल मैनी ने रविदास की मृत्यु को उक्त तिथि को स्वीकार करते हुए जन्म काल 1399 ई. मानकर उनका जीवन काल 128 वर्ष माना है। महात्मा चरण दास कुरील ने रविदास का जन्म काल 1414 ई. माना है। उन्होंने यह दिखाया है कि माघ शुक्ल पूर्णमा तिथि को रविवार पड़ता है, इसी कारण रविदास नाम दिया जाना संभव प्रतीत होता है। ज्ञानी बरकत सिंह आनंद तथा दर्शन सिंह ने भी इसका समर्थन किया है।

# बजट: ट्रंप टैरिफ के काउंटर की उम्मीदें

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को बजट में आर्थिक विकास की गति बनाए रखने की चुनौती होगी, क्योंकि यह ट्रंप टैरिफ के प्रभावी होने के बाद का पहला बजट है। ऐसे में टैरिफ को काउंटर करने की नीति और दूसरी ओर आर्थिक विकास की गति बरकरार रखने की आवश्यकता होगी, जिसमें मुख्य रूप से विनिर्माण, तकनीकी-नवाचार, रोजगार सृजन, ढांचागत अवसंरचना, युवा-महिला कल्याण, शिक्षा व स्वास्थ्य जैसी सुविधाओं का विस्तार के साथ ही गांव-किसान का कल्याण शामिल है।

> यह ट्रंप टैरिफ के प्रभावी होने के बाद का पहला बजट है, ऐसे में बजट में एक और टैरिफ को काउंटर करने की नीति और दूसरी ओर आर्थिक विकास की गति जारी रखने वाले कदमों के मद्देनजर लिए गए सुधारों की गति बरकरार रखने की आवश्यकता होगी।

भारत के आर्थिक सुधारों के अभियान को बीती 27 जनवरी, को भारत और यूरोपीय संघ के 27 देशों के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौते से बड़ी गति मिलने की उम्मीद है। यह न सिर्फ व्यापारिक बल्कि रणनीतिक दृष्टि से भी एक बहुत बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। भारत और यूरोपीय संघ के बीच एफटीए के लिए बातचीत का सिलसिला 20 वर्ष पुराना है। 2007 में शुरू हुई यह बातचीत 2026 के जनवरी माह में अंजाम पर पहुंची। भारत के लिए यह समझौता हर दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

यूरोपीय संघ और भारत मिलकर विश्व की जीडीपी का लगभग एक चौथाई हिस्सा हैं और वैश्विक व्यापार में इनकी भागीदारी एक तिहाई के करीब है। इनकी जनसंख्या का आकार लगभग दो अरब के आसपास है। इस समझौते के बाद भारत यूरोप के विश्व बाजार तक अपने उत्पादों को पहुंचाने में सफल होगा, जिसमें मुख्य रूप से कपड़ा, चमड़ा, आभूषण व रत्न आदि लगभग शून्य शुल्क के साथ निर्यात किए जा सकेंगे। वहीं यूरोपीय संघ के 27 देशों से तकनीकी उपकरण, ऑटोमोबाइल उत्पाद, मशीनरी, रसायन इत्यादि सस्ते दामों पर भारत मेंउपलब्ध होंगे।



प्रो. एचसी पुरोहित
दून विश्वविद्यालय

ट्रंप टैरिफ के बाद भारत ने पिछले वर्ष आर्थिक सुधार व ढांचागत विकास को गति देने की दिशा में कई कदम उठाए। यही कारण है कि औद्योगिक उत्पादन दर बीते दिसंबर माह में पिछले दो वर्षों के शीर्षतम स्तर पर रहा, इसका कारण ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस एवं प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव सहित दर्जनों सुधार के कदमों को समझा जा सकता है। यूरोपियन संघ के साथ यह व्यापार समझौता रोजगार के नए अवसरों को उत्पन्न करेगा, जिससे घरेलू अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी।

इस व्यापार समझौते से एमएसएमई क्षेत्र के लिए नए अवसर खुलेंगे और महिलाओं, युवाओं व पेशेवरों के लिए रोजगार उत्पन्न होगा, सेवाओं के क्षेत्र में बाजार तक पहुंच बढ़ेगी, जिसमें मुख्यतः डिजिटल सेवाओं के विस्तार को अवसर मिलेगा, भारतीय पारंपरिक चिकित्सा पद्धति से जुड़े विशेषज्ञ व प्रशिक्षकों को यूरोप के देशों में कार्य करने का मार्ग प्रशस्त होगा। इस संदर्भ में मूडीज़ रेटिंग्स का भी मानना है कि यह समझौता मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के साथ रोजगारपरक केंद्रों के निर्माण में सहायक होगा।

इस बजट में आवश्यकता है कि विनिर्माण की गति तेज करने के लिए भारत को लॉजिस्टिक और नीतिगत सुधारों की रफ्तार तेज रखने के प्रावधान करने होंगे। प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव योजना से विनिर्माण क्षेत्र को काफी गति मिली है, इसको जारी रखने की आवश्यकता है। इसके साथ ही आपूर्ति श्रृंखला का सुदृढ़ीकरण किया जाना आवश्यक है। इसके लिए श्रम शक्ति का कौशल व नवाचार क्षमता बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण का प्रावधान तथा शोध व विकास कार्य को प्राथमिकता देना होगा।

महिला सशक्तिकरण, एआई, रोबोटिक्स, नवाचार के लिए अनुसंधान केंद्रों को प्रोत्साहित करना भी जरूरी है। टैरिफ वार के बीच एफटीए के माध्यम से उभरते नए बाजार-केंद्रित योजनाओं का प्रोत्साहन, डिजिटल इंडिया को केंद्र में रखते हुए डिजिटलीकरण के विस्तार पर विशेष बल देना होगा। विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) योजना के अमल में आने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था विशेष रूप से कृषि, पशुपालन, औद्यानिकी, वानिकी, मत्स्य पालन, मधुमक्खी पालन, हस्तशिल्प और डेयरी व्यवसाय इत्यादि क्षेत्रों को गति मिलेगी।

विकसित भारत व ग्रामीण विकास की इस योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए बजट में विशेष ध्यान देना होगा तभी ग्राम स्वराज की स्थापना हो सकेगी और गांव में रोजगार उपलब्ध हो सकेगा। कुल मिलाकर इस बजट पर आम और खास सभी वर्गों की नजर होगी, यह बजट विकसित भारत का मार्ग प्रशस्त करने की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है।

# सुनो नहरों की पुकार: जब आस्था पर्यावरण से संवाद करती है

जब हम पूजा, परंपरा और श्रद्धा की बात करते हैं, तो अक्सर भूल जाते हैं कि धर्म का मूल उद्देश्य जीवन की रक्षा है- विनाश नहीं। जल, जो जीवन का आधार है, वही यदि हमारी आस्था के नाम पर अपवित्र हो जाए, तो यह आत्ममंथन का विषय बनता है। 'सुनो नहरों की पुकार' ऐसा ही एक जनजागरण अभियान है, जो हमें हमारी ही भूलों से रूबरू कराता है और बताता है सच्ची पूजा क्या है!



डॉ. प्रियंका सौरभ
लेखिका

नहरें सिर्फ़ पानी का बहाव नहीं हैं। वे खेतों की हरियाली, पशुओं की प्यास, गांवों की संस्कृति और सभ्यता की धमनियां हैं। इन्हीं नहरों के सहारे किसान अपने खेतों में सोना उगाता है। पशु जीवन पाते हैं और ग्रामीण समाज की अर्थव्यवस्था चलती है। परंतु आज यही जीवन रेखाएं हमारी असावधानी और अंधी परंपराओं के कारण कराह रही हैं।

पूजा के बाद की सामग्री— मूर्तियाँ, फूल, कपड़े, प्लास्टिक, सिंदूर, अगरबत्ती, नारियल, यहां तक कि मृत पालतू पशु नहरों में प्रवाहित कर दिए जाते हैं। जो कर्म श्रद्धा के नाम पर किए जाते हैं, वे दरअसल प्रकृति के विरुद्ध अपराध बन चुके हैं।


इसी पीड़ा और चिंता से जन्मा 'सुनो नहरों की पुकार' अभियान। इसकी शुरुआत रोहतक में डॉ. जसमेर सिंह हुड्डा (संयोजक) और हिसार में माननीय भूपेंद्र सिंह गोदारा के प्रयासों से हुई। यह कोई एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि वर्षों की तपस्या और निरंतर जागरूकता का परिणाम है।

यह अभियान न किसी राजनीतिक लाभ के लिए है, न किसी संगठनात्मक प्रसिद्धि के लिए। इसका उद्देश्य केवल एक है- नहरों को प्रदूषण से मुक्त करना और समाज की सोच में बदलाव लाना। गुरेरा गांव की मिट्टी से उठे मास्टर भूपेंद्र गोदारा ने इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चले अनेक जागरूक साथी।

यह संकट केवल कृषि तक सीमित नहीं है। नहरों का पानी पीने वाले पशु, पक्षी और अन्य जीव रोगग्रस्त हो जाते हैं। वैज्ञानिक लगातार चेतावनी दे रहे हैं कि जल प्रदूषण मानव स्वास्थ्य के लिए एक मौन आपदा बन चुका है। यदि नहरें बचेंगी तो खेत हरे-भरे रहेंगे, पशु-पक्षी सुरक्षित रहेंगे और आने वाली पीढ़ियां स्वच्छ जल का उपहार पाएंगी।

# नासिक की पहचान बदल रहा है वाइन उद्योग

प्याज, लहसुन और फूलों समेत सब्जियों के लिए ख्यात नासिक अब वाइन उद्योग को बढ़ावा देने में लगा है, लेकिन क्या यह बाजार के अलावा व्यापक समाज के लिए भी मुनासिब होगा? अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका के देशों ने यही गलती तंबाकू के साथ की थी, जहां आम लोग एक किलो खाद्यान्न पर एक सिगरेट को प्राथमिकता देने लगे थे। क्या वाइन उद्योग भी नासिक इलाके में यही करेंगे?



महाराष्ट्र के नासिक ज़िले की सह्याद्रि पहाड़ियों में फैले 'वाइन यार्ड' आज एक ऐसे पर्यटन मॉडल का प्रतीक बन चुके हैं, जिसे आकर्षक शब्दों में 'वाइन टूरिज़्म' कहा जाता है। चमकदार ब्रांडिंग, दूर-दूर तक फैले अंगूर के बागान, टेस्टिंग रूम, कैफे, संगीत, खुले लॉन और फ़ोटो-स्पॉट। यह पूरा परिदृश्य किसी सामान्य पारिवारिक सैरगाह जैसा प्रतीत होता है, लेकिन इस आकर्षक दृश्य के पीछे एक चिंताजनक सामाजिक-सांस्कृतिक तथा पर्यावरणीय कहानी छिपी है, जिसे पर्यटन के उत्साह में अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है।



कुमार सिद्धार्थ
वरिष्ठ पत्रकार

पिछले दिनों हमें ऐसे ही एक यार्ड का भ्रमण करने का अवसर मिला, जिसे 'वाइन पर्यटन' का अग्रदूत माना जाता है। यहां आने वाले पर्यटक वाइन बनाने की प्रक्रिया देखने के साथ-साथ उसे चखते हैं। स्वाद लेते हैं। बोतलें खरीदते हैं और तथाकथित 'लाइफ़ स्टाइल अनुभव' का हिस्सा बनते हैं। यही मॉडल अब नासिक और आसपास के क्षेत्रों में अन्य वाइन ब्रांड्स द्वारा भी अपनाया जा रहा है। इन सभी परिसरों में शराब को केवल एक उत्पाद के रूप में नहीं, बल्कि आधुनिकता, आनंद और सामाजिक प्रतिष्ठा के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया जाता है।

यूं तो पर्यटन का उद्देश्य किसी स्थान की संस्कृति, प्रकृति, इतिहास और वहां के लोगों से जुड़ना होता है, लेकिन 'वाइन पर्यटन' का मौजूदा स्वरूप इससे अलग दिशा में जाता दिखता है। यहां स्थानीय ग्रामीण जीवन, किसानों की वास्तविक परिस्थितियां और क्षेत्र की पारंपरिक संस्कृति हाशिये पर चली जाती है। केंद्र में रहता है ब्रांड, बाज़ार और प्रदर्शन। यह ऐसा पर्यटन है, जिसमें आनंद उपभोग से तय होता है। भारतीय समाज की सामूहिकता, सादगी और संयम की परंपरा इस मॉडल से सीधे टकराती है।

नासिक को भारत की 'वाइन कैपिटल' कहा जाता है। अनुमान है कि भारत में लगभग 70–80 वाइनरी हैं, जिनमें से 60 प्रतिशत से अधिक महाराष्ट्र में हैं और इनका बड़ा हिस्सा नासिक क्षेत्र में केंद्रित है। नासिक, सांगली, सोलापुर (आकलूज) और पुणे जैसे इलाकों को मिलाकर लगभग 45–50 वाइनरी सक्रिय या अर्ध-सक्रिय मानी जाती हैं। सरकारी नीतियां, निर्यात की संभावनाएं और पर्यटन इस विस्तार को लगातार गति दे रहे हैं, लेकिन यह विस्तार केवल आर्थिक अवसर नहीं लाता; इसके साथ सामाजिक और पर्यावरणीय दबाव भी बढ़ते हैं।

भारत विश्व के प्रमुख अंगूर उत्पादक देशों में शामिल है। देश में हर वर्ष लगभग 30–32 लाख टन अंगूर का उत्पादन होता है, जिसमें 55–60 प्रतिशत हिस्सेदारी महाराष्ट्र की है। नासिक अकेले भारत के कुल अंगूर उत्पादन का लगभग एक तिहाई करीब 9–11 लाख टन पैदा करता है। यह उत्पादन लगभग 1.4–1.5 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में फैली खेती से आता है।

वाइन परिसरों में सबसे चिंताजनक दृश्य बच्चों की निर्बाध मौजूदगी है। छोटे बच्चे अपने माता-पिता और अन्य वयस्कों को वाइन-टेस्टिंग करते, बोतलें खरीदते और शराब को उत्सव से जोड़ते देखते हैं। बचपन में देखे गए अनुभव ही मूल्यबोध की नींव रखते हैं। इस तरह शराब एक प्रकार के सांस्कृतिक प्रशिक्षण का हिस्सा बन जाती है, जिसका प्रभाव आने वाले दशकों में दिखाई देगा। यह केवल नैतिक प्रश्न नहीं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व का मुद्दा है। असल सवाल यह है कि हम किस तरह का समाज गढ़ रहे हैं? क्या हम अपनी अगली पीढ़ी को यह सिखाना चाहते हैं कि आनंद, आधुनिकता और सामाजिक स्वीकृति का रास्ता मद्यपान से होकर गुजरता है?


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## न्यूज ब्रीफ

### रविदास जयंती पर योगी ने दीं शुभकामनाएं



**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संत शिरोमणि रविदास की जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री ने कहा कि माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर ही संत रविदास जी का जन्म हुआ था, इसलिए यह तिथि आध्यात्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से विशेष महत्व रखती है। मुख्यमंत्री ने माघ पूर्णिमा पर संगम में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं और कल्पवासियों के सुख, स्वास्थ्य और मंगलमय जीवन की कामना की तथा स्वच्छता, अनुशासन और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के पालन की अपील की।

### राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान 31 मार्च तक

**अमृत विचार, लखनऊ :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के सचिव जीवक कुमार सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व मीडियेशन एवं कंसीलियेशन प्रोजेक्ट कमेटी, सर्वोच्च न्यायालय के तत्वावधान में देशभर में राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान 2.0 संचालित किया जा रहा है। यह अभियान 31 मार्च तक प्रभावी रहेगा। अभियान का उद्देश्य न्यायालयों में लंबित मामलों का मध्यस्थता के माध्यम से त्वरित, सरल एवं सौहार्दपूर्ण निस्तारण कर न्याय प्रक्रिया को सुलभ और समयबद्ध बनाना है। अभियान के अंतर्गत वैवाहिक विवाद, मोटर दुर्घटना दावा, चेक बाउंस, उपभोक्ता, वाणिज्यिक एवं अन्य उपयुक्त मामलों का समाधान मध्यस्थता के माध्यम से कराया जाएगा। नागरिकों से अभियान में सहभागिता की अपील की गई है।

### मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर 22 को

**अमृत विचार, लखनऊ :** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व कार्यपालक अध्यक्ष/वरिष्ठ न्यायमूर्ति, उप्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 22 फरवरी को लखनऊ में वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के तत्वावधान में किया जाएगा। सचिव जीवक कुमार सिंह ने बताया कि शिविर का आयोजन जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मलखान सिंह के निर्देशन में सुनिश्चित किया गया है। शिविर का उद्देश्य समाज के निर्बल, वंचित एवं जरूरतमंद वर्गों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराना तथा विभिन्न सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ एक ही मंच पर प्रदान करना है।

### लखनऊ में जुटेंगी दिग्गज फार्मा कंपनियां

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश को देश का प्रमुख फार्मास्युटिकल और मेडिकल डिवाइस मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने की ठान ली है। 3 फरवरी को राजधानी लखनऊ स्थित होटल ताज में "फार्मा कॉन्क्लेव 1.0 : इन्वेस्टमेंट अपॉर्च्युनिटीज इन उत्तर प्रदेश" का आयोजन किया जा रहा है। इसमें देश-दुनिया की दिग्गज फार्मा कंपनियां आएंगी और निवेश के नए अवसरों पर मंथन होगा। एफएसडीए के सचिव एवं आयुक्त डॉ. रोशन जैकब ने बताया कि कॉन्क्लेव का आयोजन उत्तर प्रदेश खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) और इन्वेस्ट यूपी द्वारा किया जा रहा है। कॉन्क्लेव का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे, जबकि केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन-उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा वीडियो संदेश के माध्यम से निवेशकों को संबोधित करेंगे।

### पीएम सूर्य घर योजना में 10.94 लाख आवेदन

**अमृत विचार, लखनऊ :** केंद्र सरकार की पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से यूपी देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो गया है। राष्ट्रीय पोर्टल के अनुसार, देशभर में अब तक 58.36 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से अकेले उत्तर प्रदेश से 10.94 लाख से अधिक आवेदन दर्ज किए गए हैं। योगी सरकार की सक्रिय नीतियों और यूपीनेडा व वितरण कंपनियों के समन्वित प्रयासों से प्रदेश में अब तक 3.57 लाख से अधिक रूफटॉप सोलर सिस्टम स्थापित किए जा चुके हैं। इससे राज्य की कुल स्थापित सौर क्षमता 1,227 मेगावाट से अधिक हो गई है। योजना के तहत उपभोक्ताओं को अब तक 2,440 करोड़ से अधिक केंद्रीय सब्सिडी और लगभग 600 करोड़ की राज्य सब्सिडी दी जा चुकी है।

## मुख्यमंत्री के निर्देश पर दो ग्राम पंचायतों के नाम बदले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- फिरोजाबाद और हरदोई की पंचायतों के नाम परिवर्तन को मिली मंजूरी

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में दो ग्राम पंचायतों के नाम परिवर्तित किए गए हैं। राज्य सरकार ने स्थानीय जनभावनाओं और प्रशासनिक प्रस्तावों के आधार पर यह निर्णय लिया है।

सरकारी आदेश के अनुसार, फिरोजाबाद जनपद के शिकोहाबाद तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत वासुदेवमई में स्थित ग्राम उरमुरा किरार का नाम परिवर्तित कर अब हरिनगर कर दिया गया है। इसी प्रकार हरदोई जनपद के विकास खंड भरावन की ग्राम पंचायत हाजीपुर का नाम बदलकर सियारामपुर किये जाने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश सरकार के अनुसार, नाम परिवर्तन का उद्देश्य स्थानीय सामाजिक-सांस्कृतिक पहचान को सम्मान देना और ग्राम पंचायतों की पहचान को और सुदृढ़ करना है। नाम परिवर्तन से संबंधित सभी प्रशासनिक अभिलेखों, राजस्व रिकॉर्ड और सरकारी दस्तावेजों में आवश्यक संशोधन किए जाने के निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं।




फिल्म 'गोदान' के निर्माता-निर्देशक ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर फिल्म का ट्रेलर लांच किया गया।

## योगी से मिले 'गोदान' फिल्म के निर्माता-निर्देशक, ट्रेलर लांच

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमाता के संरक्षण, भारतीय संस्कृति में उसके महत्व और पंचगव्य आधारित वैज्ञानिक दृष्टिकोण को केंद्र में रखकर बनी फिल्म गोदान के निर्माता-निर्देशक ने शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर फिल्म का ट्रेलर लांच किया गया। निर्माता-निर्देशक विनोद चौधरी ने कहा कि प्रदेश में गो-रक्षा को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जो ठोस, व्यापक और जमीनी स्तर पर कार्य हुआ है, वही इस फिल्म के निर्माण की सबसे बड़ी प्रेरणा बना। फिल्म में पंचगव्य से "पंच परिवर्तन" की अवधारणा को वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ प्रस्तुत किया गया है। विनोद चौधरी द्वारा निर्मित व निर्देशित फिल्म 'गोदान' 6 फरवरी को देशभर में एक साथ रिलीज होगी। निर्माता ने मुख्यमंत्री को फिल्म की विषयवस्तु, उद्देश्य और सामाजिक संदेश से अवगत कराते हुए कहा कि यह फिल्म केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि गोमाता, भारतीय संस्कृति, वैज्ञानिक चेतना और सामाजिक जिम्मेदारी का समग्र दस्तावेज है।

# एटा का पटना पक्षी अभयारण्य रामसर साइट सूची में शामिल

### वेटलैंड दिवस से पहले यूपी को मिली अंतरराष्ट्रीय पहचान, बना 11वां रामसर स्थल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** विश्व वेटलैंड्स दिवस (2 फरवरी) से पहले प्रदेश को बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। केंद्र सरकार ने एटा जनपद स्थित पटना पक्षी अभयारण्य को रामसर साइट्स की सूची में शामिल कर लिया है। इसके साथ ही प्रदेश में रामसर स्थलों की संख्या 10 से बढ़कर 11 हो गई है। इस अंतरराष्ट्रीय मान्यता पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेशवासियों को बधाई दी है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में वर्ष 2017 के बाद से आर्द्रभूमि, वन्यजीव और जैव विविधता संरक्षण के लिए किए गए निरंतर प्रयासों का यह परिणाम माना जा रहा है। 108.86 हेक्टेयर क्षेत्रफल में फैला पटना पक्षी विहार एक लाख से अधिक जल-पक्षियों की संरक्षण क्षमता रखता है। सर्दियों के मौसम में यहां बड़ी संख्या में प्रवासी पक्षियों का आगमन होता है। वर्ष 1990 में इसे अभयारण्य घोषित किया गया था, जिसका नाम जलेसर तहसील के पटना गांव के नाम पर रखा गया।

यह अभयारण्य 178 प्रजातियों के पक्षियों का आश्रय स्थल है। यह क्षेत्र 44 से अधिक जल-पक्षी प्रजातियों और चार आर्द्रभूमि पक्षी प्रजातियों- सरकिडियोर्निस मेलानोटस, अनहिंगा मेलानोगास्टर, मारेका स्ट्रेपेरा और एंसर की वैश्विक जैव-भौगोलिक आबादी के एक प्रतिशत से अधिक का संरक्षण करता है। गर्मियों में आसपास की आर्द्रभूमियों के सूख जाने पर यह स्थल सारस क्रेन का प्रमुख आश्रय बन जाता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को वैश्विक पहचान मिल रही है। वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने इसे जैव विविधता और पारिस्थितिक तंत्र संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।



### प्रदेश के रामसर स्थल

नवाबगंज (उन्नाव), पार्वती अरगा (गोंडा), समान (मैनपुरी), समसपुर (रायबरेली), सरसई नावर (इटावा), सांडी (हरदोई), सूर सरोवर (आगरा), बखीरा (संतकबीर नगर), ऊपरी गंगा नदी (बुलंदशहर), हैदरपुर वेटलैंड (मुजफ्फरनगर) और पटना पक्षी अभयारण्य (एटा)।

- पीएम मोदी और सीएम योगी ने दी बधाई, जैव विविधता संरक्षण को लेकर बड़ी उपलब्धि

### वेटलैंड दिवस पर बर्ड फेस्टिवल कल से

**अमृत विचार, लखनऊ :** विश्व आर्द्रभूमि (वेटलैंड) दिवस के अवसर पर 2 फरवरी को ललितपुर स्थित महावीर स्वामी पक्षी विहार में बर्ड फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा। इस महोत्सव की शुरुआत प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह करेंगे। आयोजन का उद्देश्य वेटलैंड संरक्षण के साथ-साथ जैव विविधता और पक्षी संरक्षण के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाना है। वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार ने शनिवार को अरण्य भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बर्ड फेस्टिवल में देशभर से पक्षी प्रेमी, पर्यावरणविद् और विशेषज्ञ भाग लेंगे। मंत्री ने पटना पक्षी विहार को रामसर साइट घोषित किए जाने पर विभागीय अधिकारियों की भी सराहना की।

# बजट पर टिकीं आम आदमी की नजरें

### महंगाई, टैक्स और रोजगार पर राहत की सबसे बड़ी उम्मीद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** यूनियन बजट 2026 को लेकर इस बार प्रदेश के आम लोगों की उम्मीदें पहले से कहीं अधिक बढ़ गई हैं। लगातार बढ़ती महंगाई, सीमित रोजगार के अवसर और रोजमर्रा के खर्चों के दबाव ने आम परिवारों की आर्थिक चुनौतियां बढ़ा दी हैं। ऐसे में 1 फरवरी को पेश होने वाले आम बजट को लेकर शहरों से गांवों तक चर्चा है। आम आदमी को उम्मीद है कि इस बार बजट में केवल बड़े आंकड़ों और घोषणाओं के बजाय उसकी रोजमर्रा की परेशानियों पर ठोस फैसले लिए जाएंगे।

हर वर्ग चाहे वह किसान हो, युवा हो, नौकरीपेशा हो या मध्यम वर्ग की नजरें 1 फरवरी के बजट पर टिकी हैं। सबको उम्मीद है कि यह बजट केवल आर्थिक विकास नहीं, बल्कि आम आदमी की जेब और भविष्य दोनों को संबल देने वाला साबित होगा। लखनऊ, कानपुर, बरेली, मुरादाबाद, प्रयागराज, वाराणसी, गोरखपुर और मेरठ जैसे बड़े शहरों में नौकरीपेशा और मध्यम वर्ग की सबसे बड़ी अपेक्षा इनकम टैक्स में राहत को लेकर है। लोगों का कहना है कि बढ़ती महंगाई के बीच टैक्स स्लैब में छूट और मानक कटौती बढ़ाए जाने से उनकी जेब पर पड़ रहा दबाव कुछ कम हो सकता है। साथ ही सीनियर सिटीजन के लिए रेलवे रियायतों की बहाली और स्वास्थ्य सेवाओं पर अतिरिक्त प्रावधान की मांग भी सामने आ रही है।

विशेषज्ञों के मुताबिक, बजट में कृषि आपूर्ति श्रृंखला, कोल्ड स्टोरेज, फूड प्रोसेसिंग और परिवहन लागत घटाने पर जोर दिया गया, तो इसका सीधा लाभ यूपी को मिलेगा, क्योंकि देश की बड़ी आबादी और कृषि उत्पादन यहीं केंद्रित है। सरकारी नौकरियों पर निर्भरता कम करते हुए एमएसएमई, स्टार्टअप और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को मजबूती देना जरूरी है।

### रोजगार और शिक्षा पर युवाओं की निगाहें




प्रदेश के युवाओं की निगाहें रोजगार और शिक्षा पर टिकी हैं। बुंदेलखंड, पूर्वांचल और तराई क्षेत्रों के युवाओं का कहना है कि बजट में रोजगार सृजन को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। औद्योगिक निवेश के साथ-साथ कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा और स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने से युवाओं को स्थायी रोजगार मिल सकता है। युवाओं की यह भी अपेक्षा है कि शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के लिए पर्याप्त बजटीय प्रावधान किए जाएं।

### किसानों को चाहिए सब्सिडी और एमएसपी

ग्रामीण इलाकों और किसान परिवारों के लिए भी यह बजट बेहद अहम माना जा रहा है। पश्चिमी यूपी से लेकर पूर्वांचल तक किसानों को खेती की बढ़ती लागत, खाद-बीज के दाम और सिंचाई खर्च की चिंता है। किसान चाहते हैं कि कृषि क्षेत्र के लिए सब्सिडी, न्यूनतम समर्थन मूल्य और कृषि अवसंरचना पर बजट में ठोस कदम उठाए जाएं। इसके साथ ही ग्रामीण रोजगार, सिंचाई परियोजनाओं और गांवों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार की भी मांग उठ रही है।

### दैनिक उपयोग की वस्तुओं में राहत की उम्मीद

महंगाई से जूझ रही गृहिणियों और आम परिवारों को रसोई गैस, खाद्य पदार्थों और दैनिक उपयोग की वस्तुओं के दामों में राहत की उम्मीद है। लोगों का कहना है कि यदि बजट में महंगाई नियंत्रित करने के उपायों और बचत को प्रोत्साहित करने वाली योजनाओं की घोषणा होती है, तो आम आदमी को वास्तविक राहत मिल सकती है।

## पांच आईएएस अफसरों का तबादला

- नगेंद्र प्रताप बने आगरा मंडल के कमिश्नर, एक प्रमुख सचिव को अतिरिक्त प्रभार, कई जिलों को मिले नए सीडीओ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** प्रदेश सरकार ने प्रशासनिक स्तर पर बड़ा फेरबदल करते हुए पांच वरिष्ठ अधिकारियों के तबादले और एक प्रमुख सचिव को अतिरिक्त प्रभार के आदेश दिए हैं। नगेंद्र प्रताप, जो अब तक यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी के पद पर तैनात थे, उन्हें आगरा मंडल का आयुक्त (कमिश्नर) नियुक्त किया गया है।

वहीं, मऊ के मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) प्रशांत नागर को फिरोजाबाद का नगर आयुक्त बनाया गया है। इसके साथ ही उन्हें फिरोजाबाद-शिकोहाबाद विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष भी नियुक्त किया गया है। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग में उप सचिव के पद पर तैनात विवेक कुमार श्रीवास्तव को मऊ का नया मुख्य विकास अधिकारी बनाया गया है। मथुरा के मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीणा को स्थानांतरित करते हुए यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण का अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी नियुक्त किया गया है। उनकी जगह गाजियाबाद में संयुक्त मजिस्ट्रेट के पद पर कार्यरत डॉ. पूजा गुप्ता को मथुरा का मुख्य विकास अधिकारी बनाया गया है। खाद्य एवं रसद तथा उपभोक्ता मामले विभाग के प्रमुख सचिव रणवीर प्रसाद को उनके वर्तमान पद के साथ-साथ आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### पांच पीसीएस अधिकारियों के तबादले राजेश वर्मा बने बरेली के नगर मजिस्ट्रेट

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार ने पीसीएस अधिकारियों के तबादले करते हुए प्रशासनिक स्तर पर फेरबदल किया है। जारी सूची के अनुसार कुल पांच अधिकारियों को नई तैनाती दी गई है। जालौन के नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा को नगर मजिस्ट्रेट बरेली बनाया गया है। इसी पद तैनात अलंकार अग्निहोत्री को गणतंत्र दिवस के दिन सरकार विरोधी कृत्यों को लेकर निलंबित करके डीएम शामली कार्यालय से संबद्ध किया जा चुका है। जारी आदेश के अनुसार, उप जिलाधिकारी प्रयागराज सुनील कुमार को नगर मजिस्ट्रेट, जालौन बनाया गया है। अपर आयुक्त, देवीपाटन मंडल गोंडा के पद पर कार्यरत कमलेश चन्द्र को उप सचिव, उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज नियुक्त किया गया है। इसी क्रम में राजेश कुमार यादव-I, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति), मथुरा को अपर आयुक्त, देवीपाटन मंडल, गोंडा के पद पर स्थानांतरित किया गया है। इसके अलावा नंद प्रकाश मौर्य, उप जिलाधिकारी महाराजगंज को अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति), मथुरा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सरकार की ओर से जारी इस तबादला सूची को प्रशासनिक कार्यकुशलता बढ़ाने और विभिन्न जिलों एवं मंडलों में कार्य संतुलन बनाए रखने की दिशा में कदम माना जा रहा है।

# गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा की शुरुआत 5 से

### तीन दिवसीय अभियान में 300 केंद्रों पर लगेंगे शिविर, मिलेगा निःशुल्क इलाज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** नेशनल मेडिकोज आर्गेनाइजेशन (एनएमओ) अवध एवं गोरक्ष प्रांत तथा श्री गुरु गोरखनाथ सेवा न्यास की ओर से गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा 6.0 की शुरुआत की जा रही है। तीन दिवसीय इस स्वास्थ्य सेवा अभियान के तहत भारत-नेपाल सीमा से सटे सुदूर, थारू बाहुल्य और सीमावर्ती क्षेत्रों में डॉक्टरों की टीमें पहुंचकर लोगों को निःशुल्क जांच और इलाज की सुविधा उपलब्ध कराएंगी।

स्वास्थ्य सेवा यात्रा की शुरुआत 5 फरवरी को उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, मंत्री असीम अरुण और संघ के प्रचारक सहित अन्य अतिथि लोहिया संस्थान से करेंगे। यात्रा की जानकारी शनिवार को जियामऊ स्थित विश्व संवाद केंद्र में आयोजित प्रेसवार्ता में दी गई। इस मौके पर श्री गुरु गोरखनाथ सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. एमएलबी भट्ट, एनएमओ अवध प्रांत अध्यक्ष डॉ. संदीप तिवारी, केजीएमयू के डॉ. विजय कुमार और मीडिया प्रभारी डॉ. कपिल देव शर्मा मौजूद रहे।



लखनऊ : विश्व संवाद केंद्र में पत्रकारों को जानकारी देते श्री गुरु गोरखनाथ सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. एमएलबी भट्ट, साथ में अन्य।

डॉ. संदीप तिवारी और डॉ. एमएलबी भट्ट ने बताया कि यात्रा की रवानगी के बाद डॉक्टरों की टीमें लखीमपुर, पीलीभीत, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर और महाराजगंज के सीमांत इलाकों में पहुंचेंगी। सभी क्षेत्रों में 6 फरवरी को सुबह 9 बजे से स्वास्थ्य शिविरों की शुरुआत होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ऑनलाइन माध्यम से इन शिविरों का उद्घाटन करेंगे।

उन्होंने बताया कि 6 और 7 फरवरी को 300 केंद्रों पर विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे, जबकि 8 फरवरी को विशाल स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान निःशुल्क जांच, दवा वितरण और विशेषज्ञ परामर्श की सुविधा दी जाएगी। इस बार ढाई लाख से अधिक लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं देने का लक्ष्य रखा गया है।

स्वास्थ्य सेवाओं में केजीएमयू, एम्स, एसजीपीजीआई, बीएचयू सहित देश के 70 मेडिकल कॉलेजों के एक हजार से अधिक डॉक्टर हिस्सा लेंगे। राजस्थान, महाराष्ट्र समेत अन्य राज्यों से भी चिकित्सक इस अभियान में सहयोग करेंगे। शिविरों में एक्स-रे, कैंसर, मोतियाबिंद सहित विभिन्न बीमारियों की जांच की जाएगी। साथ ही चश्मा वितरण, आयुष्मान कार्ड बनवाने जैसी सुविधाएं भी लोगों को उपलब्ध कराई जाएंगी।

**पहल** उप्र. और बिहार के महिला किसान संगठनों के बीच एमओयू

# खेती में डिजिटल टेक्नोलॉजी का होगा इस्तेमाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- यूपी-बिहार मिलकर करेंगे महिला किसानों की क्षमता वृद्धि, खुलेंगे रोजगार के नए अवसर

**अमृत विचारः** खेती को आधुनिक, टिकाऊ और लाभकारी बनाने की दिशा में उप्र. और बिहार ने एक अहम पहल की है। डिजिटल तकनीक, डेटा आधारित निर्णय प्रणाली और क्लाइमेट स्मार्ट एग्रीकल्चर को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश और बिहार के महिला किसान संगठनों के बीच राजधानी लखनऊ में समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

यह एमओयू उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से संबद्ध महिला किसान उत्पादन संगठनों के राज्य स्तरीय संघ भूस्वामिनी और बिहार के पहले एफपीओ महासंघ बिहप्रो कन्सोर्टियम ऑफ प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के बीच हुआ। इस समझौते का मुख्य उद्देश्य महिला किसानों की क्षमता वृद्धि, आधुनिक तकनीक आधारित खेती को प्रोत्साहन, कृषि उत्पादों के मूल्य संवर्धन तथा खरीद-बिक्री की संगठित व्यवस्था विकसित करना है। एमओयू के तहत खेती में डिजिटल टेक्नोलॉजी और डेटा के उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे महिला किसान वैज्ञानिक तथ्यों पर आधारित निर्णय ले सकेंगी। साथ ही बदलते मौसम को ध्यान में रखते हुए क्लाइमेट स्मार्ट एग्रीकल्चर प्रैक्टिसेज अपनाने पर विशेष जोर रहेगा। एमओयू के माध्यम से उत्तर प्रदेश और बिहार की महिला किसान संयुक्त रूप से प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन और नवाचार आधारित कार्यक्रम संचालित करेंगी। इससे महिला किसानों को आधुनिक कृषि पद्धतियों, जलवायु अनुकूल खेती और संसाधनों के बेहतर उपयोग की जानकारी मिलेगी।



मुख्यमंत्री योगी के निर्देशों के अनुरूप प्रदेश में महिला किसानों को केवल उत्पादन तक सीमित न रखकर कृषि आधारित उद्यमिता, प्रोसेसिंग, ब्रांडिंग और मार्केट लिंकेज से जोड़ा जा रहा है। कृषि उत्पादों की खरीद-बिक्री के लिए एक पारदर्शी और सशक्त तंत्र विकसित किया जाएगा, जिससे महिला किसान संगठनों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सके।

# आपदा राहत कार्यों को मिली रफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- वर्ष 2025-26 में 710.12 करोड़ रुपये जारी, बाढ़ राहत पर सर्वाधिक खर्च

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार आपदा प्रबंधन और राहत कार्यों को लेकर पूरी तरह संवेदनशील और प्रतिबद्ध है। बाढ़, भूकंप, सूखा, अग्निकांड, शीतलहर और मानव-जीव संघर्ष जैसी आपदाओं से प्रभावित लोगों को त्वरित राहत पहुंचाने के लिए राहत आयुक्त कार्यालय लगातार सक्रिय हैं। इसी क्रम में वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान आपदा राहत मद में कुल 710.12 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गई, जिससे प्रदेश में राहत, बचाव और पुनर्वास कार्यों को नई गति मिली है।

जारी की गई धनराशि में सबसे अधिक 365.73 करोड़ रुपये बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं पुनर्वास के लिए आवंटित किए गए। यह राशि मुख्य रूप से सरयू, गंगा और घाघरा नदी से प्रभावित इलाकों में बचाव कार्यों, क्षतिपूर्ति और पुनर्वास पर खर्च की गई। इसके अलावा चक्रवात व आंधी-तूफान से हुई क्षति के लिए 14.13 करोड़ रुपये, ओलावृष्टि से नुकसान की भरपाई के लिए 0.13 करोड़ रुपये और अग्निकांड से प्रभावितों को सहायता के लिए 14.63 करोड़ रुपये जारी किए गए। शीतलहरी से बचाव को लेकर सरकार ने विशेष प्रयास किए, जिसका सकारात्मक असर भी देखने को मिला। ठंड से निराश्रितों की सुरक्षा के लिए 50.72 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गई। इसके अंतर्गत कंबल वितरण के लिए 45.51 करोड़ रुपये और अलाव जलाने के लिए 3.51 करोड़ रुपये खर्च किए गए। प्रदेश के सभी जनपदों में 27,027 स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्था की गई, जिनमें अब तक 1,69,834 अलाव जलाए जा चुके हैं।

राहत आयुक्त कार्यालय के अनुसार, अब तक 5,89,689 कंबल गरीबों और निराश्रितों को वितरित किए जा चुके हैं। साथ ही प्रदेश भर में 1,242 रैन बसेरे स्थापित किए गए हैं, जहां 64 हजार से अधिक लोगों को ठंड से राहत मिली है।

**ब्रह्मोस का उन्नयन निरंतर चलने वाली परियोजना**

**मॉस्को।** ब्रह्मोस क्रूज मिसाइलों का उन्नयन और आधुनिकीकरण एक निरंतर चलने वाली परियोजना है, जिसका उद्देश्य हाइपरसोनिक प्रौद्योगिकियों की ओर बढ़ना है। रूसी संयुक्त उद्यम साझेदार एनपीओ माशिनोस्ट्रोयेनिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और मुख्य डिजाइनर अलेक्जेंडर लियोनोव ने उन्नत मार्गदर्शन और नियंत्रण प्रणालियों से लैस ब्रह्मोस एक सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है, जिसे पनडुब्बियों, जहाजों, विमानों या जमीन से प्रक्षेपित किया जा सकता है।



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :** तुलसी 2610, राज श्री 1940, फ़ॉर्चून कि. 2425, रविन्द्रा 2530, फॉर्चुन 13 किग्रा 2145, जय जवान 2140, सचिन 2130, सूरज 2140, अवसर 1945, उजाला 2125, गृहणी 13 किग्रा 1985, क्लासिक (किग्रा) 2325, मोर 2335, चक्र टिन 2375, ब्लू 2215, आशीर्वाद मस्टर्ड 2400, स्वास्तिक 2560

**किराना :** हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 24500, लाल मिर्च 18000-23000, धनिया 9400-12000, अजवायान 13500-20000, मेथी 6000-8000 सौंफ 9000-13000, सोंठ 31000, (प्रतिकि.) लौंग 800-1000, बादाम 780-1080, काजू 2 पीस 840, किसमिस पीली 300-400, मखाना 800-1100

**चावल (प्रति कु.) :** डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8200, राजभोग 6850, हरी पत्ती (1 किग्रा, 5 किग्रा) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8400, गौरी प्रीमियम 9800, सूमो 4000, गौरी रॉयल 8600, मंसूरी पनघट 4150,लाडली 4100

**दाल दलहन :** मूंग दाल इंदौर 9700, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 11200-12500, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450 मलका दाल 7350-9200, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800-9800, मसूर दाल छोटी 10000-11600, दाल उड़द दिल्ली 10600, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800-11500,चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800-8400, सच्चा हीरा 8900, मोटा हीरा 10000, अरहर गोला मोटा 9000, अरहर पटका मोटा 9700, अरहर कोरा मोटा 10000, अरहर पटका छोटा 11500-12200, अरहर कोरी छोटी 13400

**चीनी :** पीलीभीत 4400, बहेड़ी 4220

# बैंक जमा, निवेश पर समान कर हो लागू

## एसबीआई प्रमुख शेट्टी बोले- वित्तीय बचत साधनों के लिए एक समान अवसर होने चाहिए

**मुंबई, एजेंसी**



- केंद्रीय बजट से एक दिन पहले शेट्टी ने की मांग

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन सीएस शेट्टी ने शनिवार को शेयर (इक्विटी) निवेश और बैंक जमा से होने वाली कमाई पर एक समान कर व्यवस्था लागू करने की वकालत की। केंद्रीय बजट से एक दिन पहले शेट्टी ने कहा कि दुनिया में अन्य कहीं भी कराधान में इस तरह की असमानता नहीं है और अब समय आ गया है कि भारत भी अन्य बाजारों के अनुरूप चले। उन्होंने बैंकिंग कार्यक्रम के इतर कहा कि वित्तीय बचत साधनों के लिए समान अवसर होने चाहिए।

शेट्टी ने बताया कि हालांकि वह बजट के प्रावधानों के बारे में नहीं जानते और इस तरह के कदम से राजकोषीय चुनौतियां भी हो सकती हैं, लेकिन इक्विटी के लिए किसी विशेष व्यवहार की आवश्यकता नहीं है। एक समय में आसान कराधान के माध्यम से इक्विटी निवेश को प्रोत्साहित करना सही रहा होगा, लेकिन आज जिस तरह से जोखिम भरे इक्विटी बाजार में लोगों की रुचि बढ़ रही है, वहां अब ऐसी विशेष रियायत की जरूरत नहीं है। वर्तमान में बैंक जमा पर रिटर्न करदाता के टैक्स स्लैब के अनुसार लगता है, जो 30 प्रतिशत तक हो सकता है। इसके विपरीत, सूचीबद्ध इक्विटी पर रिटर्न पर रियायती दरें लागू हैं, जिसमें 1.25 लाख रुपये से अधिक के दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ (एलटीसीजी) पर 12.5 प्रतिशत और अल्पकालिक पूंजीगत लाभ (एसटीसीजी) पर 15-20 प्रतिशत कर लगता है।

### बचतकर्ता खातों में रख रहे केवल न्यूनतम शेष राशि

बैंकर पिछले कुछ समय से इन दोनों वित्तीय साधनों के बीच समानता की मांग कर रहे हैं और जमा राशि जुटाने में आ रही चुनौतियों के कारण अब यह मांग और तेज हो गई है। कई बैंकरों का कहना है कि बचतकर्ता अब काफी समझदार हो गए हैं और वे बैंक खातों में केवल न्यूनतम शेष राशि ही रख रहे हैं। वे बेहतर रिटर्न पाने के लिए अतिरिक्त धन को इक्विटी में लगाना पसंद कर रहे हैं। इससे बैंकों के पास ऋण देने के लिए उपलब्ध संसाधनों में कमी आती है और अक्सर उन्हें कर्ज की मांग को पूरा करने के लिए सरकारी बॉन्ड में निवेश का सहारा लेना पड़ता है या मुद्रा बाजारों से उधार लेना पड़ता है।

### आठ नए क्षेत्रों को बढ़ाव देगा स्टेट बैंक का 'चक्र'

**मुंबई।** सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने आठ नवोदित क्षेत्रों को वित्त पोषण देने के लिए शनिवार को उत्कृष्टता केंद्र चक्र की शुरुआत की। उत्कृष्टता केंद्र जिन आठ क्षेत्रों पर फोकस करेगा उनमें नवीकरणीय ऊर्जा, एडवांस्ड सेल केमिस्ट्री एवं बैटरी स्टोरेज, इलेक्ट्रिक परिवहन, हरित हाइड्रोजन, सेमीकंडक्टर, डी-कार्बनाइजेशन, स्मार्ट बुनियादी ढांचा और डाटा सेंटर अवसंरचना शामिल हैं। बैंक ने बताया कि ये क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था के आर्थिक भविष्य के मुख्य चालक के रूप में उभर रहे हैं। 2030 तक इन सेक्टरों में 100 लाख करोड़ के पूंजी निवेश की संभावना है। वित्तीय सेवा विभाग के सचिव एम. नागराजू ने एसबीआई के चेयरमैन चल्ला श्रीनिवासुलु शेट्टी की उपस्थिति में चक्र का उद्घाटन किया। बैंक के प्रबंध निदेशक, अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों एवं वैश्विक बैंकों के प्रतिनिधि, प्रमुख कॉरपोरेट समूह, वित्तीय संस्थान, उद्योग निकाय तथा पारितंत्र से जुड़े अन्य प्रमुख हितधारक भी उपस्थित थे।

## अरब देशों से व्यापार और निवेश को प्रगाढ़ बनाएगा भारत : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने अरब देशों के साथ व्यापार और निवेश, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा तथा अन्य क्षेत्रों में सहयोग को और प्रगाढ़ बनाने की भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया है। उन्होंने शनिवार को अरब देशों के विदेश मंत्रियों से मुलाकात की, जिन्होंने पश्चिम एशिया में शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने में अरब लीग भूमिका की सराहना की।

भारत-अरब विदेश मंत्रियों की दूसरी बैठक के लिए अरब देशों के विदेश मंत्री नई दिल्ली में हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के अनुसार, मोदी ने भारत और अरब जगत के बीच प्रगाढ़ और ऐतिहासिक संबंधों पर प्रकाश डाला, जिन्होंने वर्षों से दोनों पक्षों के बीच संबंधों को प्रेरित और मजबूत किया है। प्रधानमंत्री ने आने वाले वर्षों में भारत-अरब साझेदारी को लेकर अपने दृष्टिकोण को रेखांकित किया और पारस्परिक लाभ को व्यापार और निवेश, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा और अन्य क्षेत्रों में सहयोग और गहरा करने में भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

### इंडिया सोलर एंड ईवी एक्सपो-2026

## ग्रीन एनर्जी आधारित इको-सिस्टम से सशक्त बनेगा प. उप्र



**संवाददाता, मेरठ**

- ऊर्जा एवं नवीन ऊर्जा स्रोत विभाग के राज्य मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर रहे मुख्य अतिथि
- आईआईए मेरठ चैप्टर की ओर से पहली बार मेरठ में 21, 22 एवं 23 फरवरी को होगा आयोजन

**अमृत विचार:** विक्टोरिया पार्क क्रिकेट ग्राउंड में इंडिया सोलर एंड ईवी एक्सपो-2026 का अनावरण/सॉफ्ट लॉन्च किया गया। कार्यक्रम में ऊर्जा एवं नवीन ऊर्जा स्रोत विभाग के राज्य मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कहा कि यह एक्सपो ग्रीन एनर्जी और इलेक्ट्रिक व्हीकल क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

आयोजकों ने बताया कि आईआईए मेरठ चैप्टर की ओर से पहली बार मेरठ में इंडियन सोलर एंड ईवी एक्सपो-2026 का आयोजन होगा। यह 21, 22 एवं 23 फरवरी 2026 को आईआईए भवन, मोहकमपुर औद्योगिक क्षेत्र में आयोजित होगा। आईआईए का लक्ष्य एक्सपो के माध्यम से 500 करोड़ से अधिक का व्यवसाय करना है। इसका उद्देश्य पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कार्यरत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को सशक्त और प्रभावी मंच उपलब्ध कराना है, ताकि वे उत्पादों और सेवाओं को व्यापक स्तर पर प्रदर्शित कर सकें। आयोजकों ने बताया कि एक्सपो में कार्बन न्यूट्रैलिटी, सस्टेनेबिलिटी तथा ग्रीन एनर्जी क्षेत्र में उद्यमिता के विकास जैसे विषयों पर सेमिनार होंगे। साथ ही प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के विजन के अनुरूप घरेलू एवं औद्योगिक उपयोग से जुड़ी सरकारी योजनाओं और प्रोत्साहनों पर भी प्रकाश डाला जाएगा। पीएम सूर्य घर और पीएम-कुसुम योजना एक्सपो के आकर्षण होंगे। आयोजकों को आशा है कि यह पहल पश्चिमी उत्तर प्रदेश में ग्रीन एनर्जी आधारित स्टार्टअप इको सिस्टम को सशक्त बनाएगी और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को नई दिशा एवं गति देगी।

# देश का चीनी उत्पादन 18.35% बढ़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- उद्योग निकाय इस्मा के अनुसार 2025-26 में 31 जनवरी तक 1.95 करोड़ टन पहुंचा

देश में चीनी उत्पादन चालू सत्र 2025-26 में 31 जनवरी तक 18.35 प्रतिशत बढ़कर 1.95 करोड़ टन पर पहुंच गया है। उद्योग निकाय इस्मा ने शनिवार को यह जानकारी दी। मुख्य उत्पादक राज्यों में उत्पादन बढ़ने से यह वृद्धि दर्ज की गई है। पिछले सत्र की समान अवधि में चीनी का उत्पादन 1.64 करोड़ टन रहा था। चीनी सत्र अक्टूबर से सितंबर तक चलता है।

भारतीय चीनी एवं जैव-ऊर्जा विनिर्माता संघ (इस्मा) के अनुसार, वर्तमान में देशभर में 515 चीनी मिलें चालू हैं, जबकि पिछले साल इसी अवधि में 501 मिलें चल रही थीं। देश के सबसे बड़े उत्पादक राज्य महाराष्ट्र में 31 जनवरी तक चीनी का उत्पादन 42 प्रतिशत बढ़कर 78.7 लाख टन रहा। राज्य में अभी 206 मिलों का परिचालन हो रहा है, जबकि एक साल पहले इनकी संख्या 190 थी। दूसरे सबसे बड़े उत्पादक राज्य उत्तर प्रदेश में उत्पादन अब तक 55.1 लाख टन तक पहुंच गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग पांच प्रतिशत अधिक है। इस्मा ने कहा कि तीसरे सबसे बड़े उत्पादक राज्य कर्नाटक में भी पेराई की गति तेज रही और वहां उत्पादन पिछले सत्र की इसी अवधि की तुलना में 15 प्रतिशत बढ़ा है। इस्मा ने अनुमान जताया है कि 2025-26 के पूरे सत्र के लिए शुद्ध चीनी उत्पादन 18.6 प्रतिशत बढ़कर 3.09 करोड़ टन रह सकता है, जो पिछले सत्र में 2.61 करोड़ टन था।

## चावल सस्ता व गेहूं महंगा, खाद्य तेल और दालों में घट-बढ़

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव गिर गए जबकि गेहूं में तेजी रही। वहीं, चीनी की कीमतों में कमोबेश टिकाव रहा जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 31 रुपये घटकर 3,810 रुपये प्रति क्विंटल रह गयी। गेहूं चार रुपये चढ़कर 2,866 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा भी 21 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुआ। दाल-दलहनों में उड़द दाल की कीमत 33 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मसूर दाल 59 और चना दाल 24 रुपये सस्ती हुई। मूंग दाल की कीमत 20 और तुअर दाल की 11 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। मूंगफली तेल की कीमत 118 रुपये प्रति क्विंटल गिर गयी।

## अडाणी अमेरिकी एसईसी से नोटिस लेने के लिए तैयार, 90 दिनों में देंगे जवाब

- रिश्वत देने की योजना के बारे में निवेशकों को गुमराह करने का आरोप

**न्यूयॉर्क/नई दिल्ली।** अरबपति गौतम अडाणी और उनके भतीजे सागर अडाणी अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग (एसईसी) से दीवानी धोखाधड़ी के मुकदमे में कानूनी नोटिस लेने को तैयार हैं। अदालती दस्तावेज से यह जानकारी मिली। इन पर आरोप है कि उन्होंने रिश्वत देने की योजना के बारे में निवेशकों को गुमराह किया।

न्यूयॉर्क के ब्रुकलिन में संघीय अदालत में दायर दस्तावेज के अनुसार एसईसी और गौतम तथा सागर अडाणी के अमेरिका स्थित वकीलों ने कहा कि वकील नियामक के कानूनी कागजात स्वीकार करने को सहमत हो गए हैं। इससे न्यायाधीश को अब फैसला देने की जरूरत नहीं होगी कि प्रतिवादियों को नोटिस कैसे तामिल कराया जाए। यह संयुक्त आवेदन संबंधित अदालत के समक्ष मंजूरी को प्रस्तुत किया गया है। यह कानूनी कार्यवाही में मानक प्रक्रियात्मक कदम है, जो मामलों के समाधान की अनुमति देता है।

### अनुपालन बोझ कम करने पर आईबीबीआई का जोर

**नई दिल्ली।** भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (आईबीबीआई) के चेयरपर्सन रवि मित्तल ने शनिवार को कहा कि नियमों की प्रभावशीलता को बनाए रखते हुए अनुपालन आवश्यकताओं को कम करने के प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने मजबूत कॉरपोरेट शासन के महत्व पर भी बल दिया। भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) द्वारा ग्रेटर नोएडा में आयोजित वर्ल्ड फोरम ऑफ अकाउंटेंट्स के सत्र में मित्तल के साथ सेबी के प्रमुख तुहिन कांत पांडेय और एनएफआरए के चेयरपर्सन नितिन गुप्ता ने भी विचार साझा किए। मित्तल ने कहा कि कानूनों के बेहतर कार्यान्वयन और कम अनुपालन की आवश्यकता है। उन्होंने जानकारी दी कि आईबीबीआई ने आईआईएम अहमदाबाद से अपने नियमों की समीक्षा करने और अनुपालन आवश्यकताओं को सरल बनाने के लिए कहा है।

## एयरबस को मिला एच175 हेलीकॉप्टर का ऑर्डर

**हैदराबाद।** फ्रांस की कंपनी एयरबस कॉर्पोरेट हेलीकॉप्टर्स को निजी भारतीय ग्राहक से तीन हेलीकॉप्टरों के लिए ऑर्डर मिले हैं। कंपनी ने शनिवार को बताया कि उसे भारत से एच175 हेलीकॉप्टर के लिए पहला ऑर्डर मिला है। साथ ही दो ओसीएच160 हेलीकॉप्टर के ऑर्डर मिले हैं। उक्त ऑपरेटर के बेड़े में एसीएच160 हेलीकॉप्टर के पहले से शामिल हैं। एच175 दो इंजन वाला सुपर-मीडियम हेलीकॉप्टर है, जिसमें कुल 16 सीटें होंगी। डिलिवरी इसी साल होने की संभावना है।



# टीएमसी से ज्यादा भ्रष्ट कोई सरकार नहीं : शाह

## सिलीगुड़ी में भाजपा कार्यकर्ताओं को केंद्रीय गृह मंत्री ने किया संबोधित

- सीमा सुरक्षा उपायों में बाधा और अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर बाड़ के लिए जमीन न देने का लगाया आरोप

**कोलकाता/सिलीगुड़ी, एजेंसी**



कार्यकर्ताओं की बैठक में शामिल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और सुवेंदु अधिकारी।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार जितनी भ्रष्ट कोई और सरकार देश में नहीं है। सिलीगुड़ी में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक में उन्होंने राज्य सरकार पर सीमा सुरक्षा उपायों में बाधा डालने और अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर बाड़ लगाने के लिए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को जमीन उपलब्ध न कराने का भी आरोप लगाया।

शाह ने कहा कि मैंने संसद में कहा था कि बीएसएफ को बाड़ लगाने के लिए जमीन की जरूरत है। मैंने ममता बनर्जी को सात बार पत्र लिखा। मैं खुद भी उनके कार्यालय गया, लेकिन फिर भी जमीन नहीं दी गई। गृह मंत्री ने आरोप लगाया कि टीएमसी सरकार पश्चिम बंगाल में समुदायों के बीच तनाव को बढ़ावा दे रही है। ममता बनर्जी ने यह सुनिश्चित किया है कि बंगाल में हर समुदाय एक-दूसरे से लड़े, जिससे राज्य की एकता के लिए खतरा पैदा हो रहा है। आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर अमित शाह ने कहा कि भाजपा उत्तर बंगाल की सभी सीट पर जीत हासिल करेगी, क्योंकि लोग टीएमसी के सिंडिकेट राज और भ्रष्टाचार से तंग आ चुके हैं।

### घुसपैठियों को बचाने की कोशिश कर रही टीएमसी

शाह ने आरोप लगाया कि राज्य के अधिकारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कराने में निर्वाचन का सहयोग नहीं कर रहे। इससे पहले, उत्तर 24 परगना के बैरकपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं की बड़ी बैठक में शाह ने टीएमसी सरकार पर घुसपैठियों को बचाने, भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने और चुनावी फायदे के लिए सीमा सुरक्षा को कमजोर करने का आरोप लगाया। शाह ने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार का गठन अब सिर्फ राजनीतिक मकसद नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा की जरूरत है। उन्होंने दावा किया कि 2026 के विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस सत्ता से बाहर हो जाएगी।

### सरकार बनते ही 45 दिनों में सीमा पर लगेगी बाड़

शाह ने कहा कि जिस तरह से पश्चिम बंगाल में घुसपैठ हो रही है, वह पूरे देश के लिए सुरक्षा का मुद्दा बन गया है। अदालत के आदेश के बाद भी टीएमसी बीएसएफ को सीमा पर बाड़बंदी के लिए जमीन नहीं दे रही है, क्योंकि घुसपैठिए उसके वोट बैंक हैं। राज्य में प्रशासन और पुलिस अवैध प्रवासियों को नहीं रोक रही है, जिन्हें जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल करके पूरे देश में भेजा जा रहा है। शाह ने कहा कि कलकत्ता हाईकोर्ट ने स्वीकार किया कि मुख्यमंत्री बनर्जी सीमा पर बाड़ लगाने को भूमि देने में सहयोग नहीं कर रही हैं। चाहे ममता हाईकोर्ट के निर्देश के अनुसार 31 मार्च तक भूमि दें या नहीं, अप्रैल में भाजपा का मुख्यमंत्री बनते ही 45 दिनों में सीमा पर बाड़ लगाने का काम पूरा कर दिया जाएगा। असम से तुलना करते हुए शाह ने कहा कि भाजपा के सत्ता में आने के बाद वहां घुसपैठ रुक गई, जबकि कांग्रेस शासन के दौरान ऐसा नहीं था। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर शाह ने कहा, ममता जितना विरोध करना चाहें करें, लेकिन यह प्रक्रिया घुसपैठियों के नाम मतदाता सूची से हटाने के लिए जारी रहेगी।

## नीट अभ्यर्थी की मौत की सीबीआई जांच कराने की सिफारिश

**पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को कहा कि राज्य सरकार ने पटना में नीट परीक्षा की तैयारी कर रही 18 वर्षीय छात्रा की हाल ही में हुई मौत की सीबीआई से जांच कराने की सिफारिश की है। इससे पहले, बिहार पुलिस का विशेष जांच दल (एसआईटी) इसकी जांच कर रहा था।

जहानाबाद की छात्रा इस महीने की शुरुआत में पटना के चित्रगुप्त नगर में हॉस्टल के कमरे में बेहोश मिली थी और कई दिन तक कोमा में रहने के बाद 11 जनवरी को उसकी मौत हो गई। छात्रा के परिवार ने उसका यौन उत्पीड़न होने और अधिकारियों पर मामले को दबाने की कोशिश करने का आरोप लगाया था। चौधरी ने एक्स पर पोस्ट में कहा, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भारत सरकार से पटना में नीट छात्रा की हत्या के मामले (केस नंबर- 14/26) की जांच सीबीआई को सौंपने का आग्रह किया है।

## राकांपा ने विलय पर साधी चुप्पी गोयल बोले- ऐसी उम्मीद नहीं

**मुंबई/नई दिल्ली, एजेंसी**

- राकांपा (शप) का दावा- अजित दोनों गुटों के विलय की रखते थे इच्छा, शरद पवार ने भी स्वीकारा

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के वरिष्ठ नेताओं ने शनिवार को पार्टी के प्रतिद्वंद्वी गुटों के विलय की संभावनाओं पर सतर्कतापूर्ण चुप्पी साधे रखी, जबकि केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि उन्हें निकट भविष्य में ऐसा होने की कोई उम्मीद नहीं है। दूसरी ओर, राकांपा (शप) के नेताओं ने दावा किया कि अजित पवार दोनों गुटों के विलय की इच्छा रखते थे लेकिन पार्टी प्रमुख शरद पवार ने स्वीकार किया कि अब इस प्रक्रिया में बाधा आ सकती है।

राकांपा के एक गुट का नेतृत्व अजित पवार कर रहे थे और दूसरे की कमान उनके चाचा शरद पवार के पास है। अजित पवार का दो दिन पहले विमान दुर्घटना में निधन हो गया था। अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार ने उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि महाराष्ट्र में महायुति सरकार के हिस्से के रूप में राकांपा ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। गोयल ने राकांपा के दोनों गुटों के विलय की चर्चा पर कहा कि व्यक्तिगत रूप से मुझे ऐसा होता नजर नहीं आ रहा। राकांपा का नेतृत्व पहले अजित पवार के पास था और अब सुनेत्रा पवार के पास है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रफुल्ल पटेल को राकांपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। मुझे नहीं लगता कि शरद पवार को राकांपा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जाएगा क्योंकि उन्होंने जनता का विश्वास खो दिया है। मुंबई में राकांपा नेताओं प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे ने इस मुद्दे पर टिप्पणी करने से इन्कार कर दिया।

## बंगाल : एनआईए ने बेलडांगा हिंसा की जांच की शुरू

**कोलकाता।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा में भड़की हिंसा की जांच शनिवार को शुरू की। यह हिंसा झारखंड में इस महीने की शुरुआत में एक प्रवासी मजदूर की मौत की खबर के बाद भड़की थी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

एनआईए की टीम सुबह बेलडांगा पुलिस थाना पहुंची और जांच में पहले से शामिल अधिकारियों से बात की और उनसे दस्तावेज मांगे। केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देशों का अनुपालन करते हुए संघीय एजेंसी ने नए सिरे से प्राथमिकी दर्ज की है। एनआईए के एक अधिकारी ने बताया कि जांच का मुख्य उद्देश्य यह निर्धारित करना है कि क्या हिंसा किसी संगठित साजिश, भ्रामक जानकारी के प्रसार या सांप्रदायिक भावनाओं को भड़काने के लिए की गई उकसावे की कार्रवाई का परिणाम थी। बेलडांगा और आसपास के इलाकों में 16 जनवरी को उस समय तनाव फैल गया जब खबर आई कि इलाके के प्रवासी मजदूर की झारखंड के आश्रय स्थल पर मौत हो गई है। बिहार में इसी क्षेत्र के एक प्रवासी मजदूर पर हुए हमले की खबर आने के बाद लगभग दो दिनों तक स्थिति अस्थिर बनी रही और इलाके में अशांति की घटनाएं सामने आईं।

# फरवरी में तापमान होगा सामान्य से अधिक, बारिश भी होगी कम

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- आईएमडी के अनुसार, गेहूं और जौ जैसी फसलों में समय से पहले पकने की हो सकती है समस्या, पैदावार होगी कमजोर

देश में फरवरी में मौसम सामान्य से अधिक गर्म रहने और बारिश कम हो सकती है, हिमालयी क्षेत्र में जहां सर्दियों के शुष्क होने को जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से जोड़ा जा सकता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शनिवार को यह जानकारी दी।

आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि पूरे देश में फरवरी में होने वाली बारिश सामान्य से कम होगी और न्यूनतम और अधिकतम तापमान, दोनों सामान्य से अधिक रहने का अनुमान है। गेहूं और जौ जैसी फसलों में समय से पहले पकने की समस्या हो सकती है, जिससे बाली में दाने नहीं बनेंगे और दाने हल्के हो जायेंगे तथा पैदावार कम हो जायेगी। महापात्र ने कहा कि उत्तर-पश्चिमी भारत (जिसमें पूर्वी उत्तर प्रदेश, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर और लद्दाख शामिल हैं) में फरवरी में मासिक वर्षा सामान्य से कम रहने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि दिसंबर और जनवरी के ज्यादातर भागों में पश्चिमी विक्षोभ की गैर मौजूदगी के कारण पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में सर्दियों में मौसम शुष्क बना रहा, जहां 20 जनवरी के बाद ही हिमपात हुआ। समय के साथ पश्चिमी हिमालय में वर्षा में कमी का रुझान देखा गया है, जिससे आईएमडी और अन्य संस्थानों द्वारा किए अध्ययनों में जलवायु परिवर्तन को बताया गया है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन का कौन सा विशेष पहलू पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में बारिश में कमी का कारण है।


## मोदी के जालंधर दौरे से पहले डेरा बल्लां और दो स्कूलों को बम की धमकी

**चंडीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जालंधर स्थित डेरा सचखंड बल्लां के मुख्यालय का दौरा करने से एक दिन पहले शनिवार को संप्रदाय और दो स्कूलों को बम विस्फोट की धमकियां मिलीं। धमकी भरे ईमेल विद्यालयों को भेजे गए हैं और संदेश के पाठ में डेरा बल्लां को सीधे धमकी दी गई है।

पुलिस प्राधिकारियों ने दोनों स्कूल के परिसर में सुरक्षा जांच शुरू कर दी है और बम निरोधक दस्तों को बुलाया गया है। अवकाश होने के कारण विद्यालयों में छात्र नहीं थे। प्रधानमंत्री का गुरु रविदास जयंती के अवसर पर रविवार को डेरा बल्लां जाने का कार्यक्रम है। पुलिस ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। इससे पहले बुधवार को चंडीगढ़ के कई विद्यालयों को धमकियां मिली थीं।

# साइबर अपराधों से लोगों को बचाने के लिए मजबूत और प्रभावी तंत्र बनाने की जरूरत

**जयपुर, एजेंसी**



- साइबर अपराधों पर हाईकोर्ट सख्त, दो अपराधियों की जमानत याचिकाएं कीं खारिज

राजस्थान हाईकोर्ट ने बढ़ते साइबर अपराधों पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा है कि कुछ वर्षों में देश में ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामलों में वृद्धि हुई है, जिससे हजारों लोग अपनी मेहनत की कमाई खो रहे हैं। न्यायमूर्ति अनूप कुमार ढंढ ने शनिवार को दो साइबर अपराधियों की जमानत याचिकाएं खारिज करते हुए कहा कि इंटरनेट के माध्यम से होने वाले अपराधों से नागरिकों को बचाने के लिए मजबूत और प्रभावी तंत्र तैयार किया जाना आवश्यक है।

ऑनलाइन बैंकिंग या किसी भी डिजिटल लेन-देन से पहले लोगों को जागरूक करना बेहद जरूरी है। इसके लिए प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, सोशल मीडिया, टेलीविजन और एफएम रेडियो के माध्यम से व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जाना चाहिए, ताकि लोग डिजिटल धोखाधड़ी का शिकार होने से बच सकें। हाईकोर्ट ने साइबर ठगी की शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया को सरल और तेज करने पर भी ज़ोर दिया। न्यायालय के अनुसार, शिकायत प्रणाली जटिल होने के कारण कई पीड़ित समय रहते मदद नहीं ले पाते, जिससे उनका पैसा वापस पाना कठिन हो जाता है।

अदालत ने केंद्र और राज्य सरकारों के वित्त एवं गृह मंत्रालयों, राजस्थान के पुलिस महानिदेशक और रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया को निर्देश दिये हैं कि वे मिलकर ऐसा तंत्र विकसित करें, जिससे ग्राहकों की मेहनत की कमाई अनधिकृत लेन-देन से सुरक्षित रहे। साथ ही, न्यायालय ने ग्राहकों का डेटा बेचकर अपराधियों को फायदा पहुंचाने वाली सोशल मीडिया कंपनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश दिये। अदालत ने कहा कि साइबर अपराध केवल तकनीकी चुनौती नहीं, बल्कि आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा का गंभीर मुद्दा बन चुके हैं।

# एपस्टीन फाइल्स का खुलासा, बिल गेट्स पर यौन रोग से संक्रमित होने का आरोप

- कई हाई प्रोफाइल हस्तियों से जुड़े दावों को फिर से दी हवा

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी न्याय विभाग ने शुक्रवार को दोषी यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन से जुड़े दस्तावेजों का विशाल जखीरा जारी किया। इसमें 30 लाख से अधिक पृष्ठों के रिकॉर्ड, 2,000 से अधिक वीडियो और 1,80,000 तस्वीरें शामिल हैं। इस खुलासे ने माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स सहित कई हाई-प्रोफाइल हस्तियों से जुड़े उन दावों को फिर से हवा दे दी है जिनका सत्यापन नहीं हो पाया था।

इन दस्तावेजों में एपस्टीन के कथित तौर पर लिखे गए ईमेल का प्रारूप शामिल हैं, जिनमें आरोप लगाया गया है कि एपस्टीन के निजी द्वीप लिटिल सेंट जेम्स की यात्रा के दौरान बिल गेट्स रूसी लड़कियों के जरिए एक यौन संचारित रोग (एसटीडी) की चपेट में आ गए थे।

अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की निगरानी समिति के डेमोक्रेटिक सदस्यों के जांच के हिस्से के रूप में जारी की गई तस्वीरों में एक होटल गेट्स अलग-अलग मौकों पर अलग-अलग कई युवतियों के साथ दिख रहे हैं। इन तस्वीरों में युवतियों का चेहरा छिपा दिया गया है।

### दस्तावेजों में मीरा नायर का भी नाम

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के न्याय विभाग की ओर से सार्वजनिक की गई जेफरी एपस्टीन संबंधी फाइलों से पता चलता है कि भारतीय फिल्म निर्माता मीरा नायर ने दोषी यौन तस्कर घिसलेन मैक्सवेल के टाउनहाउस में एक फिल्म की आफ्टर पार्टी में हिस्सा लिया था। न्यूयॉर्क शहर के महापौर जोहरान ममदानी की मां नायर का नाम उन ईमेल में से एक में सामने आया है, जो जेफरी एपस्टीन से संबंधित जांच की अतिरिक्त फाइलों का हिस्सा हैं।

## डिजिटल दीवानगी का खूनी खेल

आज के डिजिटल युग में रील शब्द किसी परिचय का मोहताज नहीं है। इंस्टाग्राम, फेसबुक और यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म्स पर चंद सेकंड के वीडियो (रील्स) लोगों के मनोरंजन का सबसे बड़ा साधन बन चुके हैं। लेकिन, मनोरंजन की यह सीमा कब मौत के स्टंट में तब्दील हो गई, इसका अंदाजा शायद उन युवाओं को भी नहीं रहा जो कैमरे के सामने खड़े होते हैं। सोशल मीडिया पर लाइक्स, शेयर और रातों-रात वायरल होने की सनक ने एक ऐसा खतरनाक माहौल पैदा कर दिया है, जहां लोग अपनी और दूसरों की जान को दांव पर लगाने से भी नहीं कतरा रहे हैं। आंकड़े गवाह हैं कि सेल्फी और रील बनाने के चक्कर में होने वाली मौतों के मामले में भारत दुनिया के शीर्ष देशों में शामिल है। ट्रेन की पटरियों पर दौड़ते हुए वीडियो बनाना, ऊंची इमारतों की छतों पर स्टंट करना खतराए जान बन चुकी है।

## रील एडिक्शन



### सुरक्षा के साथ मनोवैज्ञानिक संकट

- यह न केवल एक सुरक्षा संबंधी मुद्दा है, बल्कि बड़ा मनोवैज्ञानिक संकट भी है। युवा पीढ़ी के लिए सोशल मीडिया पर मिलने वाली डिजिटल अटेंशन एक तरह के डोपामाइन रश की तरह काम करती है, जो उन्हें अधिक जोखिम लेने के लिए उकसाती है। सरकार और प्रशासन समय-समय पर इसके खिलाफ एडवाइजरी जारी करते हैं, लेकिन व्यक्तिगत जिम्मेदारी और सामाजिक जागरूकता के बिना इन हादसों को रोकना एक बड़ी चुनौती बना रहेगा। इस समस्या की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि केवल उत्तराखंड में ही पिछले दो वर्षों में रेलवे ट्रैक पर होने वाली मौतों में 63% की वृद्धि हुई है, जिसका मुख्य कारण रील और सेल्फी का शौक बताया गया है।

### बचाव के कुछ उपाय

- तकनीकी हस्तक्षेप : सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को ऐसे एल्गोरिदम विकसित करने चाहिए जो खतरनाक स्टंट वाले वीडियो को प्रमोट करने के बजाय उन्हें सेंसर करें।
- प्रशासनिक सख्ती : पर्यटन स्थलों, झरनों और ऊँची चोटियों पर नो रील/नो सेल्फी जोन चिन्हित किए जाने चाहिए।
- शैक्षणिक जागरूकता : स्कूलों और कॉलेजों में डिजिटल साक्षरता और सोशल मीडिया के मानसिक दुष्प्रभावों के बारे में वर्कशॉप आयोजित की जानी चाहिए।
- कानूनी कार्रवाई : खतरनाक रील बनाने वालों के ड्राइविंग लाइसेंस रद्द करने और भारी जुर्माने का प्रावधान होना चाहिए।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

मनोवैज्ञानिकों के अनुसार रील बनाने की सनक डिजिटल वैनिटी का हिस्सा है। लोग असली जिंदगी से भागकर एक आभासी दुनिया में आदर्श छवि बनाना चाहते हैं, जिससे वे खतरनाक परिस्थितियों को भांप नहीं पाते हैं।

### सरकार के निर्देश और नियम

- आईटी नियम 2025-26 : केंद्र सरकार ने आईटी एमेंडमेंट रूल्स 2025 के तहत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को हानिकारक और अश्लील सामग्री पर रोक के सख्त निर्देश दिए हैं।
- पुलिस की कार्रवाई : कई राज्यों की पुलिस (जैसे हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, उत्तर प्रदेश) ने खतरनाक सड़कों और रेलवे पटरियों पर रील बनाने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करना शुरू कर दिया है।
- बीएनएस की धाराएं : भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत सार्वजनिक स्थानों पर जान जोखिम में डालने वाले कृत्यों पर दंड का प्रावधान है। उदाहरण के लिए, वंदे भारत ट्रेन के ट्रैक पर अवरोध उत्पन्न कर रील बनाने वालों को जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### ईरान में एक इमारत में धमाका, चार की मौत

**तेहरान।** ईरान के दक्षिण-पश्चिमी प्रांत खुज़ेस्तान में शनिवार को एक रिहायशी इमारत में गैस धमाके में चार लोगों की मौत हो गई। समाचार एजेंसी आईआरएनए ने शहर के अग्निशमन विभाग के प्रमुख बावक रबीई के हवाले से बताया कि यह घटना प्रांतीय राजधानी अहवाज़ में स्थित चार यूनिट वाली इमारत में गैस लीक होने के कारण हुई। उन्होंने बताया कि दमकलकर्मियों और बचाव दल को घटनास्थल पर भेजा गया है।

### बैलेस्टेरास की तांबे की प्रतिमा के टुकड़े मिले

**मैड्रिड।** स्पेन के दिग्गज गोल्फ खिलाड़ी सेवे बैलेस्टेरोस की उनके गृहनगर पेट्रेना से चोरी हुई तांबे की आदमकद प्रतिमा को पुलिस ने एक स्टोर से कई टुकड़ों में बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि करीब 30 हजार यूरो (लगभग 27 लाख रुपये) मूल्य की इस प्रतिमा को चोरों ने टुकड़ों में काट दिया था और वे इसे कौड़ियों के भाव बेचने की तैयारी में थे। स्पेन के कैंटाब्रिया क्षेत्र स्थित सेंटेंडर के एक स्टोर रूम से बरामद इस प्रतिमा का कमर से कटा आधा हिस्सा मिला। इसका धड़ और सिर सुरक्षित हैं, लेकिन इसके हाथ कई टुकड़ों में टूट हुए पाए गए। पुलिस ने इस मामले में तांबा चोरी के पुराने अपराधी एक 22 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया है।

### वेनेजुएला में रिहा होंगे राजनैतिक बंदी

**काराकस।** वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने शुक्रवार को एक ऐसे विधेयक की घोषणा की, जिसके जरिए सैकड़ों कैदियों की रिहाई का रास्ता खुल सकता है। इनमें राजनीतिक कारणों से हिरासत में लिए गए विपक्षी नेता, पत्रकार और मानवाधिकार कार्यकर्ता भी शामिल हैं। अमेरिका समर्थित विपक्ष लंबे समय से ऐसे कदम की मांग करता रहा है। यह तीन जनवरी को देश की बागडोर संभालने के बाद रोड्रिगेज द्वारा दी गई नई रियायत मानी जा रही है।

### झड़पों में 37 बलूच लड़ाकों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में सुरक्षा बलों और बलूच लड़ाकू के बीच हुई झड़प में कम से कम 10 सुरक्षा अधिकारी मारे गए और 37 बलूच लड़ाकों की मौत हो गई। सुरक्षा सूत्रों ने शनिवार को बताया कि प्रतिबंधित बलूचिस्तान मुक्ति सेना (बीएलए) ने शनिवार सुबह-सुबह क्वेटा, नोशकी और ग्वादर जिलों सहित 12 से ज़्यादा जगहों पर एक साथ हमले किये। पाकिस्तानी सेना की कार्रवाई में 37 लड़ाके मारे गए।

# अमेरिकी जंगी बेड़े के करीब ईरान करेगा युद्धाभ्यास, एलान से तनाव

## अमेरिकी रक्षा मंत्रालय की चेतावनी, हरमुज में सुरक्षित रूप से अभ्यास करे ईरान

- युद्धपोतों के ऊपर से उड़ान को बर्दाश्त नहीं करेगा अमेरिका

फ्लोरिडा/दुबई, एजेंसी

अमेरिका ने ईरान की तरफ अपना सबसे बड़ा सैन्य बेड़ा भेजा है, जिससे पश्चिम एशिया में मौजूदा तनाव अपने चरम पर पहुंच गया है। वहीं ईरान ने भी मोर्चा संभालते हुए होर्मुज जलडमरूमध्य में दो दिवसीय नौसैनिक अभ्यास की घोषणा की है। इस पर अमेरिकी सेना के केंद्रीय कमान ने ईरानी सेना को चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि वह अमेरिकी युद्धपोतों के ऊपर से उड़ान भरने जैसे असुरक्षित युद्धाभ्यास को बर्दाश्त नहीं करेगा।

अमेरिका के रक्षा मंत्रालय के अधीन आने वाली केंद्रीय कमान (सेंटकॉम) ने ईरान की इस्लामी रेवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) से कहा है कि वह रविवार से हरमुज़ की खाड़ी में शुरू होने वाला अपना नौसैनिक अभ्यास सुरक्षित तरीके से करे और किसी भी अनावश्यक जोखिम को जन्म न दे। सेंटकॉम ने कहा कि आईआरजीसी नौसैनिक अभ्यास को इस तरह से करे जो सुरक्षित, पेशेवर हो और अंतर्राष्ट्रीय समुद्री यातायात के लिए नौपरिवहन की आज़ादी को अनावश्यक जोखिम से बचाए। हरमुज़ खाड़ी एक अंतर्राष्ट्रीय समुद्री मार्ग है और एक ज़रूरी व्यापार गलियारा है, जो क्षेत्रीय आर्थिक समृद्धि में मदद करता है।

ईरान ने गुरुवार को एलान किया था कि वह हरमुज़ की खाड़ी में रविवार से नौसैनिक अभियान शुरू करेगा। ईरानी मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ईरान की नौसेना एक और दो फरवरी को हरमुज खाड़ी में गोलीबारी के साथ अभ्यास करेगी। उल्लेखनीय है कि अमेरिका ने पश्चिमी एशिया में अपना विमान वाहक पोत यूएसएस अब्राहम लिंकन भी तैनात किया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसका हवाला देते हुए ईरान से अपनी शर्तें मानने के लिए भी कहा है।



### पुतिन से मिले ईरानी सुरक्षा प्रमुख लारीजानी

**मास्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन क्रेमलिन में ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव अली लारीजानी का स्वागत किया। यह एक अघोषित उच्च स्तरीय बैठक थी। ईरान के शीर्ष नेता अली खामेनेई के वरिष्ठ सलाहकार लारीजानी को पिछले साल अगस्त में इस पद पर नियुक्त किया गया था। इससे पहले वह ईरान के परमाणु केंद्रों पर अमेरिकी हवाई हमलों के बाद मॉस्को आए थे। क्रेमलिन ने कहा कि राष्ट्राध्यक्ष ने क्रेमलिन में रूस की यात्रा पर आए ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव अली लारीजानी का स्वागत किया। यह नहीं बताया गया कि दोनों नेताओं के बीच क्या बातचीत हुई।

### ईरान बातचीत के लिए तैयार : ट्रंप

**वाशिंगटन।** पश्चिमी एशिया में बढ़ती अमेरिका की सैन्य उपस्थिति के बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान बातचीत के लिए तैयार है। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में कहा कि ईरान के साथ बातचीत शुरू करने के लिए एक अंतिम तारीख तय की गई है, हालांकि उन्होंने सही समय नहीं बताया। ईरान के पास एक अमेरिकी नौसैनिक पोत की तैनाती का ज़िक्र करते हुए कहा, उम्मीद है, हम एक समझौता करेंगे। अगर हम समझौता नहीं करते हैं, तो देखेंगे क्या होता है। अमेरिका ने जहां बातचीत के लिए तैयारी दिखाई, वहीं ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने ईरान का रुख दोहराया। उन्होंने कहा कि ईरान आपसी हितों और सम्मान के आधार पर बातचीत को तैयार है।

## इजराइल, सऊदी अरब को हथियार देगा अमेरिका

**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस ने ईरान में अशांति को लेकर तनाव के बीच पश्चिमी एशिया में अमेरिका के दो बड़े सहयोगी देशों, इज़राइल और सऊदी अरब को कुल 15.67 अरब अमेरिकी डॉलर के हथियारों की बिक्री को मंज़ूरी दे दी है। अमेरिकी विदेश विभाग ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सौदे को मंज़ूरी दे दी है। इज़राइल को 6.67 अरब डॉलर की नई बिक्री में चार अलग-अलग पैकेज शामिल हैं, जिसमें रॉकेट लॉन्चर और आधुनिक टारगेटिंग गियर से लैस 30 अपाचे अटैक हेलीकॉप्टर शामिल हैं। इसके अलावा इज़राइली सेना के लिए संचार लाइनें बढ़ाने के मकसद से 3,250 हल्के टेक्टिकल वाहन शामिल हैं। सऊदी अरब को नौ अरब डॉलर की बिक्री में 730 पैट्रियट मिसाइलें और संबंधित उपकरण शामिल हैं। इसका मकसद एक प्रमुख क्षेत्रीय गैर-नाटो सहयोगी का समर्थन करना है। विदेश विभाग ने कहा कि उसने पहले ही कांग्रेस को इन बिक्री की मंज़ूरी के बारे में सूचित कर दिया था। सऊदी अरब अमेरिका का एक प्रमुख सहयोगी और नाटो भागीदार है। उसने 730 पैट्रियट-3 मिसाइल इंटरसेप्टर खरीदने का अनुरोध किया था।

# हमने सिर झुकाया, किया आत्मसम्मान से समझौता

- विदेशी ऋण पाने में अपमान पर बोले पाकिस्तानी प्रधानमंत्री

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने मित्र देशों से वित्तीय सहायता मांगने में अपमानजनक स्थिति का जिक्र करते हुए इस बात को खुलकर स्वीकारा कि विदेशी ऋण लेने की मजबूरी में पाकिस्तान को अपना सिर झुकाना पड़ा है और आत्मसम्मान की कीमत पर समझौता करना पड़ा। इस्लामाबाद में शुक्रवार को देश के प्रख्यात व्यापारियों और निर्यातकों के सम्मान में आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए शरीफ ने उस कठिन दौर को याद किया जब पाकिस्तान को दिवालियापन के डर का सामना करना पड़ा था और कुछ लोग इसे (पाकिस्तान को) तकनीकी रूप से विफल होने के कगार पर बता रहे थे।

उन्होंने कहा कि जब हमने पदभार संभाला, तब आर्थिक स्थिति बेहद नाजुक थी और आम आदमी को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। प्रधानमंत्री ने 2023 में पेरिस में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के प्रबंध निदेशक के साथ अपनी मुलाकात का जिक्र किया जिसके बाद वैश्विक ऋणदाता ने एक आर्थिक कार्यक्रम को मंजूरी दी जिससे देश की अर्थव्यवस्था को स्थिर करने में मदद मिली। शरीफ ने कहा कि मित्र देशों ने मुश्किल समय में पाकिस्तान का पूरा समर्थन किया है और उन्होंने सेना प्रमुख एवं रक्षा बलों के प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के साथ मिलकर कई देशों के नेताओं से अरबों डॉलर के ऋण मांगने के लिए मुलाकात की। उन्होंने कहा कि मैं कैसे बताऊं कि हमने मित्र देशों से ऋण के लिए किस तरह अनुरोध किया? मित्र देशों ने हमें निराश नहीं किया।



### चुकानी पड़ती है ऋण की कीमत

प्रधानमंत्री ने कहा कि ऋण से दायित्व भी उत्पन्न होते हैं जिन्हें पूरा करना होता है। उन्होंने कहा कि जब आप ऋण लेने जाते हैं तो आपको अपने आत्मसम्मान की कीमत चुकानी पड़ती है। आपको समझौता करना पड़ता है। कभी अनुचित मांगें सामने आ सकती हैं, उन्हें पूरा करना पड़ सकता है।

## हवाई अड्डे से 9.5 करोड़ रुपये का गांजा पकड़ा गया

**हैदराबाद।** तेलंगाना में राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लगभग 9.5 करोड़ रुपये का 27.15 किलो गांजा जब्त किया और सात संदिग्धों को गिरफ्तार किया। हैदराबाद क्षेत्रीय इकाई के डीआरआई अधिकारियों ने 30 जनवरी को सुबह करीब 1.15 बजे थाई एयरवेज की उड़ान टीजी-329 से बैंकॉक से आ रहे चार भारतीय अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों को उनके तीन साथियों के साथ उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वे प्रतिबंधित सामान का लेन-देन कर रहे थे। जांच में ट्रॉली बैग से कई पैकेट बरामद किए। उसका 27.15 किलो वजन वाले इस पदार्थ का मादक पदार्थो का पता लगाने वाली किट से परीक्षण किया गया।

## पूर्वी कांगो में खदान ढहने से 200 लोगों की चली गई जान

- बारिश के चलते भूस्खलन से हुआ हादसा, कई लोग अभी फंसे

गोमा (कांगो), एजेंसी

पूर्वी कांगो में एक प्रमुख कोल्टन (कोलंबाइट-टैंटलाइट) खनन स्थल पर भूस्खलन के कारण कई खदानें ढह जाने से कम से कम 200 लोग मारे गए। विद्रोहियों की इकाई ने यह जानकारी दी। विद्रोहियों की इकाई द्वारा नियुक्त उत्तरी किवू प्रांत के गवर्नर के प्रवक्ता लुमुम्बा कंबेरे मुयिसा ने बताया कि यह भूस्खलन बुधवार को रुबाया खदानों में हुआ जो विद्रोहियों के नियंत्रण में हैं। उन्होंने कहा कि भूस्खलन भारी बारिश के कारण हुआ।

मुयिसा ने कहा कि फिलहाल 200 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें से कुछ अब भी कीचड़ में फंसे हुए हैं और उन्हें निकाला नहीं जा सका है। उन्होंने बताया कि घटना में कई अन्य लोग घायल हुए हैं और उन्हें रुबाया कस्बे के तीन स्वास्थ्य केंद्रों में ले जाया गया है। उन्होंने कहा कि शनिवार को घायलों को एंबुलेंस से निकटतम शहर गोमा ले जाया जाएगा। मुयिसा ने बताया कि उत्तरी किवू की विद्रोही इकाई द्वारा नियुक्त गवर्नर ने अस्थायी रूप से खनन कार्य पर रोक लगा दी और खदान के पास आश्रय बनाने वाले निवासियों को हटाने का आदेश दिया है। रुबाया पूर्वी कांगो के मध्य में है जो मध्य अफ्रीकी राष्ट्र का खनिज-समृद्ध हिस्सा है और दशकों से सरकारी बलों तथा रवांडा समर्थित एम23 सहित विभिन्न सशस्त्र समूहों की हिंसा से त्रस्त है।

## केंद्र ने आईजी पद पर तैनाती के नियम बदले

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने आईपीएस के अधिकारियों की केन्द्र में पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) के पद पर तैनाती के नियमों में बदलाव करते हुए कहा है कि इसके लिए केन्द्र में एसपी या डीआईजी पद पर दो वर्ष तक कार्य का अनुभव अनिवार्य है। यह नियम वर्ष 2011 के बैच और उसके बाद के आईपीएस अधिकारियों पर लागू होगा। इसका उद्देश्य नेतृत्व वाले वरिष्ठ पदों पर पदोन्नति से पहले अधिकारियों के लिए केंद्रीय स्तर पर पर्याप्त अनुभव सुनिश्चित करना है। आदेश में कहा गया है कि वर्ष 2011 बैच और उसके बाद के आईपीएस अधिकारियों के लिए केन्द्र में आईजी के लिए एसपी या डीआईजी स्तर पर दो वर्ष की केंद्रीय प्रतिनियुक्ति अनिवार्य है।

# गाजा में इजराइली हमलों में बच्चों सहित 30 फिलिस्तीनियों की मौत

- मृतकों में दो परिवारों की दो महिलाएं व छह बच्चे भी शामिल

गाजा पट्टी, एजेंसी

गाजा में शनिवार तड़के इजराइल द्वारा किए गए हमलों में 30 फलस्तीनियों की मौत हो गई। अक्टूबर में हुए संघर्ष विराम के बाद इजराइली हमले में मारे गए लोगों की यह सबसे अधिक संख्या है। विभिन्न अस्पतालों के अधिकारियों ने बताया कि इजराइल द्वारा हमास पर संघर्ष विराम उल्लंघन का आरोप लगाए जाने के एक दिन बाद गाजा में कई स्थानों पर हमले हुए, जिनमें एक इमारत और खान यूनिस में तम्बू वाले एक शिविर पर घातक हमले शामिल हैं।

इन हमलों में जान गंवाने वाले लोगों में दो अलग-अलग परिवारों की दो महिलाएं और छह बच्चे शामिल हैं। शिफा अस्पताल के निदेशक मोहम्मद अबू सेल्मिया ने बताया कि गाजा शहर में एक थाने पर भी हवाई हमला हुआ, जिसमें 14 लोग मारे गए और कई अन्य लोग घायल हो गए। नासिर अस्पताल ने कहा कि तम्बू वाले शिविर पर हमले के कारण आग लग गई, जिसमें एक व्यक्ति, उसके परिवार के छह सदस्यों सहित सात लोग मारे गए। मृतकों में तीन बच्चे भी शामिल हैं। शिफा अस्पताल ने कहा कि शनिवार सुबह गाजा सिटी अपार्टमेंट इमारत पर हमले में तीन बच्चों, उनकी चाची और दादी की मौत हो गई, पुलिस थाने पर हमले में चार महिला पुलिसकर्मियों सहित 11 अधिकारियों और हवालात में बंद कैदियों की मौत हो गई।


### हमले संघर्ष विराम का खुला उल्लंघन

हमास ने शनिवार के हमलों को नए सिरे से खुला उल्लंघन कहा तथा अमेरिका और अन्य मध्यस्थ देशों से आग्रह किया कि वे इजराइल पर हमले रोकने के लिए दबाव डालें। एक सैन्य अधिकारी ने कहा कि एक दिन पहले संघर्ष विराम का उल्लंघन किए जाने के जवाब में इजराइल ने शुक्रवार देर रात से शनिवार तड़के तक हमले किए। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने 10 अक्टूबर को संघर्ष विराम शुरू होने के बाद से इजराइली गोलीबारी में 509 के मारे जाने का दावा किया।

## आज का भविष्यफल -पं.मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 1 फरवरी, रविवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा 2 फरवरी 03.38 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- शिशिर।
**चन्द्रबल**- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
**ताराबल**- अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- पुष्य 23.58 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

**मेष** — आज दूसरों के भरोसे अपने जरूरी काम न छोड़ें। हालांकि पहले की गई मेहनत सुखद परिणाम दे सकती है। परिजनों के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार में कुछ नई योजना बना सकते हैं। प्रेम संबंधों को लेकर थोड़ी परेशानी रहेगी।

**वृष** — आज मन में अज्ञात भय का प्रभाव रहने वाला है। कर्मचारियों की गतिविधियों की जानकारी रखें। आप में सकारात्मक ऊर्जा की अधिकता रहेगी। अपने लक्ष्य पर पूरा फोकस बनाए रखें। उच्चाधिकारी आपसे प्रसन्न रहेंगे।

**मिथुन** — आज व्यवसाय में आपका प्रदर्शन बेहतरीन रहेगा। आप अपनी जॉब को बदलने का विचार बना सकते हैं। आपके आदर्शों और व्यवहार की प्रशंसा होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। बड़े भाई-बहनों के साथ व्यवहार में कड़वाहट हो सकती है।

**कर्क** — आज अनावश्यक कार्यों में अपना समय बर्बाद न करें। बुजुर्ग आपसे नाराज हो सकते हैं। धार्मिक आयोजन में जाने का अवसर मिल सकता है। संतान के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। रुके हुए निर्माण कार्यों को दोबारा शुरू कर सकते हैं।

**सिंह** — आज घर में मांगलिक कार्यक्रम की योजना बना सकते हैं। नए लोगों से दोस्ती करने से बचें। आपकी दिनचर्या अच्छी नहीं रहेगी। व्यवसाय में धन का नुकसान होगा। बच्चों से व्यवहार अच्छा रखें। आपका मन किसी कारण खराब हो सकता है।

**कन्या** — आज अपना मनोबल और आत्मविश्वास बनाए रखें। दोपहर के बाद आपको शुभ समाचार मिलेंगे। संतान की उन्नति से मन प्रसन्न रहेगा। जिम्मेदार व्यक्तियों का मार्गदर्शन मिलेगा। व्यस्तता के बावजूद परिवार के लिए समय निकालेंगे।

**तुला** — आज शाम के समय मित्रों के साथ भोजन का आनंद ले सकते हैं। प्रेम-प्रसंग में नजदीकियां बढ़ेंगी। बच्चों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। किसी इंटरव्यू में बैठ रहे हैं, तो आपको काफी अच्छे परिणाम मिल सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज विरोधी आपकी आलोचना कर सकते हैं। कर्मचारियों की गतिविधियों की जानकारी रखें। आप में सकारात्मक ऊर्जा की अधिकता रहेगी। अपने लक्ष्य पर पूरा फोकस बनाए रखें। उच्चाधिकारी आपसे प्रसन्न रहेंगे।

**धनु** — आज आवश्यक कार्यों को दोपहर से पहले पूर्ण कर लें। संपत्ति के क्रय-विक्रय से धन लाभ होगा। वैवाहिक संबंधों का तनाव दूर होगा। लोग आपके कार्यों की आलोचना कर सकते हैं। जीवन में आपको बड़े परिवर्तन करने से बचना चाहिए।

**मकर** — आज व्यापार में बिक्री बढ़ सकती है। त्वरित प्रतिक्रिया देने से बचें। आप अपने परिजनों को पूरा समय देंगे। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। परोपकार के कार्यों में मन लगाएंगे। विद्यार्थी पढ़ाई में व्यस्त हो सकते हैं।

**कुंभ** — आज आपको नए अनुभवों के लिए तैयार रहना चाहिए। आप जिन अवसरों को तलाश रहे थे, वे आपको प्राप्त हो सकते हैं। नशीले पदार्थों का सेवन करने वालों को परेशानी हो सकती है। कार्यक्षेत्र में अपनी उपलब्धियों को लेकर असंतुष्ट हो सकते हैं।

**मीन** — आज सभी कार्यों को समय से पूर्ण कर लेंगे। विद्यार्थियों को परीक्षा में उत्तम परिणाम मिलने के योग बन रहे हैं। घुटनों में दर्द की शिकायत हो सकती है। करियर को लेकर किसी से सलाह लेना उचित नहीं है। प्रेमीजन के साथ अच्छा समय बिताएंगे।

## सुडोकू -48

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | 9 | | 1 | | | |
| 9 | | 3 | | 2 | | | 5 | |
| | | | | 7 | | 3 | | |
| 5 | | | 8 | | | 7 | | |
| | | 4 | | | | | | 1 |
| | | 2 | | | 6 | | | 5 |
| | | | | 6 | | | | 9 |
| | 1 | | | 8 | | 4 | 7 | |
| | | | 4 | | 7 | | 1 | |

### सुडोकू - 47 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 1 | 9 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 |
| 2 | 3 | 9 | 6 | 1 | 8 | 5 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 8 | 3 | 2 | 7 | 1 | 9 | 6 |
| 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 6 | 3 | 2 | 8 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 3 | 2 | 4 | 5 | 9 |
| 3 | 4 | 2 | 8 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 |
| 9 | 7 | 5 | 4 | 6 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 8 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 7 | 4 | 1 |



टी-20 क्रिकेट में बेशक हमारी टीम सबसे अच्छी टीम में से एक है—आपका दिन कभी भी खराब हो सकता है। लेकिन अगर आप क्रिकेट की बात कर रहे हैं तो आपको टेस्ट क्रिकेट की बात करनी होगी।
–कपिल देव

# स्टेडियम

अमृत विचार
www.amritvichar.com

बरेली, रविवार, 1 फरवरी 2026

## हाईलाइट

### कपिल ने टेस्ट क्रिकेट पर ध्यान देने पर जोर दिया

**नई दिल्ली।** भारत के महान क्रिकेटर कपिल देव का मानना है कि विश्व कप के लिए उतरने से पहले राष्ट्रीय टीम टी20 क्रिकेट में सबसे मजबूत दावेदारों में से एक बनी हुई है लेकिन उन्होंने जोर दिया कि टेस्ट क्रिकेट को इस खेल की नींव बनाए रखना चाहिए। भारत की तैयारी पर बात करते हुए कपिल ने कहा कि जहां सबसे छोटा प्रारूप लोकप्रिय हुआ है तो वहीं खेल की बेहतर सेहत सुनिश्चित करने के लिए लंबे प्रारूप पर भी उतना ही ध्यान देना चाहिए। विश्व कप 1983 में भारत की खिताबी जीत के दौरान टीम के कप्तान रहे कपिल ने 'पीटीआई वीडियो' से कहा उन्होंने कहा एकदिवसीय क्रिकेट को भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। मैं समझता हूं कि टी20 क्रिकेट रोमांचक है लेकिन खेल का आधार टेस्ट क्रिकेट है और हमें इसके साथ एकदिवसीय क्रिकेट में भी अधिक समय निवेश करना चाहिए।

### गुकेश की खिताब की उम्मीदें खत्म

**विक आन जी।** डी गुकेश ने हमवतन अरावंद चिदंबरम से ड्रॉ खेला जिससे टाटा स्टील मास्टर्स 2026 में इस मौजूदा विश्व चैम्पियन की खिताब की उम्मीदें खत्म हो गई। आर प्रज्ञानानंदा भी विंसेंट केमेर के खिलाफ जीत दर्ज नहीं कर सके। साल के पहले सुपर टूर्नामेंट में दो दौर ही बाकी हैं और उजबेकिस्तान के सिंदारोव तथा अब्दुसत्तोरोव सात सात अंक लेकर शीर्ष पर हैं। हाल ही में विश्व शतरंज कप जीतने वाले सिंदारोव ने अर्जुन एरिगेसी को हराया। गुकेश का सामना अब नीमैन और फिर केमेर से होगा।

### सैम करन ने टी20 हैट्रिक ली

**पल्लेकेले।** इंग्लैंड के ऑलराउंडर सैम करन अपने देश के दूसरे पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने टी 20 हैट्रिक ली है। इंग्लैंड ने शुक्रवार को पल्लेकेले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में तीन मैचों की सीरीज के पहले मैच में श्रीलंका को 11 रन (डीएलएस मेथड) से हराया। करन ने श्रीलंका के निचले क्रम को तहस-नहस कर दिया, उन्होंने लगातार गेंदों पर दासुन शनाका, महेश थीक्षाना और मथीशा पथिराना को आउट किया। इस तरह क्रिस जॉर्डन के टी20 इंटरनेशनल में यह उपलब्धि हासिल करने के बाद करन ऐसा करने वाले इंग्लैंड के दूसरे गेंदबाज बन गए हैं।



आस्ट्रेलियाई ओपन महिला एकल खिताब के साथ एलेना रिबाकिना व उपविजेता दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका।

# इतिहास रचने उतरेंगे जोकोविच और अल्काराज

मेलबर्न, एजेंसी

थकान और खुशी के पल में नोवाक जोकोविच ने भीड़ में मार्गरेट कोर्ट को पहचान लिया और उन्हें इतनी देर तक जागकर उन्हें अब तक के सबसे सफल टेनिस खिलाड़ी बनने से सिर्फ एक जीत दूर पहुंचते हुए देखने के लिए धन्यवाद दिया। रोड लेवर एरिना में 83 साल की कोर्ट दो बार के गत ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन यानिक सिनर पर जोकोविच की पांच सेट की जीत के दौरान वीआईपी दर्शकों के बीच मौजूद थीं। यह मुकाबला शनिवार सुबह डेढ़ बजे खत्म हुआ।

ये दोनों 24 ग्रैंड स्लैम एकल खिताब का सर्वकालिक रिकॉर्ड साझा करते हैं, लेकिन रविवार को यह बदल सकता है। सिनर पर जोकोविच की कड़ी जीत ने शीर्ष रैंकिंग वाले अल्काराज के खिलाफ खिताबी मुकाबला तय किया। स्पेन का 22 साल का यह खिलाड़ी करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाला सबसे कम उम्र का खिलाड़ी बनने की राह पर है। अल्काराज और सिनर मिलकर अब तक जोकोविच को 25वां ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने से रोकने में सफल रहे हैं। दोनों ने पिछले आठ ग्रैंडस्लैम खिताब बराबर संख्या में जीते हैं। सेमीफाइनल में जीत के बाद जोकोविच ने कोर्ट को धन्यवाद दिया।

### मर्टेन्स और झेंग, हैरिसन और स्कुप्स्की ने युगल खिताब जीता

मेलबर्न। एलिस मर्टेन्स ने शनिवार को चीन की झेंग शुआई के साथ मिलकर ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब जीतकर महिला युगल में नंबर एक रैंकिंग पर वापसी की जबकि अमेरिका के क्रिश्चियन हैरिसन और ब्रिटेन के नील स्कुप्स्की ने पुरुष युगल खिताब जीता। चार साल बाद एक टीम के तौर पर वापसी करने वाली मर्टेन्स और झेंग पहले सेट में 0-3 और 1-4 से पीछे थीं लेकिन उन्होंने वापसी करते हुए कजाखस्तान की एना डैनिलिना और सर्बिया की एलेक्जेंड्रा क्रूनिक को 7-6, 6-4 से हराया। पुरुष युगल के फाइनल में हैरिसन ने मैच प्वाइंट पर ऐस लगाकर स्कुप्स्की के साथ मिलकर ऑस्ट्रेलिया के जेसन कुबलर और मार्क पोलमैन्स की जोड़ी को 7-6, 6-4 से शिकस्त दी। कुबलर का अपने घरेलू ग्रैंडस्लैम फाइनल में उतरने से पहले जीत-हार का रिकॉर्ड 14-3 था।



यूएस के क्रिश्चियन हैरिसन और ब्रिटेन के नील स्कुप्स्की।

# भारत ने टी-20 सीरीज पर 4-1 से कब्जा किया

## न्यूजीलैंड को पांचवें व अंतिम मैच में 46 रनों से हराया

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

ईशान किशन के शानदार शतक के बाद अर्शदीप सिंह के पांच विकेट की बदौलत भारत ने न्यूजीलैंड को पांचवें और आखिरी टी20 मैच में 46 रनों से हरा दिया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 271 रन बनाए थे। जवाब में न्यजीलैंड की टीम 225 रनों पर सिमट गई।

भारतीय बल्लेबाज ईशान ने 43 गेंद में 103 रन बनाये जिसमें छह चौके और दस छक्के शामिल थे। यह टी20 प्रारूप में उनका पहला शतक है। वहीं कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 30 गेंद में चार चौकों और छह छक्कों की मदद से 63 रन की पारी खेली। दोनों ने करीब दस ओवर में 137 रन की साझेदारी की। इस श्रृंखला में लगातार पांचवीं बार नाकाम रहे सैमसन (छह) की टी20 विश्व कप की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। वह लॉकी फर्ग्युसन की गेंद पर आउट हुए। अभिषेक शर्मा (16 गेंद में 30 रन) ने शुरूआत तो अच्छी की लेकिन फर्ग्युसन की तेज रफ्तार गेंद पर विकेट गंवा बैठे। भारत का स्कोर पावरप्ले के बाद दो विकेट पर 54 रन था। इसके बाद सूर्यकुमार और ईशान ने मोर्चा संभाला। चोट के कारण चौथे टी20 से बाहर रहे ईशान ने मैदान के चारों ओर स्ट्रोक्स लगाये। उन्होंने फर्ग्युसन को एक्स्ट्रा कवर पर छक्का और चौका लगाकर दबाव बना दिया। ईशान ने ईश सोढी को चौका लगाकर अपना अर्धशतक 28 गेंदों में पूरा किया। वहीं टी20 क्रिकेट में तीन हजार रन पूरे करने वाले सूर्यकुमार ने जैकब डफी को छक्का लगाकर 26 गेंद में पचासा पूरा किया। ईशान ने भी टी20 क्रिकेट में एक हजार रन पूरे कर लिए। उन्होंने सोढी को 12वें ओवर में चार चौके और दो छक्के लगाकर 29 रन दिए। इस बीच सूर्यकुमार को बायें हाथ के स्पिनर मिचेल सेंटनर की गेंद पर टिम सीफर्ट ने स्टम्प आउट किया। ईशान ने 42 गेंदों में शतक पूरा किया।



विकेट लेने के बाद जश्न मनाते अक्षर पटेल व अर्शदीप सिंह। एजेंसी

103 रन
43 गेंद
6 चौके
10 छक्के

42 गेंदों पर शतक पूरा किया ईशान ने



ईशान किशन।

**भारत**

**271/5** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| अभिषेक शर्मा बो फर्ग्युसन | 30 |
| सैमसन का जैकब्स बो फर्ग्युसन | 06 |
| ईशान किशन का फिलिप्स बो डफी | 103 |
| सूर्यकुमार स्ट सीफर्ट बो सेंटनर | 63 |
| हार्दिक का जैकब्स बो जैमीसन | 42 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 08 |
| शिवम दुबे नाबाद | 07 |

गेंदबाजी :डफी 4-0-53-1, जैमीसन 4-0-59-1, फर्ग्युसन 4-0-41-2, सोढी 3-0-48-0, फिलिप्स 1-0-10-0, सेंटनर 4-0-60-1

# पाक से एशिया कप का बदला लेने उतरेगा भारत

बुलावायो, एजेंसी

अंडर-19 विश्व कप



पांच बार का चैंपियन भारत रविवार को यहां आईसीसी पुरुष अंडर-19 विश्व कप के सुपर सिक्स मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से एशिया कप फाइनल में मिली शर्मनाक हार का बदला लेने की कोशिश करेगा। भारत पिछले साल 21 दिसंबर को दुबई में हुए अंडर-19 एशिया कप फाइनल में पाकिस्तान से 191 रन से हार गया था जबकि 14 दिसंबर को उसने इसी टूर्नामेंट का ग्रुप मैच इस चिर प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाफ 90 रन से जीता था।

भारतीय अंडर-19 टीम ने अंडर-19 एशिया कप के फाइनल में पाकिस्तान के साथ मैच के बाद हाथ मिलाने से परहेज किया। उस टूर्नामेंट के ग्रुप चरण मैच के दौरान भी भारत ने ऐसा ही किया था। रविवार को आयुष म्हात्रे की कप्तानी वाली भारतीय टीम उस हार का बदला लेने के लिए बेताब होगी।

किसी भी मैच से पहले सचिन तेंदुलकर से वर्चुअल हौसलाअफजाई मिलना सपनों के सच होने जैसा होता है और भारतीय खिलाड़ियों को इस महान खिलाड़ी से कुछ कीमती सलाह मिली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने लिखा मौजूदा अंडर-19 विश्व कप में खेल रही भारत की अंडर-19 टीम ने विश्व क्रिकेट के महान खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर के साथ वर्चुअल बातचीत की। बीसीसीआई ने लिखा यह एक बहुत बहुमूल्य अनुभव था जिसमें अगली पीढ़ी को लगातार बदलते खेल में सफलता और लंबे समय तक बने रहने के लिए जरूरी चीजों के बारे में जानकारी और नजरिया मिला, जो सिर्फ तकनीकी कौशल और फिट रहने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि एकाग्रता, अनुशासन, विनम्रता और सफलता से जुड़े रहने की अहमियत भी है।

- सचिन तेंदुलकर ने वर्चुअल बातचीत कर बढ़ाया हौसला

अंडर-19 विश्व कप में अब तक भारत ने शानदार प्रदर्शन किया है। टीम ने अमेरिका पर छह विकेट की जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की और फिर ग्रुप चरण में बांग्लादेश और न्यूजीलैंड को हराया। पाकिस्तान के रूप में भारत का अगला मैच एक मजबूत विरोधी के खिलाफ होगा और एशिया कप फाइनल में बड़ी हार म्हात्रे की अगुआई वाली टीम को परेशान कर सकती है।



रणजी में विदर्भ के खिलाफ शॉट लगाते उत्तर प्रदेश के शिवम शर्मा। एजेंसी

# उत्तर प्रदेश को जीत के लिए छह विकेट की दरकार

नागपुर, एजेंसी

गत चैंपियन विदर्भ को रणजी ट्रॉफी नॉकआउट में जगह बनाने के लिए अपने मुख्य बल्लेबाज अमन मोखाडे से काफी उम्मीद हैं क्योंकि रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए मैच के आखिरी दिन उसे उत्तर प्रदेश के खिलाफ 110 रन और बनाने हैं जबकि उसके छह विकेट बाकी हैं।

उत्तर प्रदेश के 201 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए विदर्भ ने चार विकेट 91 रन रन बना लिए हैं। दोनों टीम ने पहली पारी में समान 237 रन बनाए थे जिसके बाद उत्तर प्रदेश की टीम ने दूसरी पारी में 200 रन बनाए। दिन का खेल खत्म होने तक मोखाडे छह चौकों की मदद से 50 रन बना चुके हैं। उन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी में भी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

उत्तर प्रदेश के लिए बांए हाथ के स्पिनर शिवम शर्मा तीन विकेट ले चुके हैं और टूटती हुई पिच पर अंतिम दिन 110 रन बनाना आसान नहीं होगा। अंक तालिका में शीर्ष पर चल रहा आंध्र प्रदेश पहली पारी में 170 रन की बड़ी बढ़त लेकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के करीब पहुंच गया है। टीम की नजरें सोविमा में अपने आखिरी ग्रुप मैच में नागालैंड के खिलाफ बोनस अंक हासिल करने पर हैं।नागालैंड के पहली पारी के 366 रन के जवाब में आंध्र ने अपनी पारी नौ विकेट पर 536 रन पर घोषित कर दी। चेंगलपेट राजन ज्ञानेश्वर (नाबाद 227) ने आंध्र के लिए दोहरा शतक जड़ा। उन्होंने केवी शशिकांत (60) के साथ छठे विकेट के लिए 142 रन और त्रिपुराना विजय (54) के साथ आठवें विकेट के लिए 119 रन जोड़े। नगालैंड ने दूसरी पारी में 85 रन तक चार विकेट गंवा दिए और उसे पारी की हार से बचने के लिए 85 रन और चाहिए।जमशेदपुर में पहली पारी में 19 रन से पिछड़ने के बाद झारखंड को नॉकआउट में क्वालीफाई करने के लिए आखिरी दिन ओडिशा को हराने की मुश्किल चुनौती का सामना करना है। तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक ओडिशा ने आठ विकेट पर 202 रन बना लिए हैं और उसकी कुल बढ़त 221 रन हो गई है। ओडिशा ने पहली पारी में 282 रन बनाए थे जिसके जवाब में झारखंड टीम 263 रन पर सिमट गई थी। सलेम में तमिलनाडु ने सलामी बल्लेबाज आर विमल कुमार के 182 रन की मदद से बड़ौदा के खिलाफ पहली पारी में बढ़त बनाई। बड़ौदा के पहली पारी के 375 रन के जवाब में तमिलनाडु ने तीसरे दिन का खेल सात विकेट पर 411 रन पर खत्म किया।




- मोखाडे के अर्धशतक से विदर्भ नॉकआउट की दौड़ में बरकरार

# मिलर को खेलने की मंजूरी मिली

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के सीनियर बल्लेबाज डेविड मिलर को टी20 विश्व कप खेलने के लिए मेडिकल मंजूरी मिल गई।

मिलर को एसए 20 के दौरान मांसपेशी में खिंचाव आ गया था। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने कहा वह दक्षिण अफ्रीका टीम के साथ मुंबई रवाना होंगे। सीएसए ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा बल्लेबाज डेविड मिलर को भारत और श्रीलंका में आईसीसी पुरूष टी20 विश्व कप 2026 खेलने के लिये मेडिकल मंजूरी मिल गई है।

गर्व की बात

जूनियर क्रिकेट के पुराने अच्छे दिनों को याद करते हुए बोले-वह देखते थे नीली जर्सी पहनने का सपना

# बुमराह के साथ खेलने वाले मोनांक कर रहे अमेरिका की अगुआई

नई दिल्ली, एजेंसी

टी-20 विश्व कप
6 दिन शेष



जब अमेरिका के कप्तान मोनांक पटेल डेढ़ दशक पहले गुजरात के एक शानदार अंडर-19 क्रिकेटर के तौर पर मशहूर वानखेड़े स्टेडियम के मैदान पर उतरे तो उनके साथ एक और तेजतर्रार तेज गेंदबाज था जिसका एक्शन बड़ा ही अनोखा था- जसप्रीत बुमराह। उस समय मोनांक को शायद ही पता था कि बुमराह आगे चलकर सभी प्रारूप में भारत के सबसे महान गेंदबाज बनेंगे। जूनियर क्रिकेट के पुराने अच्छे दिनों को याद करते हुए मोनांक को वे दिन याद आए जब वह भारत के लिए नीली जर्सी पहनने का सपना देखते थे।

भारत में होने वाले टी20 विश्व कप में खेलने की तैयारी कर रहे मोनांक ने पीटीआई को बताया हां, अक्षर (पटेल) और जसप्रीत (बुमराह) के साथ खेलने की मेरी बहुत अच्छी यादें हैं। मैंने गुजरात अंडर-19 का अपना पहला साल जसप्रीत के साथ खेला था और उससे पहले मैं अक्षर के साथ अंडर-16 खेला था। हम (बुमराह और वह) दो साल, दो सत्र तक साथ रहे। गुजरात टीम के लिए बहुत सारे मैच खेले। उन्हें याद है बुमराह तब भी बाकियों से बेहतर थे।

मोनांक ने याद करते हुए कहा हमने लाल और सफेद गेंद, दोनों तरह का क्रिकेट खेला और वह सच में बहुत खास समय था। यह मेरे क्रिकेट के सफर का शुरुआती दौर था और तब भी जिस तरह से हम खेल रहे थे, विशेषकर जिस तरह से जसप्रीत प्रदर्शन कर रहा था, हम जानते थे कि उसमें वह एक्स फैक्टर है और वह निश्चित रूप से कुछ बड़ा करेगा। लेकिन मोनांक के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का रास्ता आसान नहीं था। उन्होंने 2013 में जब हमेशा के लिए अमेरिका जाने का फैसला किया तो उन्होंने क्रिकेट छोड़ने के बारे में सोचा था जबकि उन्हें 2010 में ही ग्रीन कार्ड मिल गया था।

मैं अपना खुद का व्यवसाय शुरू करना चाहता था। लेकिन क्रिकेट अमेरिका में शीर्ष 10 खेल में भी नहीं है और मोनांक के लिए इससे पेशेवर तौर पर पूरी तरह से जुड़ना आसान फैसला नहीं था। उन्होंने कहा ''2018 में यह आसान नहीं था। हमारे लिए सिर्फ क्रिकेट खेलकर वित्तीय रूप से आगे बढ़ना आसान नहीं था। इसलिए जब हम 2018 या 2019 में खेलते थे तो पूरे साल हमारा कार्यक्रम व्यस्त नहीं होता था। लेकिन बाद में जैसे ही हमने अच्छा करना शुरू किया और हमें 2020 में एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय टीम का दर्जा मिला तो वित्तीय स्थिति और मौकों के हिसाब से भी सब कुछ बेहतर होता गया। इसलिए एक खिलाड़ी के तौर पर शुरुआती दो-तीन साल थोड़े मुश्किल थे लेकिन हम इससे बहुत अच्छे तरीके से निपटे। भारत और पाकिस्तान की टीम दोनों देशों के बीच कड़वाहट के बीच मोनांक पाकिस्तानी मूल के अली खान और शायन जहांगीर के साथ मैदान पर उतरते हैं तो उनका लक्ष्य सिर्फ अपने देश का प्रतिनिधित्व करना होता है।

### गुजरात से रणजी में मौका नहीं मिला तो चले गए अमेरिका

उन्होंने कहा मेरे पास 2010 से ग्रीन कार्ड था और मैंने 2013 के बाद फैसला किया कि मैं अमेरिका जाना चाहता हूं। मेरा परिवार पहले से ही वहां बसने की योजना बना रहा था। मोनांक ने कहा मैंने वहां एक-दो महीने रहने की कोशिश की और फिर भारत वापस आ गया और रणजी ट्रॉफी में गुजरात के लिए खेलने की आखिरी कोशिश करने के बाद। जब मुझे वह मौका नहीं मिला तो मैंने अमेरिका वापस जाने और हमेशा के लिए वहीं बसने का फैसला किया। मोनांक ने रेस्टोरेंट व्यवसाय की तरफ रुख किया लेकिन क्रिकेट से हमेशा उनका जुड़ाव रहा। उन्होंने कहा जब मैं अमेरिका गया तो मेरा विजन और लक्ष्य सिर्फ क्रिकेट खेलना नहीं था।

# दिल्ली को एलिमिनेटर में जगह बनाने से रोकने उतरेगा यूपी

वडोदरा, एजेंसी

कुछ शीर्ष बल्लेबाजों की खराब फॉर्म की समस्या से जूझ रही दिल्ली कैपिटल्स की टीम रविवार को यहां वुमेंस प्रीमियर लीग मैच के आखिरी लीग मैच में यूपी वारियर्स के खिलाफ जीत की तलाश में होगी। दिल्ली की जीत उन्हें सीधे गुजरात जाइंट्स के खिलाफ एलिमिनेटर में जगह दिला देगी। टीम ऐसी स्थिति में आठ अंक के साथ लीग में तीसरे स्थान पर रहेगी और गत चैंपियन मुंबई इंडियन्स की टीम बाहर हो जाएगी। दूसरी ओर निचले पायदान पर मौजूद यूपी वारियर्स की जीत मुंबई की टीम के लिए रास्ता खोल सकती है।

उस स्थिति में तीन टीम – मुंबई, दिल्ली कैपिटल्स और वारियर्स तीनों के समान छह अंक रहेंगे और नेट रन रेट (एनआरआर) तय करेगा कि फाइनल में जगह बनाने के लिए एलिमिनेटर में गुजरात जाइंट्स का सामना कौन सी टीम करेगी।इन तीन टीम में से माइनस 1.146 के साथ वारियर्स का नेट रन रेट सबसे खराब है। दिल्ली का माइनस 0.164 जबकि मुंबई का प्लस 0.059 है।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु तालिका में शीर्ष पर रहते हुए पहले ही सीधे फाइनल में जगह बना चुकी है।

महिला प्रीमियर लीग



यूपी की विकेट कीपर एमी जोन्स।

- आखिरी लीग मुकाबला आज शाम 7:30 बजे से

**यूपी वारियर्स :** मेग लैनिंग (कप्तान), हरलीन देओल, शिप्रा गिरी, एमी जोन्स, किरण नवगिरे, प्रतिका रावल, सिमरन शेख, गोंगाडी त्रिशा, डिएंड्रा डॉटिन, चार्ली नॉट, शिखा पांडे, श्वेता सहरावत, दीप्ति शर्मा, आशा शोभना, क्लो ट्रायोन, सोफी एकलेस्टोन, क्रांति गौड़, सुमन मीणा।

**दिल्ली कैपिटल्स :** जेमिमा रोड्रिग्स (कप्तान), तानिया भाटिया, चिनेल हेनरी, लिजेल ली, निकी प्रसाद, शेफाली वर्मा, लॉरा वोल्वार्ट, लूसी हैमिल्टन, मारिजेन कैप, एलेना किंग, स्नेह राणा, प्रगति सिंह, मीनू मणि, नंदिनी शर्मा, श्री चरणी और एडला श्रुजाना।